3 राजधानी
जी-20 बैठक से पहले दिल्ली को चमकाएं: एलजी

6 अभिमत
अफ़गानिस्तान में नया ग्रेट गेम

10 विदेश
भारतीय-अमेरिकी सांसद शीर्ष पदों पर नियुक्त

11 राष्ट्रीय
कई विस्फोटों में शामिल आतंकी गिरफ्तार



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 90
नई दिल्ली, शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com






मुझमें दबाव झेलने की क्षमता विकसित हुई
स्पोर्ट्स-12


# अडाणी पर संसद में विपक्ष का हंगामा

- बाधित रहे दोनों सदन, नारेबाजी और हंगामा, दो बजे के बाद सदन पूरे दिन के लिए स्थगित
- जेपीसी गठित करने या सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश से जांच कराने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** में बृहस्पतिवार को कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मामले सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी एवं हंगामा किया जिससे दोनों सदन एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिए गए।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आज दोपहर कई विपक्षी दलों के नेताओं की मौजूदगी में विजय चौक पर संवाददाताओं से बातचीत में अडाणी प्रकरण में आम लोगों तथा एलआईसी एवं एसबीआई के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने या उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश से जांच कराए जाने की मांग की। संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन लोकसभा की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत लगभग सभी विपक्षी दलों के सदस्य आसन के पास आकर नारेबाजी करने लगे। वे अडाणी समूह को लेकर आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर चर्चा कराने की और समूह की कारोबारी प्रक्रियाओं की जांच कराने की मांग कर रहे थे। हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से उनके स्थान पर जाने की अपील करते हुए बिरला ने प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया और कहा कि बिना तथ्यों के कोई बात नहीं की जानी चाहिए।

इस दौरान अध्यक्ष बिरला ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्य पूनम मदाम को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) से संबंधित पूरक प्रश्न पूछने को कहा, लेकिन हंगामे के बीच वह पूरक प्रश्न नहीं पूछ सकीं। अध्यक्ष बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा, प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। विधान मंडल अध्यक्षों के (हाल में हुए) सम्मेलन में चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया था कि प्रश्नकाल चलना चाहिए। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा, आप बुनियादी सवाल उठाएं। मैं आपको पर्याप्त समय दूंगा। आप सदन की मर्यादा नहीं रखना चाहते। बिना तथ्यों के कोई बात नहीं कीजिए। हंगामा नहीं थमने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। सदन की बैठक अपराह्न (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में विजय चौक पर संवाददाताओं से बातचीत करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

## आरबीआई ने बैंकों से अडाणी ग्रुप को दिए गए कर्ज का ब्योरा मांगा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऋणदाताओं यानी बैंकों से अडाणी समूह को दिए गए कर्ज का ब्योरा मांगा है। बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले शेयर की कीमतों में भारी गिरावट के बीच समूह की प्रमुख फर्म अडाणी एंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ रुपए के अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के वापस ले लिया गया था। स्विटजरलैंड के ऋणदाता क्रेडिट स्विस ने बुधवार को मार्जिन कर्ज देने के लिए अडाणी समूह की कंपनियों के बॉन्ड को गारंटी के रूप में स्वीकार करना बंद कर दिया था।

विविध क्षेत्रों में काम करने वाले समूह को पिछले एक हफ्ते से मुश्किल हालात का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शुरुआत अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के साथ हुई, जिसमें समूह के संचालन के बारे में कई आरोप लगाए हैं। अहमदाबाद मुख्यालय वाले समूह ने सभी आरोपों का खंडन किया है, लेकिन विश्लेषकों और निवेशकों को अपनी बात समझाने में विफल रहा है। बैंकिंग सूत्रों ने कहा कि बड़े ऋण संबंधी आंकड़ों की जानकारी के तहत आरबीआई नियमित रूप से बैंकों के बड़े कॉरपोरेट उधारकर्ताओं का ब्योरा लेता है। कई (शेष पेज 8)

# अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 26% टूटा

- दिन के कारोबार में 28.88% की गिरावट के साथ 1,513.90 रुपए तक गिरा, जो 52 सप्ताह का निचला स्तर है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अडाणी** समूह की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर बृहस्पतिवार को लगभग 26 प्रतिशत टूट गया। इसके एक दिन पहले, बुधवार को कंपनी ने अपने 20 हजार करोड़ रुपए के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को वापस लेने और निवेशकों का पैसा लौटाने की घोषणा की थी। हालांकि, कंपनी के एफपीओ को मंगलवार को पूर्ण अभिदान मिल गया था। बीएसई में कंपनी का शेयर 26.50 प्रतिशत टूटकर 1,564.70 रुपए पर आ गया।

दिन के कारोबार में यह 28.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,513.90 रुपए तक गिरा, जो 52 सप्ताह का निचला स्तर है। समूह की ज्यादातर अन्य कंपनियों का प्रदर्शन भी लगातार छठे दिन कमजोर रहा। अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 6.13 फीसदी की गिरावट आई, अडाणी ट्रांसमिशन में 10 फीसदी, अडाणी ग्रीन एनर्जी में 10 फीसदी, अडाणी टोटल गैस में 10 फीसदी, अडाणी विल्मर में पांच फीसदी, एनडीटीवी में 4.99 फीसदी और अडाणी पावर में 4.98 फीसदी की गिरावट आई। हालांकि अंबुजा सीमेंट्स के शेयर 5.33 फीसदी और एसीसी के 0.05 फीसदी चढ़े। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा था, असाधारण परिस्थितियों के मद्देनजर, कंपनी के निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि एफपीओ पर आगे बढ़ना नैतिक रूप से ठीक नहीं होगा। निवेशकों का (शेष पेज 8)



निवेशकों को संबोधित करते उद्योगपति गौतम अडाणी

## बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण एफपीओ वापस लिया: अडाणी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडाणी ने समूह की कंपनियों के शेयरों में जारी गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को पहली बार चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण उनके समूह की प्रमुख कंपनी के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को पूर्ण अभिदान मिलने के बाद भी उसे वापस लेने का फैसला किया गया। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में कारोबार कर रहे समूह पर गड़बड़ी और खाते में धोखाधड़ी के आरोप के बाद दोनों पक्षों के बीच सार्वजनिक तौर पर जारी वार-पलटवार के बीच पहली बार अडाणी ने बयान जारी किया। अडाणी ने वीडियो संदेश में निवेशकों से कहा कि अडाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ को पूर्ण अभिदान मिलने के बाद उसे वापस लेने के फैसले से कई लोगों को हैरानी हुई होगी। लेकिन कल (बुधवार) बाजार में आए उतार-चढ़ाव को देखते हुए निदेशक मंडल का मानना है कि एफपीओ को जारी रखना नैतिक रूप से सही नहीं होगा। कंपनी ने निवेशकों का पैसा वापस करने का निर्णय किया है।

# दिल्ली आबकारी घोटाला: अदालत ने ईडी के पूरक आरोपपत्र का लिया संज्ञान

- आरोपितों के खिलाफ समन जारी, सीएम केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट को बताया काल्पनिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राउज** एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय के पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। न्यायालय ने विनय बाबू, शरद रेड्डी, विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली और अमित अरोड़ा को नोटिस भेजा है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी को होगी। इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को दिल्ली शराब घोटाले में ईडी की चार्जशीट को 'काल्पनिक' बताया है।

साथ ही केंद्रीय जांच एजेंसी पर सरकारें गिराने के लिए इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया। आम आदमी पार्टी के संयोजक ने यह प्रतिक्रिया ईडी द्वारा चार्जशीट में दावा किए जाने के बाद आई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आप ने गोवा चुनाव अभियान के लिए दिल्ली शराब घोटाले से जुटाए गए धन का इस्तेमाल किया। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने आरोपी कंपनियों के प्रतिनिधियों ट्राइडेंट चेम्फर लिमिटेड, श्री अवंतिका कॉन्ट्रैक्टर्स (आई) प्राइवेट लिमिटेड, ऑर्गनोमिक्स इकोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, पर्नोड रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, केएसजेएम स्पिरिट्स एलएलपी, बडी रिटेल (टीआई) प्राइवेट लिमिटेड और पॉपुलर स्पिरिट्स प्राइवेट लिमिटेड को भी अगली तारीख को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा, इस अदालत की सुविचारित राय है कि इस पूरक शिकायत के जरिए मुकदमा चलाए जा रहे सभी 12 अभियुक्तों के खिलाफ मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त आधार और सामग्री है क्योंकि वे सभी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसमें लिप्त पाए गए हैं।

दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने अपने विशेष लोक अभियोजक एन. के. मट्टा के माध्यम से आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम भी सामने आया था। हालांकि, ईडी ने मामले में आरोपी के रूप में सिसोदिया का नाम नहीं लिया और न्यायाधीश को बताया कि इस मामले में आगे की जांच चल रही है। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को लागू करने में अनियमितताओं के आरोपों के बाद अब इसे रद्द किया जा चुका है।

# समान नागरिक संहिता पर कोई फैसला नहीं: रिजिजू

- केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा, 22वां विधि आयोग कर सकता है विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद में बताया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सरकार ने साथ यह भी कहा कि 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता से संबंधित मामले पर विचार कर सकता है।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने भारत के 21वें विधि आयोग से अनुरोध किया था कि समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न विषयों का परीक्षण करें और उस पर अपना सुझाव दें। रिजिजू ने कहा कि लेकिन 21वें विधि आयोग की अवधि 31 अगस्त 2018 को समाप्त हो गई।

उन्होंने कहा कि विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समान नागरिक संहिता से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा अपने विचार के लिए लिया जा सकेगा। अतः समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ज्ञात हो कि समान नागरिक संहिता भारतीय जनता पार्टी का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा रहा है। उत्तराखंड और गुजरात जैसे भाजपा शासित कुछ राज्यों ने इस लागू करने की दिशा में कदम उठाया है।

# केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन जेल से रिहा हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केरल** के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन को जमानत के लिए अदालत में बंध पत्र (श्योरिटी) पेश करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया कि कप्पन को जेल से रिहा कर दिया गया है। यहां विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत में बुधवार को एक-एक लाख रुपए के दो बंध पत्र दाखिल किए गए। लखनऊ जिला जेल के जेलर राजेंद्र सिंह ने बताया कि कप्पन को बृहस्पतिवार की सुबह करीब सवा नौ बजे जेल से रिहा किया गया। जेल से बाहर निकलने के बाद कप्पन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहाकि मैं 28 महीने बाद जेल से बाहर आया हूं। मैं काफी संघर्ष के बाद बाहर आया हूं। मैं खुश हूं, मीडिया का बहुत समर्थन मिला। यह पूछे जाने पर कि वह वहां (हाथरस) क्यों गए थे, कप्पन ने कहा कि वह वहां रिपोर्टिंग करने गए थे। अपने साथ वालों (शेष पेज 8)

# नफरती भाषणों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही: सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके आदेशों के बावजूद नफरत फैलाने वाले भाषणों पर कोई कार्वाई नहीं कर रहा। इसने कहा कि अगर शीर्ष अदालत को ऐसे बयानों पर रोक लगाने के वास्ते आगे निर्देश देने के लिए कहा गया तो उसे बार-बार शर्मिंदा होना पड़ेगा।

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने कड़ी टिप्पणियां तब कीं, जब मुंबई में हिंदू जन आक्रोश मोर्चा द्वारा पांच फरवरी को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई का उल्लेख किया गया। पीठ शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हुई, जो प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की ओर से प्रशासनिक पक्ष पर निर्देश और अनुमोदन के अधीन होगी। इसने कहा, आप हमें एक आदेश लेकर बार-बार शर्मिंदा होने के लिए कहते हैं। हमने बहुत सारे आदेश पारित किए हैं फिर भी कोई कार्वाई नहीं कर रहा। उच्चतम न्यायालय को घटना दर घटना के आधार पर आदेश पारित करने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। यह टिप्पणी एक वकील द्वारा यह कहे जाने के बाद आई कि मुंबई रैली के खिलाफ तत्काल सुनवाई की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इसी तरह की एक रैली का आयोजन किया गया था जिसमें 10,000 लोगों ने भाग लिया और इसमें कथित रूप से आर्थिक एवं सामाजिक तौर पर मुस्लिम समुदाय का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया। वकील के बार-बार आग्रह करने पर अदालत ने उन्हें आवेदन की एक प्रति महाराष्ट्र सरकार के वकील को देने को कहा। पीठ ने कहा कि राज्य को एक प्रति दें, हम इसे प्रधान न्यायाधीश के आदेश के अधीन कल सूचीबद्ध करेंगे। केवल यह मामला, न कि सभी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 21 अक्टूबर को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को नफरत फैलाने वाले भाषणों पर (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,932 | ↑ 224 |
| निफ्टी | 17,610 | ↑ 05 |
| सोना | 58,680 | ↑ 770 /10g |
| चांदी | 71,666 | ↑ 1491 /kg |

## क्विक न्यूज

### सर्वोच्च न्यायालय के लिए पांच न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी मिलने की संभावना

**नई दिल्ली।** सरकार शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए अनुशंसित उच्च न्यायालयों के तीन मुख्य न्यायाधीशों और दो न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी दे सकती है। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने पिछले साल 13 दिसंबर को न्यायमूर्ति पंकज मिथल, मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट, न्यायमूर्ति संजय करोल, मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार, मुख्य न्यायाधीश, मणिपुर उच्च न्यायालय, पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के नाम की सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप मे पदोन्नति की सिफारिश की।

# नेपाल से पवित्र शिलाएं अयोध्या पहुंची

- विशेष पूजा अर्चना के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को की गई भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

**अयोध्या** में बन रहे श्रीराम मंदिर में स्थापित होने वाली भगवान राम की मूर्ति को तराशने में इस्तेमाल होने वाली नेपाल की गंडकी नदी से विशेष पवित्र शिलाएं (चट्टान) अयोध्या पहुंचीं।

गुरुवार को श्रीरामनगरी में सरयू के तट पर एक आस्था का प्रवाह प्रवाहित हो उठा, जब रामसेवक पुरम में नेपाल के काली गंडकी नदी से लाई गई शिला को नेपाल स्थित प्राचीन मिथिला की राजधानी जनकपुर के जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास और नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय को समर्पण पत्र के माध्यम से भेंट किया। इससे पूर्व शिला का 51 वैदिक आचार्यों ने विधि विधान से पूजन किया। जिसमें मुख्य रूप से (शेष पेज 8)



अयोध्या में नेपाल से लाई गई शिला का पूजन करते श्रद्धालु

## राम जन्मभूमि स्थल को बम से उड़ाने की धमकी

**अयोध्या।** अयोध्या में बृहस्पतिवार को राम जन्मभूमि स्थल को बम विस्फोट करके उड़ाने की कथित धमकी दिए जाने के बाद हड़कम्प मच गया। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि रामकोट इलाके में स्थित रामलला सदन मंदिर में रहने वाले मनोज नामक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि आज तड़के उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। सिंह के अनुसार मनोज (शेष पेज 8)

# सूरजकुंड मेला आज से, उत्तर पूर्वी क्षेत्र होंगे थीम स्टेट

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ फरीबादाद में करेंगे 36वें शिल्प मेला का उद्घाटन
- शंघाई सहयोग संगठन है मेला पार्टनर नेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विश्व** प्रसिद्ध हरियाणा के फरीदाबाद में 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2023 का आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है। मेला का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे और इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत कई प्रमुख मंत्री मौजूद रहेंगे।

इस बार सूरजकुंड मेला पार्टनर नेशन के रूप में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और थीम स्टेट के रूप में भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र की भागीदारी होगी। जिसके कारण मेले में उत्तर पूर्व प्रदेशों के संस्कृति, लोक नृत्य और खान पान खास आकर्षण के केंद्र होंगे। अनुमान है कि मेले में 45 देशों के कलाकार भाग लेंगे। केंद्रीय पर्यटन सचिव अरविंद सिंह ने बृहस्पतिवार को सूरजकुंड मेला परिसर की बड़ी चौपाल पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तीन फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2023 एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ इतिहास रचने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस मेले का 36वां संस्करण दुनिया भर से और पूरे भारत से अभूतपूर्व भागीदारी का गवाह बनेगा जिसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा शुक्रवार को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पर्यटन मंत्री कंवर पाल, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा आदि मौजूद रहेंगे। केंद्रीय सचिव ने बताया कि सूरजकुंड शिल्प मेला 1987 में पहली बार हस्तशिल्प, हथकरघा और भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था। सिंह ने कहा कि यह शिल्प मेला भारत भर के हजारों शिल्पकारों को अपनी कला और उत्पादों को व्यापक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने में मदद करता (शेष पेज 8)



फाइल फोटो

# युवक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की आत्महत्या करने का वीडियो, पुलिस ने बचाई जान

● लखनऊ पुलिस मुख्यालय ने तत्काल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए नोएडा पुलिस को किया था सतर्क



पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश पुलिस की तत्परता के कारण एक युवक की जान बच गई और परिवार उजड़ने से बच गया। मंगलवार रात युवक ने इंस्टाग्राम पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का वीडियो प्रसारित किया था।

लखनऊ पुलिस मुख्यालय ने तत्काल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को लोकेशन के साथ अवगत कराया।

विजयनगर थाना प्रभारी अनीता चौहान मौके पर पहुंची और युवक की काउंसिलिंग की। युवक ने बताया कि उसका व्यवसाय में 90 हजार रुपये का नुकसान हो गया था। इसके चलते वह डिप्रेशन में यह कदम उठाने जा रहा था।

काउंसलिंग के बाद युवक ने भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने युवक को स्वजन के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार रात विजयनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने पंखे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का वीडियो इंस्टाग्राम पर प्रसारित किया गया।

इस वीडियो के संबंध में फेसबुक ने पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर को रात करीब 10 बजे ई-मेल के माध्यम से अलर्ट दिया गया। पुलिस ने तत्काल युवक की लोकेशन की जानकारी कर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को सूचना दी।

विजयनगर थाना प्रभारी अनीता चौहान तत्काल लोकेशन पर पहुंची तो युवक फंदा तैयार कर गले में डालकर बैठा हुआ था। उन्होंने युवक को फांसी लगाने से रोका। उन्होंने युवक की काउंसलिंग कर उसकी समस्या के बारे में जाना। युवक ने बताया कि उसका कारोबार में 90 हजार रुपये का नुकसान हो गया। इसके चलते वह काफी परेशान था। इसके चलते उसने यह कदम उठाया।

इसके चलते उसने वीडियो अपलोड करने की बात बोलकर भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन पुलिस को दिया। इसके बाद पुलिस युवक को थाने लेकर आई और उसकी काफी देर तक काउंसिलिंग की। बाद में पुलिस ने युवक को स्वजन के सुपुर्द कर दिया।

एसीपी कोतवाली अंशु जैन ने बताया कि पीड़ित युवक प्रताप विहार का अभय शुक्ला है। वह मोबाइल की दुकान चलाता है।

पिछले कुछ समय में उसके कारोबार में घाटा आ गया था। इससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। उसकी काउंसलिंग कर समझाया गया है। उसने भविष्य में इस प्रकार की गलती न करने की बात कही है।

## बच्चे के लिफ्ट में फंसने पर उपमुख्यमंत्री ने निदेशक से मांगी रिपोर्ट

**नोएडा।** सेक्टर-30 स्थित बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान चाइल्ड पीजीआई के आवासीय परिसर की लिफ्ट में दस वर्षीय बच्चे के 45 मिनट तक फंसने की घटना प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है।

संस्थान के निदेशक से तीन दिन के अंतर घटना की जांच रिपोर्ट मांगी है। इस बात की जानकारी उपमुख्यमंत्री ने स्वयं अपने ट्विटर हैंडल पर दी है। ललित शर्मा ने प्रबंधन को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को पुत्र लिफ्ट के अचानक खराब होने से उसमें 45 मिनट फंसा रहा था। जब लिफ्ट खुली तो बच्चा घबराकर बाहर निकला।

स्वास्थ्यकर्मियों का आरोप है कि आवासीय परिसर में आए दिन लिफ्ट खराब रहती है। लिफ्ट खराब होने के संबंध में पूर्व में कई बार शिकायत की जा चुकी है। शिकायत के बावजूद प्रबंधन ने कोई सख्त कदम नहीं उठाया।

# बीमा पॉलिसी नवीनीकरण का लालच दे लाखों की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

● फर्जी खाते में पैसा करा लेते थे ट्रांसफर

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-63 पुलिस ने इंश्योरेंस पॉलिसी को कम रूपए में रिन्यूबल कराने का लालच देकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गैंग के 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इन बदमाशों ने हजारो लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि सेक्टर-63 के ए. ब्लॉक में कुछ लोग दफ्तर खोल कर फर्जी आईडी की मोबाइल फोन सीम के माध्यम से लोगों को फोन करके इंश्योरेंस पॉलिसी को कम रुपए मे रिन्युअल कराने का लालच देकर व बंद पड़ी पालिसी को दोबारा शुरू कराने के लिए फर्जी बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करा कर, लाखों की धोखाधड़ी कर रहे थे।



इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम लालच देने वाले तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

उन्होंने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने छापामारी कर वहां से इमरान, जितेंद्र अग्रवाल और रोहित सैनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, प्रिंटर, एटीएम कार्ड, डायरी, रजिस्टर, मोहरे चेक बुक आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों ने हजारो लोगों के साथ लाखों रुपए की ठगी करने की बात स्वीकार की है।

## संक्षिप्त समाचार



ऐप के जरिये लोगों को गांजा सप्लाई करने पर पुलिस गिरफ्त में।

### किसानों ने किया सड़क जाम का प्रयास, सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन असली ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए सीबीआई कट के पास हापुड रोड पर जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस के हस्तक्षेप के चलते किसान सडक जाम नहीं कर सके। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों को अपने चुनावी घोषणापत्र में नलकूप की बिजली मुफ्त देने का वायदा किया था, जिसे सरकार भूल गई। अब किसानों के नलकूपों पर इलेक्ट्रिक मीटर लगाए जा रहे हैं। यह किसानों के साथ धोखा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों ने कहा कि आज वह खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। किसानों ने प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, सचिन चौधरी, दीपक चौधरी, अजय चौधरी, जगबीर सिंह, लोकेश राघव, शिवम कौशिक, नरेंद्र शर्मा, राजू चौधरी, गुड्डु चौधरी, अरविंद कौशिक आदि शामिल रहे।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा इलाके के सूरजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सूरजपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मरने वाले की पहचान ओमप्रकाश (45) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि कस्बा सूरजपुर के पास अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस बीच पुलिस ने बताया कि थाना फेस- 3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गोल चक्कर के पास तीन पहले हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार सुब्रतो मुखर्जी की उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों मामले की जांच की जा रही है।




# पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी ने थानों को किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने थाना बादलपुर का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, थाना हवालात, थाना मेस, थाना बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया और साफ-सफाई, डाटा फीडिंग और अभिलेखों के रखरखाव को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

बादलपुर थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी और हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर और थाना बैरक की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने और लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुरूप नीलामी करने हेतु निर्देशित दिया गया।

हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को पीड़ित की अविलंब सहायता करने, प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करने व सभी शिकायतों का अविलंब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने, महिलाओं का फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया।




वर्ल्ड वेटलैंड डे ( विश्व आर्द्रभूमि दिवस ) के अवसर पर नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह और गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी सुहाष एलवाई द्वारा नदियों, झीलों, तालाबों एवं दलदली भूमि के महत्व और संरक्षण को पहचानने के लिए वैश्विक जागरूकता का संदेश दिया गया।

## गाजियाबाद में युवक से 30 लाख की मांगी रंगदारी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक व्यक्ति को फोन करके 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रकम का इंतजाम न होने पर बेटे को गोली मारने की धमकी मिली है।

पुलिस ने पीड़ित की सुरक्षा के लिए एक गनर उपलब्ध करा दिया है। लिंक रोड थाना क्षेत्र में कड़कड़ मॉडल में राजेश राघव रहते हैं। पहले वो डिस्पोजल कप प्लेट का काम करते थेए लेकिन कोरोना लॉकडाउन में ये धंधा छूट गया। तब से वे मामूली नौकरी करके परिवार का गुजारा करते हैं। राजेश राघव ने बताया उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा. तू राजेश राघव बोल रहा है। यदि तू चाहता है कि तेरा बेटा जिंदा रहे तो 30 लाख का बंदोबस्त चार दिन के अंदर कर ले।

# आग बुझाते समय फटा फायर सिलेंडर

● हादसे में तीन लोग हुए घायल

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक रबर कंपनी में हादसा हो गया। जहां कंपनी की एक मशीन में आग लग गई और उस आग को बुझाने के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर का सिलेंडर फट गया।

सिलेंडर फटने के दौरान इसकी चपेट में 3 लोग आ गए और तीनों लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को आनन-फानन में ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना बीटा 2 क्षेत्र के अंतर्गत साइट 4 में रबर लिमिटेड कम्पनी है।



जिसमे फैन बेल्ट व वी बेल्ट बनाने का काम होता है, आज सुबह कंपनी में काम करते समय एक मशीन में घर्षण के बाद आग लग गई। मशीन में लगी आग को बुझाने के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर का सिलेंडर फट गया, जिससे दुर्घटना हो गई। इन दौरान मौके पर मौजूद तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल ले जाया गया।

जितेन्द्र पांडे निवासी रोहतास बिहार, गंगाराम निवासी मथुरा व इंद्रजीत निवासी प्रयागराज घायल हुए। जिन्हें उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है, तीनों का उपचार चल रहा है। एडिशनल डीसीपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 3 लोग घायल हुए हैं लेकिन तीनों ही खतरे से बाहर हैं।

# टायलेट-पार्क में गंदगी मिलने पर एक-एक लाख की पेनाल्टी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में प्राधिकरण के निर्माणाधीन दफ्तर के सामने की रोड पर गंदगी देख सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए फर्म पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। वहां से सीईओ ग्रेटर नोएडा के गामा टू पहुंची।

इस सेक्टर के एच ब्लॉक में बने पार्क की खराब हालत देख सीईओ रितु माहेश्वरी ने ठेकेदार राजा कंस्ट्रक्शन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट की करने के निर्देश दिया। उद्यान विभाग को भी कड़ी चेतावनी दी। सीईओ वहां से 60 मीटर रोड होते हुए सूरजपुर तिराहे पर बने शौचालय का निरीक्षण करने रुकी। शौचालय की गंदगी देख कड़ी नाराजगी जाहिर की।

शौचालयों का रखरखाव व संचालन कर रही एजेंसी वाणी एडवरटाइजिंग पर भी एक लाख की पेनल्टी लगाई। सीईओ ने सूरजपुर के पास 60 मीटर रोड के किनारे अवैध रूप से बन रही दुकानों की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


## भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डोलोर रेमेडीज़ प्राइवेट लिमिटेड/ झुमा चौधरी/ 084305000298 | फ्लैट नंबर 654, पॉकेट 13 एलआईजी डीडीए, फ्लैट्स मंगला पुरी बस स्टैंड, द्वारका, नई दिल्ली-110075/ जनवरी 30, 2023 | 30-09-2021 रु. 73,18,045/- | दिल्ली, गुड़गाँव, उत्तर 24 परगना (कोलकाता) |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : फरवरी 03, 2023**
**स्थान : दिल्ली और गुड़गाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## पशुपति एक्रिलॉन लिमिटेड

Pasupati Acrylon Ltd.

CIN : L50102UP1982PLC015532

पंजीकृत कार्यालय : काशीपुर रोड, ठाकुरद्वारा, जिला मोरादाबाद (उ. प्र.)
कॉरपोरेट कार्यालय : एम-14, कनॉट सर्कस (मिडिल सर्कल)
नई दिल्ली-110 001, फोन नं. : 91-11-47627400, फैक्स नं. : 91-11-47627497
E-mail : delhi@pasupatiacrylon.com, Website : www.pasupatiacrylon.com

Quality Assured Company ISO-9001

(रू. करोड़ों में)

**31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (समीक्षित) का विवरण**

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त (अपरीक्षित) | | | नौ माह समाप्त (अपरीक्षित) | | वर्ष समाप्त (परीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 समीक्षित | 30.09.2022 समीक्षित | 31.12.2021 समीक्षित | 31.12.2022 समीक्षित | 31.12.2021 समीक्षित | 31.03.2022 परीक्षित |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | **194.64** | **208.41** | **206.60** | **655.51** | **508.46** | **784.27** |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण या/और असाधारण मदों से पहले) | 14.24 | 5.77 | 15.12 | 34.70 | 56.04 | 61.83 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण या/और असाधारण मदों के बाद) | 14.24 | 5.77 | 15.12 | 34.70 | 56.04 | 61.83 |
| 4. | अवधि हेतु कर के बाद शुद्ध लाभ (असाधारण या/और असाधारण मदों के बाद) | 10.52 | 4.32 | 10.93 | 25.77 | 41.35 | 45.89 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय {अवधि हेतु लाभ (कर के बाद) शामिल एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद)} | 10.57 | 4.35 | 10.94 | 25.91 | 41.58 | 46.05 |
| 6. | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति) | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 |
| 7. | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | - | 190.38 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रू. 10/- प्रति) | | | | | | |
| | मूल : | 1.18 | 0.48 | 1.23 | 2.89 | 4.64 | 5.15 |
| | तरल : | 1.18 | 0.48 | 1.23 | 2.89 | 4.64 | 5.15 |

**नोट :** उपरोक्त विवरण सेबी {सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ} विनियमन 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का सम्मपूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेबसाईट (www.pasupatiacrylon.com) और बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

कृते पशुपति एक्रिलॉन लिमिटेड
(हस्ता./-) विनीत जैन
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02 फरवरी, 2023


# सड़क सुरक्षा माहः यातायात नियमों को लेकर स्कूली बच्चों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सड़क सुरक्षा माह को लेकर नोएडा ट्रैफिक पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूली छात्रों व आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही लगातार पुलिस के द्वारा गलत तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नागरिकों व छात्र, छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर 5 जनवरी से शुरू सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 1 फरवरी तक यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सेल द्वारा वाहन चालकों एवं विभिन्न स्कूल के बच्चों एवं स्टाफ व पैदल व्यक्तियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए गोष्ठी, कार्यशाला इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान अभी तक लगभग 17905 छात्र.छात्राएं, वाहन चालकों, व्यक्तियों आदि को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई है।



यातायात नियमों को लेकर बच्चों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

# नोएडा के स्काईवॉक की डिजाइन जल्द बनाने के निर्देश

● ग्रेनो वेस्ट व ग्रेटर नोएडा का हाल जानने पहुंची सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट का हाल जानने के लिए प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी गुरुवार को सड़कों पर घूमीं। सीईओ ग्रेटर नोएडा वेस्ट के व्यस्ततम चौराहा चार मूर्ति चौक पर अंडरपास और स्काईवॉक की डिजाइन तैयार कराकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने और ग्रेनो वेस्ट में प्राधिकरण के नए दफ्तर का कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

इससे यहां के निवासियों को बड़ी सुविधा शीघ्र मिल सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के दौरे की शुरुआत बृहस्पतिवार सुबह चार मूर्ति चौक से हुई। उनके निरीक्षण के दौरान एसीईओ प्रेरणा शर्मा और एसीईओ अमनदीप डुली समेत सिविल, उद्यान,



जल-सीवर व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का पूरा अमला शामिल रहा। सीईओ ने चार मूर्ति गोलचक्कर पर प्रस्तावित अंडरपास के बारे में जानकारी ली।

तीन माह में इसकी डिजाइन फाइनल कर टेंडर निकालने और काम शुरू कराने के निर्देश दिए। यह अंडरपास 60 मीटर के पैरलल बनेगा। गाजियाबाद की तरफ से आने वाले वाहन इस अंडरपास से गुजरेंगे। इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाखों निवासियों को बड़ी राहत मिल जाएगी। इस अंडरपास को बनाने में करीब 60 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। काम शुरू होने के बाद पूरा होने में लगभग दो साल लगेंगे। सीईओ ने इसी चौराहे पर बेतरतीब खड़े ऑटो को ट्रैफिक पुलिस की मदद से व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। इसके बाद ऋतु माहेश्वरी टेकजोन फोर में बन रहे प्राधिकरण के नए दफ्तर का जायजा लेने पहुंची।

ऑफिस बिल्डिंग व आसपास के एरिया को विकसित करने में देरी पर नाराजगी जताई। इसका निर्माण कार्य तीन माह में पूरा कराने को कहा है। इस दफ्तर को बनाने में करीब सवा दो करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। सीईओ ने 60 मीटर रोड पर स्थित डी पार्क को भी देखा। इस पार्क में अब तक हुए कार्यों पर संतोष जताते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जी-20 बैठक से पहले दिल्ली को चमकाएं: उपराज्यपाल

## कहा-एक मार्च से शुरू होने वाली बैठक से पहले सड़कों से अनाधिकृत कब्जे हटाना, डार्क स्पॉट, कचरा प्रबंधन, ट्रैफिक जाम, सौंदर्यीकरण आदि काम अधिकारी जल्द करें पूरा

## एलजी ने दिल्ली के मंत्रियों व 26 विभागों के अफसरों के साथ उच्चस्तरीय बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर हर स्तर पर तैयारियां जोरशोर से हो रही है। एक और दो मार्च से शुरू होने वाले इस मेगा इवेंट को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बृहस्पतिवार को मंत्रियों और 26 विभागों की उच्चस्तरीय बैठक की।

इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत अन्य मंत्रियों को भी शामिल होना था लेकिन वह पहले से पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के चलते इस बैठक में शिरकत नहीं कर पाए। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी को दीर्घ कालीन योजना को ध्यान में रखते हुए विकसित करें।

इस मौके का इस्तेमाल शहर के सौंदर्यीकरण के साथ इसके मूलभूत बुनयादी ढ़ांचे को दुरुस्त करें ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

एलजी ने अधिकारियों को टूटी सड़कों को चमकाने, अधूरे निर्माण कार्यों में तेजी लाने, लटकते तारों को ठीक करना, फुटपाथों का सौंदर्यीकरण और सड़कों से अवैध कब्जा हटाने, शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए कचरा प्रबंधन, जल भराव, यातायात जाम व डार्क स्पॉट खत्म करने पर जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों को सभी विभाग से समन्वय स्थापित कर मिलकर कार्य करने को कहा। इस बैठक में 26 विभागों में से 24 ने अपनी कार्य योजना पेश की जबकि रेलवे और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग अपनी कार्य योजना के साथ नहीं पहुंचे थे। उन्हें अगले सप्ताह इसे प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उपराज्यपाल को बताया कि अधिकांश कार्य पीडब्ल्यूडी, जीएनसीटीडी, एमसीडी और रेलवे के कार्यक्षेत्र में था और सरकारी भूमि, सड़कों पर अनाधिकृत और अवैध कब्जे के कारण इसमें बाधा आ रही थी। एलजी ने अधिकारियों को जोर देकर कहा कि कानून आवश्यक पुनर्वास और पुनर्वास, सहायता प्रदान किए बिना किसी के खिलाफ सख्ती और अमानवीय तरीके से हटाया नहीं जाना चाहिए। हालांकि, पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए जिम्मेदार एजेंसी डीयूएसआईबी द्वारा यह जानकारी दी गई कि इस संबंध में भूमि-मालिक एजेंसियों के समन्वय से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और स्थानांतरण नोटिस और आवश्यक वैकल्पिक स्थान और सुविधाएं मुहैया कराने के बाद ही होगा।

बैठक में इस बात पर सहमति हुई कि अनधिकृत कब्जे हटाने का कार्य तुरंत किया जाए जबकि डीयूएसआईबी स्थानांतरित करने और पुनर्वास के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करेगा। एमसीडी को कूड़ा निस्तारण का सख्ती से पालन करने और साफ-सफाई लंबे समय सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा फुटपाथ और पैदल यात्री सबवे पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और आईएसबीटी पर यात्रियों को परेशानी मुक्त और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भी निर्णय लिया गया।

उबर चालकों को प्रशिक्षण दिया गया और उनके भुगतान पोर्टल को अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के माध्यम से डेबिट के अनुकूल बनाया गया, क्योंकि अधिकांश आगंतुकों के पास उबर ऐप्स तक पहुंच है और क्रेडिट कार्ड का उपयोग करें। इसी तरह, आवारा कुत्तों, मवेशियों, बंदरों और कबूतरों से निपटने के लिए संबंधित एजेंसियों द्वारा विशेष अभियान चलाने को कहा गया। इस मेगा शिखर सम्मेलन से पहले विंटेज कार रैली, साइक्लोथॉन, इलेक्ट्रिक कार रैली, जी-20 गोल्फ टूर्नामेंट और जी-20 फिल्म फेस्टिवल जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की भी योजना बनाई गई है।

# शिक्षकों को फिनलैंड भेजने पर अड़ी सरकार

- सिसोदिया का आरोप, एलजी के दखल से सरकार शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए नहीं भेज पा रही



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने पर अड़े है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के दखल की वजह से दिल्ली सरकार शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड नहीं भेज पा रही है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) कानून में किए गए संशोधन से एलजी को दिल्ली सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करने की शक्ति मिल गई है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह एलजी से कहना चाहते है कि वह सरकार के कामकाज में दखल देने के लिए जीएनसीटीडी कानून में संशोधन का इस्तेमाल नहीं करें। जब दूसरे राज्यों के शिक्षा मंत्री अपने शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेज सकते हैं तो दिल्ली के शिक्षा मंत्री को भी यही अधिकार होना चाहिए। इससे पहले दिन में, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि राज्य सरकार के 36 स्कूलों के शिक्षक एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए चार फरवरी को सिंगापुर के लिए रवाना होंगे।

पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार है। दिल्ली सरकार ने जीएनसीटीडी संशोधन कानून को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

# डीटीसी बस सबवे क्रॉसिंग से टकराई

- चालक समेत तीन गंभीर रूप से घायल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम की एक बस पश्चिम दिल्ली में एक कार को टक्कर मारने के बाद सबवे क्रॉसिंग से जा टकरा गई। इस दुर्घटना में तीन लोग जख्मी हुए हैं।

घायलों की पहचान बस के चालक, परिचालक और उसमें तैनात मार्शल को मामूली चोटें आई हैं। उन्हें रंजीत नगर के मेट्रो अस्पताल ले जाया गया है जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसर, कार में सवार दो लोग सुरक्षित हैं जो गुरुग्राम से नारायणा औद्योगिक क्षेत्र जा रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि एक बस एक कार को बचान की कोशिश में एक सबवे से टकरा गई है।

पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने कहा बस में मौजूद चालक, परिचालक और मार्शल समेत तीन लोग जख्मी हुए हैं और कार में सवार दोनों लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। बस चालक जख्मी है और उसका एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उसकी स्थिति स्थिर होने पर उसे घटना के संबंध में गिरफ्तार किया जाएगा। भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और इसके तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे ने मृत पिता का अंगदान कर बचाई चार जिंदगियां

- हृदय, लीवर, गुर्दा का प्रत्यारोपण, कार्निया आई बैंक में रखा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय चिकित्सा संस्थान (एम्स) में ब्रेन डेड घोषित किए गए 50 वर्षीय एक व्यक्ति के परिवार ने अंग दान कर चार मरीजों को नया जीवन दिया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार बिजेंदर शर्मा के अंगों को राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोट्टो) के माध्यम से मरीजों को दान किया गया। बयान में कहा गया है कि शर्मा का दिल फोर्टिस एस्कॉर्ट्स में एक मरीज में प्रतिरोपित किया गया, जबकि उनका लीवर आईएलबीएस अस्पताल में प्रतिरोपित किया गया। उनके गुर्दे दिल्ली के एम्स और सेना अस्पताल (अनुसंधान और रेफरल) में दो रोगियों में प्रत्यारोपित किए गए। उनके कॉर्निया को एम्स में नेशनल आई बैंक में रखा गया है।

एम्स के बयान में कहा गया कि फर्नीचर डिजाइनर शर्मा 30 जनवरी को काम से घर लौटते समय सड़क हादसे के शिकार हो गए।

# गेमिंग एप से धोखाधड़ी करने वाले तीन गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से सात फोन, 8 डेबिट, क्रेडिट कोर्ड, 2 लैपटॉप और 8 सिम कार्ड बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऑनलाइन गेम से सावधान हो जाए। फर्जी वेबसाइट पर स्नूकर, पोकर और क्रिकेट के नाम पर यूं लग रहा चूनस। साइबर पुलिस स्टेशन के एक सब इंस्पेक्टर स्विगी डिलीवरी बॉय बनकर इन ठगों के ठिकाने पर पहुंचे थे। ऐसा इसलिए ताकि वे पकड़े जाने की भनक लगने पर केस से जुड़े किसी सबूत को नहीं मिटा दें।

दिल्ली पुलिस ने तीन ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है जो ऑनलाइन गेम के नाम पर लोगों को ठगते थे। आरोपी गेम खेलने वालों से रुपये ऐंठ लेते थे। पुलिस ने आरोपियों की पहचान श्रीयांश चंद्राकर, आयुष देवांगन और यश गणवीर के रूप में हुई है। तीनों रायपुर, छत्तीसगढ़ और बेंगलुरु से काम कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक आरोपी नकली गेमिंग वेबसाइट पर स्नूकर, कैसीनो, क्रिकेट, पोकर और तीन पत्ती जैसे ऑनलाइन खेल पर दांव लगाने का लालच देकर लोगों को ठग रहे थे। इन वेबसाइट की प्रामाणिकता सिद्ध करने और खेलने वालों का विश्वास हासिल करने के लिए शुरुआत में पीड़ितों को छोटी राशि का भुगतान करते थे। उन्होंने बताया कि जीतने पर राशि हालांकि वर्चुअल ई-वॉलेट में जमा हो जाती थी जिसका भुगतान कभी नहीं किया जाता था।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि साइबर पुलिस थाने के एक दारोगा ने डिलीवरी बॉय का भेष बदलकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया और आरोपियों को साक्ष्य और संपत्ति को नष्ट करने से रोका। पुलिस ने एक प्रमुख आईटी कंपनी के एक कर्मचारी की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू की थी। जिससे ऑनलाइन गेम के नाम पर 1,49,000 रुपए की ठगी की गई थी। घोटाले पर विस्तार से जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि पीड़ितों को खेल वेबसाइटों पर पंजीकरण कराने और गेम खेलने के लिए सिक्के खरीदने के लिए पैसे जमा करने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया, धोखाधड़ी की गई राशि को विभिन्न बैंकों के खातों में स्थानांतरित कर दिया पुलिस ने जब संदिग्धों के कॉल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया, तो पाया कि उनके ठिकाने दुर्ग, भिलाई और रायपुर से बेंगलुरु और दिल्ली में बदलते रहते हैं। श्रीयांश चंद्राकर ने खुलासा किया कि वह आईएचएम, बेंगलुरु से होटल प्रबंधन का कोर्स करने के लिए बेंगलुरु गया था, जहां उसकी मुलाकात राज से हुई।

## संक्षिप्त समाचार



शताब्दी समारोह के अवसर पर गार्गी कॉलेज के प्रोफेसर व अन्य।

### गार्गी कॉलेज में शताब्दी समारोह पर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के अवसर पर, गार्गी कॉलेज में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर प्रकाश सिंह (निदेशक, साउथ कैंपस), प्रोफेसर अमित के सिंह (गार्गी कॉलेज) और प्रो. अजय कुमार सिंह (प्रमुख एवं डीन, वाणिज्य एवं व्यवसाय संकाय) ने अपने विचार रखे। स्वागत भाषण गार्गी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. संगीता भाटिया ने कैंपस में सेंटर ऑफ वेलबीइंग खोलने की घोषणा के संबंध में प्रकाश डाला। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रो. योगेश सिंह (कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने वीडियो संदेश से संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो. अमित कुमार सिंह,प्रो. एसपी सिंह, प्रो. नमिता रंगनाथन, डॉ. गीता सिद्धार्थ का विशेष योगदान रहा।

### अमर नाथ सहगल के जन्मशती पर प्रदर्शनी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मूर्ति शिल्पकार पद्मभूषण अमर नाथ सहगल के जन्मशती वर्ष पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने परिवार (अमर नाथ सहगल प्राइवेट कलेक्शन) के साथ मिलकर एक प्रदर्शनी 'ए लाइफ इन ब्लैक एंड व्हाइट- अमरनाथ सहगल' का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. विमान बी. दास (अध्यक्ष, ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसाइटी) ने किया। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, राजन सहगल और प्रो. ऋचा कंबोज भी उपस्थित थीं। यह प्रदर्शनी 16 फरवरी तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के दर्शनम् गैलरी में जारी रहेगी। इस प्रदर्शनी की क्यूरेटर मंदिरा रो हैं। इसके अलावा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने 'प्रस्तुति आखर' कार्यक्रम के तहत डॉ. अंजलि कपिला की किताब 'अ रिवर सिंग्स: द गंगा फ्रॉम गंगोत्री टू हरिद्वार' के पाठ औरचर्चा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की निदेशक (प्रशासन) डॉ. प्रियंका मिश्रा ने अपने अनुभव साझा किए।

### बजट की कमी से बढ़ेंगे बालश्रम-दुर्व्यहार के मामले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्रालय के बाल कल्याण बजट में कमी से बालश्रम और बाल दुर्व्यहार के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। यह चिंता 'बचपन बचाओ आंदोलन' ने जाहिर किया है। संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट में श्रम मंत्रालय के बच्चों के कल्याण के लिए बजट आवंटन में की गई कमी पर चिंता जाहिर की है। पिछले साल की तुलना में इस साल श्रम मंत्रालय के के इस मद में 33 प्रतिशत की कटौती की गई है। इस कमी के कारण यूनाईटेड नेशन के सतत् विकास लक्ष्य(एसडीजी-2025) तक 'चाइल्ड लेबर फ्री वर्ल्ड' को हासिल करने के प्रयासों को धक्का लग सकता है। श्रम मंत्रालय के बजट में हुई इस कमी से बाल श्रम और चाइल्ड ट्रैफिकिंग में इजाफा हो सकता है। यह लगातार तीसरा साल है जब श्रम मंत्रालय के बच्चों के कल्याण के बजट में कमी की गई है। साल 2021-22 में यह बजट 120 करोड़ रुपए था, साल 2022-23 में इसे 30 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

# डीयू फीस माफी योजना के लिए 1,700 आवेदन

- वार्षिक चार लाख रुपये से कम आय वाले छात्र 100 फीसदी छूट के पात्र होंगे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की फीस माफी योजना के वास्ते करीब 1,700 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय आवेदनों की जांच करेगा और उन छात्रों की अंतिम सूची जारी करेगा, जो वित्तीय सहायता योजना (एफएसएस) के लाभार्थी बनेंगे। योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी।

अधिकारी ने कहा कि फीस माफी योजना के लिए अब तक हमें करीब 1,700 आवेदन मिले हैं। सरकार के सबका साथ, सबका विकास आदर्श वाक्य की भावना को ध्यान में रखते हुए, विश्वविद्यालय ने पिछले साल नवंबर में इस योजना की घोषणा की थी।

अधिकारी के मुताबिक, चार लाख रुपए (वार्षिक) से कम पारिवारिक आय वाले छात्र 100 फीसदी तक की छूट के पात्र होंगे, जबकि चार लाख से आठ लाख रुपए की पारिवारिक आय वाले छात्र 50 फीसदी छूट के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीयू ने योजना के लिए आवेदन करने वाले छात्रों से तहसीलदार या समकक्ष सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पिछले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक पारिवारिक आय प्रमाण पत्र, माता-पिता के आयकर रिटर्न की प्रतियां और शुल्क रसीदों की प्रतियां जमा करने के लिए कहा था।

इसके अलावा, छात्र का नाम, खाता संख्या, बैंक का आईएफसी कोड और उपयुक्त स्थान पर चिपकाई गई तस्वीर और बैंक पासबुक की एक प्रति भी मांगी गई थी।

# प्लास्ट इंडिया मेले से मध्य दिल्ली में लगा जाम

- रिंग रोड, निजामुद्दीन पुल, बारापूला, सराय काले खां, अक्षरधाम और यमुना पुल, आईटीओ पर लगा जाम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में जारी प्लास्ट इंडिया मेले की वजह से मध्य दिल्ली के कई इलाकों में भारी जाम लग गया। रिंग रोड और निजामुद्दीन पुल के साथ-साथ बारापूला, सराय काले खां, अक्षरधाम और यमुना पुल से लेकर आईटीओ तक भारी यातायात जाम लगा गया।

आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती ने ट्वीट कर कहा, प्रगति मैदान के मुख्य द्वार के बाहर पूरी तरह से अव्यवस्था और भीषण जाम है। प्लास्ट इंडिया मेला चल रहा है। दिल्ली यातायात पुलिस को टैग किया।

एक शख्स विजय नारायण को लक्ष्मी नगर से बस से संसद मार्ग स्थित अपने दफ्तर पहुंचने में आधे घंटे का समय लगा। उन्होंने कहा, विकास मार्ग पर भी भारी यातायात जाम था। मुझे बस से आईटीओ होते हुए दफ्तर पहुंचने में आम तौर पर 15 मिनट लगते हैं, लेकिन आज गाड़ी कछुए की चाल चल रही थी।

अन्य व्यक्ति रितिन सरकार ने कहा कि उन्हें मोटरसाइकिल से कनॉट प्लेस स्थित कार्यालय पहुंचने में 45 मिनट लगते हैं, लेकिन वह अक्षरधाम के पास करीब 20 मिनट जाम में फंसे रहे।

### आश्रम फ्लाई ओवर विस्तार का कार्य फरवरी के अंत में होगा पूरा

**नई दिल्ली।** आश्रम और उसके आस-पास के इलाके जल्द ही जाममुक्त हो जाएंगे। यहां चल रहा आश्रम फ्लाई ओवर का विस्तार कार्य इस माह पूरा हो जाएगा।

इसके बनने से आश्रम चौक और डीएनडी के बीच की 3 रेड लाइट कम हो जाएँगी जिससे वाहनों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इसका निरीक्षण कर निर्माण कार्यों के प्रगति की जाँच की व इंजीनियरों को समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सिसोदिया ने कहा कि व्यस्त सड़क के बीचों-बीच फ्लाईओवर बनाना बेहद मुश्किल काम था लेकिन हमारे पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं ने इसे संभव कर दिखाया। कार्य इस माह पूरा कर जनता को समर्पित करेंगे।

# छात्रों की प्रतिभा निखारने को खोल रहे स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल

## इन स्कूलों की 4400 सीटों पर दाखिला के लिए आए 96 हजार आवेदन, इतने आईआईटी-मेडिकल के लिए भी नहीं आते : मुख्यमंत्री




स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का उद्घाटन करते सीएम अरविंद केजरीवाल व साथ डिप्टी सिसोदिया। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए अलग-अलग स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस बना रही है। इस स्कूल में इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई होगी। इन स्कूलों की 4400 सीटों पर दाखिला के लिए 96 हजार आवेदन आए हैं।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को जनकपुरी स्थित डेसू कॉलोनी में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। इस स्कूल में इसी वर्ष से छात्र दाखिला ले सकेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस दिल्ली में एक नई सोच के साथ शुरू किया गया है, जहां विशेष विषय पर पढाई होगी। भगवान ने हर बच्चे में कुछ न कुछ विशेष बनाया है। कोई गतिण, रसायन विभाग तो कोई खेलकूद में अच्छा होता है।

अलग-अलग बच्चों की प्रतिभा को उभारने के लिए अलग-अलग सब्जेक्ट के ऊपर स्पेशलाइज्ड स्कूल बनाए जा रहे हैं। इस स्कूल में इंजीनियरिंग, मेडिकल, ह्यूमैनिटीज और 21वीं सदी की हाई इंड स्कील्स (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईईटी, कम्प्यूटर) की पढ़ाई होगी।

इन क्षेत्रों में जिन बच्चों की रूचि है, वो बच्चे यहां पर दाखिला ले सकते हैं। इन स्कूलों में 9वीं में दाखिला होगा। यहां 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं की कक्षाएं चलेंगी।

### दिल्ली में जल्द हो जाएंगे 44 एसओएसई

सरकार की योजना 2022-23 में 13 डॉ. बी आर अम्बेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (एसओएसई) के लिए पांच नए स्कूल भवन बनाकर समर्पित करने की है। यह उन 31 एसओएसई के अतिरिक्त है। पहले से चल रहे 31 एसओएसई में लगभग 5500 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इनके बन जाने के बाद दिल्ली में 36 बिल्डिंग 44 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस हो जाएंगे जहां करीब 10 हजार छात्र दाखिला ले सकेंगे।

### 'अब हवा उल्टी बहने लगी है सरकारी स्कूल, प्राइवेट से अच्छे'



*अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस स्कूल में आकर बहुत अच्छा लगा। स्कूल बहुत ही शानदार है। उन्हें नहीं लगता है कि भारत के इतिहास में इससे पहले इतना शानदार सरकारी स्कूल देश में कहीं भी बनाया गया हो। दिल्ली में जिस तरह से सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हो रहा है, वह पूरे देश के लिए एक बेंच मार्क बनता जा रहा है। पूरे देश में धीरे-धीरे हवा ये बहने लगी थी कि सरकारी स्कूल तो सरकार चला नहीं सकती है, सरकारी स्कूल बेकार हैं। सरकारी स्कूलों को प्राइवेट को दे देने चाहिए। दिल्ली में जब आप की सरकार बनी थी, तब भी ऐसी ही बातें होती थीं। लेकिन अब ये हवा पूरी तरह से उल्टी बहने लगी है कि सरकारी स्कूल, प्राइवेट से ज्यादा अच्छे हैं।*

# विदेशी मेहमान देखेंगे हरियाणवीं संस्कृति, चखेंगे हरियाणवीं व्यंजन



तावडू स्थित हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का दौरा करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव

**गुरूग्राम में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत उपायुक्त ने किया हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का दौरा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**गुरूग्राम** में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत बृहस्पतिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने तावडू स्थित ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने हेरिटेज म्यूजियम में प्रदर्शित ईसा पूर्व से लेकर वर्तमान यातायात व्यवस्था में शामिल विभिन्न वाहनों का अवलोकन करने के साथ म्यूजियम की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतर्गत 1 से 3 मार्च तक गुरूग्राम में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक होनी प्रस्तावित है। इसके लिए होटल लीला का चयन किया गया है। इस बैठक के दौरान प्रतिदिन शाम को तथा इसके बाद 4 मार्च को जी-20 वर्किंग ग्रुप के सदस्य शैक्षणिक भ्रमण पर रहेंगे। राज्य सरकार का प्रयास है कि विश्व के विभिन्न हिस्सों से पधारने वाले अतिथियों को हरियाणा की कला व सांस्कृतिक विरासत से परिचय करवाने के साथ साथ उन्हें प्रदेश में स्थित ऐतिहासिक धरोहरों से भी रूबरू करवाया जाए ताकि वे यहां से हरियाणा प्रदेश के बारे में एक अच्छी छवि लेकर अपने देशों को जाएं। इसी कड़ी में दर्शनीय स्थलों का भी भ्रमण करवाया जा रहा है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का दौरा करने बाद मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि विदेशी मेहमानों को भ्रमण की दृष्टि से गुरूग्राम के सेक्टर-29 स्थित कैमरा म्युजियम व सुल्तानपुर गांव में स्थित पक्षी अभ्यारण्य का विकल्प दिया जा सकता है। इसी क्रम में अब संभवत: तावडू बिलासपुर रोड स्थित हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम को भी भ्रमण की सूची में रखा जा सकता है। ईसा पूर्व से लेकर आधुनिक युग की यातायात व्यवस्था के इतिहास को समेटे यह अनूठा म्यूजियम काफी रोचक जानकारियों से परिपूर्ण है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विदेशी मेहमानों के समक्ष इन स्थानों का संक्षिप्त विवरण रखते हुए उन्हें इनमें से किसी भी या सभी में भ्रमण के लिए न्यौता दिया जाएगा, बाकि उन मेहमानों की रूचि और समय की उपलब्धता पर निर्भर करेगा कि वे कहाँ जाना चाहेंगे।

# श्रीराम कथा सुनने का मौका मिलना सबके लिए सौभाग्य की बात : विधायक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



लेजर वैली पार्क में भूमि पूजन व झंडा आरोहन कार्यक्रम के दौरान विधायक सुधीर सिंगला व अन्य अतिथि।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने आगामी नौ फरवरी से होने वाली श्रीराम कथा के निमित्त बृहस्पतिवार को लेजर वैली पार्क में भूमि पूजन व झंडा आरोहण कार्यक्रम में शिरकत की। मालूम हो कि 9 से 15 फरवरी तक जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द महाराज के मुखबिंदार से श्रीराम कथा सुनने का अवसर गुरुग्रामवासियों को मिलेगा।

बृहस्पतिवार को भूमि पूजन में आयोजन के संरक्षक पवन जिंदल (प्रांत संचालक-हरियाणा) और कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र लाहौरिया भी आशीर्वाद देने पहुंचे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि कार्यक्रम बहुत ही भव्य व दिव्य होगा। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में कथा को सुनने आएं और अन्य लोगों को भी इस सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम से जोड़ें, क्योंकि श्रीराम कथा माता पिता का सम्मान, भाई भाई का प्रेम तथा बुराई से अच्छाई की ओर जाने की सीख देती है। हमे जीवन में अच्छी व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। श्रीराम कथा सुनने का मौका मिलना हम सबके लिए सौभाग्य की बात हैं। हमें जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए, जिससे हमें वे शुभाशीष दें तथा और अधिक अच्छा करने की प्रेरणा मिले। विधायक सिंगला के साथ हरीश, संजीव, रामअवतार गर्ग बिट्टू,अनिल यादव सरपंच, पार्षद सुभाष सिंगला, अनिल आरती यादव, मनीष वजीराबाद, अमित गोयल, कमल तलवार, प्रवीण शर्मा, अमित लाहोरिया, कर्मवीर यादव, सुनील नंबरदार,मोहन गुप्ता, विक्रम गुप्ता, धीरज रावलवासिया, कृष्णा सिंगला, संजय जैन, कुलदीप भूषण, प्रेम प्रकाश गुप्ता, कृष्ण गोरखपुरिया, गुरूप्रकाश गुप्ता, रामबिलास गोयल, विनोद मित्तल, संजीव अग्रवाल, मनोज गर्ग, सुभाष जैन, हनुमान गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अशोक गोयल, कुसुम जी, एस पी गुप्ता, एडवोकेट सतेदर गोयल, पंकज सिंगला , सुरेंद्र गहलोत सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे ।

# नगर निगम ने अवैध वेयर हाउस को किया जमींदोज





जहाजगढ़ रोड़ पर वेयरहाउस को तोड़ती नगर निगम की टीम।

**गुरूग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगातार अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को भी जहाजगढ़ रोड़ पर अनाधिकृत रूप से बनाए गए एक वेयर हाऊसनुमा बिल्डिंग पर नगर निगम का पीला पंजा चला और पूरे भवन का ध्वस्त कर दिया। निगम के सहायक अभियंता प्रेमसिंह के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता अमन की टीम जेसीबी व पुलिस बल लेकर जहाजगढ क्षेत्र में पहुंची। यहां पर टीम ने अनाधिकृत रूप से एक वेयर हाऊसनुमा बिल्डिंग का निर्माण किया गया था उसे जेसीबी की मदद से उसे जमींदोज कर दिया। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### इनेलो प्रमुख चौधरी ओमप्रकाश चौटाला पहुंचे रोहताश खटाना के घर



**सोहना।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ओमप्रकाश चौटाला पार्टी के जिला अध्यक्षत रोहताश खटाना के निवासी गांव लोहटकी में पहुंचे। बुधवार को रोहताश खटाना की बेटी की शादी और बेटा का लगन आने का कार्यक्रम था। ओमप्रकाश चौटाला ने बेटी शिखा और खटाना के पुत्र को शुभा आशीर्वाद दिया। इस दौरान इनेलों के क्षेत्रीय व जिला स्तरीय नेताओं ने भी चौधरी ओमप्रकाश चौटाला से मुलाकात की। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला करीब आधा घंटा शादी समारोह में शामिल रहे। इस दौरान उनसे मुलाकात करने वालों का तांता लगा रहा। लेकिन चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने किसी भी प्रकार की राजनीति की बातें नहीं कीं। सामाजिक दायरे में रहते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते रहे।

### देसी तमंचे-कारतूस समेत दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने कुलदीप निवासी गांव बुखारपुर और पवन उर्फ मोनी निवासी गांव मुजेडी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों को समयपुर चुंगी के पास से पकड़ा। दोनों के पास एक-एक तमंचा और कारतूस बरादम हुए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि यह कट्टे वह उत्तर प्रदेश के बुलन्द शहर में रहने वाले मुस्तफा नाम के व्यक्ति से 2500-2500 रुपये में खरीद कर लाए थे। आरोपी पवन पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण के केस चल रहे हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया, तमंचा बेचने वाले मुस्तफा की तलाश की जा रही है।

### बटनदार चाकू, तीन बाइक के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने आकाश (19) निवासी भाटी कॉलोनी सेक्टर 86 को बटनदार चाकू के साथ पकड़ा। जाट चौक सेक्टर 65-86 के पास से पकड़े गए आकाश ने बताया कि वह मूल रुप से उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के गांव नगंला रेवती का रहने वाला है। उसने थाना पल्ला, आदर्श नगर और मैट्रो में वाहन चोरी की तीन वारदात अंजाम दे रखी हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन बाइक भी बरामद कीं। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### गुरुग्राम में भव्य होगी संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती



**गुरूग्राम।** संत शिरोमणि रविदास जयंती की तैयारियों को लेकर निगम पार्षद, जिला पार्षदों, मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गुरु कमल पर संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद साधु संतों एवं महापुरुषों के सम्मान में निरंतर कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी जाति या वर्ग विशेष से संबंध नहीं रखते बल्कि उनकी विचारधारा समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होती है। संतो महापुरुषों की जयंती समाज को जोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को महापुरुषों के जयंती में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि संत रविदास जयंती कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ व एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, हरियाणा सरकार में मंत्री डॉ बनवारीलाल, कार्यक्रम के संयोजक पटौदी से विधायक सत्यप्रकाश जरावता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, झज्जर जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। गुरुवार को हुई बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा , जिला महामंत्री मनीष गाडोली, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, स्थानीय निकाय के प्रदेश संयोजक अनिल यादव, पार्षद कुलदीप यादव, योगेंद्र सरवान, राकेश यादव, वीरेंद्र राज, नीरज यादव, महेश दायमा, अनिल यादव, सुभाष सिंगला, रविंदर यादव, मंगतराम बागड़ी, राकेश फाजिलपुर, सीमा पाहुजा, कपिल दुआ, ब्रह्म यादव, अनूप सिंह, धर्मवीर सिंह, महेश यादव,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्ण स्वामी, मुकेश जैलदार, अजीत यादव, कृष्ण गुर्जर, नीरज यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले छह मनचले दबोचे गए

**फरीदाबाद।** सार्वजकि जगहों पर खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले छह मनचलों को दुर्गा शक्ति टीम ने दबोच लिया। परिजनों के मिन्नतें करने और दोबारा ऐसी हरकत नहीं करने की जमानत पर पुलिस ने मनचलों को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि शहर में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नागरिकों के साथ छात्र-छात्राओं को जागरूक करने और महिलाओं से छेड़खानी करने वाले मनचलों को काबू करने के लिए ऑपरेशन मजनू चलाया गया।

# आम बजट : किसी ने सराहा तो किसी ने उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



हरिश नंदा।



सतबीर पहलवान।



सरोज।

**केन्द्र** सरकार के 2023 के बजट को जहां विपक्षी दल के नेताओं ने चुनावी बताया वहीं मध्यमवर्गीय नागरिकों ने मिलाजुला करार दिया। महिलाओं ने बजट को रसोई पर भारी बताया।

केन्द्र की भाजपा सरकार ने वर्ष 2023 के आम बजट को ऊर्जा, किसान और मध्यमवर्गी के लिए विशेष बजट करार दिया है। लेकिन विरोध दल के नेताओं ने भाजपा के बजट को चुनाव में लुभाने वाला बताया। विपक्षी दल के नेताओं का कहना है कि एकमात्र टैक्स में छूट देकर मध्यम वर्ग को लुभाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने फ्री अनाज की योजना को बजट में शामिल करके मानवता से खिलवाड़ बताया है। महिलाओं ने रसोई में उपयोग होने वाला गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई कमी न करना, रसोई में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कस्टम ड्यूटी में बढ़ोत्तरी को आर्थिक बोझ करार दिया। समाजसेवी व नगर परिषद वार्ड 16 के पार्षद हरीश नन्दा ने बजट की तरीफ करते हुए टैक्स में दी गई छुट को सराहा। लघु उद्योग को बढ़ावा देने की योजना को छोटे उद्यमियों के लिए बेहतर बताया। कांग्रेस किसान सेल के जिला अध्यक्ष सतबीर पहलवान ने आम बजट को गरीब से लेकर किसान, मध्यम वर्ग का विरोधी बताया है। केन्द्र सरकार पर कच्चे तेल में गिरते दाम के बावजूद पेट्रोल व डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की गई। जिससे गरीब नागरिक से लेकर किसान की जेब पर बोझ बढ़ेगा। किसान के लिए एमएसपी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। कृषि यंत्रों पर भी किसी तरह की छूट नहीं दी गई। बजट पूंजीपतियों के हित में बताया। घरेलू महिला सरोज का कहना है कि मध्यमवर्गी परिवार आज बढ़ती मंहगाई के कारण आर्थिक बोझ के नीचे दब रहा है।

# नप नवनियुक चेयरपर्सन अंजू देवी ने जिला भाजपा अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना नगर परि-नवजयाद चेयरपर्सन अंजू देवी भाजपा जिला गार्गी कंकड से मुलाकात करते हुए।

**नगर** परिषद की नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी ने भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की। गार्गी कक्कड़ ने अंजू देवी को अपना शुभाशीर्वाद देते हुए जनकल्याणकारी कार्य करने की नसीहत दी।

सोहना नगर परिषद की चेयरपर्सन अंजू देवी ने पद संभालने के बाद बुधवार को पहली बार भाजपा पार्टी जिला अध्यक्षा गार्गी कक्कड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर अंजू देवी के पति पति लेखराज और सोहना मंडल अध्यक्षत गौरव चुघ भी मौजूद थे।

मुलाकात के बाद अंजू देवी ने बताया कि गार्गी कक्कड़ ने उन्हे अपना आशीर्वाद देते हुए पार्टी की नीतियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होने कहा कि सभी वार्ड में एक सामान कार्य करते हुए जनसमस्याओं को प्राथमिकता से निपटान करें। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने तथा कार्य करने को कहा। विकास के कार्यो में किसी प्रकार की कोताही न आने देने, शहर में जलभराव, साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा है। परिषद की चेयरपर्सन ने जिला अध्यक्ष को जनहित में कार्य करने का भरोसा दिया।

# टैक्सी चालक के शव का डॉक्टरों के बोर्ड ने किया पोस्टमार्टम

**सोहना।** टैक्सी चालक जीतराम के शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के बोर्ड से कराया गया। स्थानीय नागरिक अस्पताल के पीछे खाली प्लाट की झाड़ियों में बुधवार को जखोपुर निवासी जीतराम (45) का शव मिला था। पत्नी रुपवती ने हत्या किए जाने का शक जताते हुए शव का पोस्टमार्टम बोर्ड से पुलिस को अपनी शिकायत में शव का बोर्ड के द्वारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। बृहस्पतिवार को दो डॉक्टरों के बोर्ड ने जीतराम के शव का पोस्टमार्टम किया। मौत के कारण स्पष्ट न होने पर बोर्ड ने विशेष जांच के लिए विसरा सुरक्षित कर लिया। पुलिस के अनुसार मधुवन लैब से विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही जीतराम की मृत्यु के सही कारणों का पता चलेगा।

# क्षेत्रवासियों के विरोध के चलते नागरिक अस्पताल में एमडीआर वार्ड पर लगी रोक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> विभाग की तरफ से एमडीआर टीबी वार्ड को लेकर किसी प्रकार की सूचना मुझे अभी तक नहीं मिली है। न ही मुझे वार्ड स्थापित नहीं करने की जानकारी है।
>
> **डॉ. दशराथ एसएमओ नागरिक अस्पताल**

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल में बुधवार को प्रस्तावित मल्टी ड्रग रजिस्टेंस (एमडीआर) टीबी वार्ड का उद्घाटन न हो सका।

जिसे क्षेत्रवासी द्वारा 23 जनवरी को किया गया विरोध का असर मान रहे हैं। स्थानीय नागरिक अस्पताल में बुधवार को खुलने वाले एमडीआर टीबी वार्ड की योजना पर स्वास्थ्य विभाग ने रोक लगा दी है। एमडीआर (टीबी वार्ड) खुलने से पहले स्थानीय नागरिकों ने इसका विरोध करते हुए अपनी ताकत दिखाई थी। जानकार सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने इस विरोध से पूर्व एमडीआर टीबी वार्ड स्थगित कर दिया है। नागरिक अस्पताल में एमडीआर टीबी के इलाज के लिए आठ बेड का वार्ड बनाने की तैयारियां शुरु कर दी गई थीं लेकिन क्षेत्रवासियों ने 23 जनवरी को इसका विरोध करते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा था। जिसमें एमडीआर वार्ड न खुलने देने के लिए कड़ा विरोध करने की चेतावनी दी गई थी।

# आईएएपीआई एक्सपो 2023: अम्यूजमेंट, लीजर, एंटरटेनमेंट और अलाइड सेक्टरों के लिए भारत की सबसे बड़ी प्रदर्शनी मार्च 2023 में लगेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**आईएएपीआई** एक्सपो 2023 भारत के अम्यूजमेंट, लीजर और एंटरटेनमेट इंडस्ट्री की विशेष व्यापारिक प्रदर्शनी के 21वें संस्करण का आयोजन इस साल मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में होगा। 1 से 3 मार्च 2023 तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में इस इंडस्ट्री से जुड़ी सभी प्रमुख भारतीय कंपनियों और ब्रैंड्स को विभिन्न वर्गों के सामने अपने नए प्रॉडक्ट्स, ऑफर और तकनीक के प्रदर्शन का मौका मिलेगा। प्रदर्शनी को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत सरकार का सहयोग प्राप्त है जबकि उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं मध्य प्रदेश पर्यटन एक्सपो के पार्टनर स्टेट हैं।

राजीव जलनापुरकर, चेयरमैन आईएएपीआई ने बताया कि हमारी संस्थान भारत में अम्यूजमेंट इंडस्ट्री के विकास को तेजी देने एवं इसे सहयोग करने में अहम भूमिका निभाती है। हमारा मिशन उद्योग अग्रणी संसाधन मुहैया कराना, एक सहयोगी समुदाय को बढ़ावा देना, और नवाचार का प्रचार करना है। गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित मनोरंजन अनुभवों की लगातार हो रही बढ़ोतरी के साथ, भारत में अम्यूजमेंट इंडस्ट्री के भविष्य में अपार संभावनाएं हैं। आईएएपीआई की यह प्रदर्शनी विभिन्न कारोबारों, जैसे कि अम्यूजमेंट और थीम पार्क, वॉटर पार्क और आईएसी ऑपरेटर, आर्किटेक्ट, रिसॉर्ट्स, होटल श्रृंखला, सरकारी अधिकारी, रियल स्टेट और मॉल डेवलपर, नगर निकाय और स्थानीय अधिकारी, सलाहकार, म्यूजियम, साइंस सेंटर, ऐतिहासिक और पर्यटन संबंधी आकर्षणों के मुद्दों पर निर्णय करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारी से जुड़े प्रोफेशनल्स को आकर्षित करेगी। यह ट्रेडशो नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका सहित भारतीय उपमहाद्वीप के उद्योग पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करता है। प्रदर्शनी में बुल्गारिया, कनाडा, चीन, जर्मनी, हांगकांग, भारत, इटली, लिचेंस्टेन, सिंगापुर, ताईवान, नीदरलैंड, यूएई, यूनाइटेड किंगडम, यूएसए आदि 14 देशों के 135 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज एक ही छत के नीचे होंगे। व्यापारिक लेनदेन के अलावा इंडस्ट्री में कई विदेशी भागीदारों की ओर से इंटरनेशनल ट्रेंड्स का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी में नेशनल अवॉर्डस फॉर एक्सिलेंस 2023 भी प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों के जरिए उन लोगों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा जो भारत के अम्यूजमेंट, लीजर और इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने लिए एक खास मुकाम बनाया है।

# कौशल के जरिए भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

**अमृत पीढ़ी बनेगी विकसित भारत का आधार**

**पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान से बनेगा देश में कौशल के प्रति वातावरण**

**गुरूग्राम।** केंद्रीय बजट में कौशल को लेकर किए गए प्रावधान ऐतिहासिक ह। इस बार कौशल पर बजट में खास फोकस किया गया है। इससे अमृत काल में भारत अतिरिक्त कौशल की ओर अग्रसर होगा और शिक्षा के क्षेत्र में कौशल के नए आयाम सामने आएंगे। अमृत पीढ़ी कुशल और विकसित भारत का आधार बनेगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में कौशल को अपनी विशेष प्राथमिकताओं में रखा है। शिक्षा बजट में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो कि अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। कोविड के दौरान शिक्षा पर जो प्रभाव पड़ा उसको दूर करने के लिए डिजिटल मोड में काम होगा। विद्यार्थियों को डिजिटल के साथ जोड़ कर तेजी से उनकी स्किलिंग की जाएगी। बजट में स्किल पर जितना फोकस किया गया है, यह अमृत काल में अमृत पीढ़ी तैयार करने की दिशा में कारगर कदम साबित होगा। यही अतिरिक्त कौशल भारत को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री राज नेहरू ने कहा कि इंडस्ट्री पार्टनरशिप और ऑन द जॉब ट्रेनिंग पर बजट में विशेष फोकस है। यह कौशल को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण आयाम हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस दिशा में सफल प्रयोग कर चुका है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत नए दौर के कोर्स शुरू होंगे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स, मैक्ट्रॉनिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल्स पर बजट में विशेष जिक्र है।

# एडब्लूएस ने भारत में एडब्लूएस डेटा लैब लॉन्च की

**भारत में डेटा का उपयोग करने वाले बिजनेसेज को हर साल राजस्व में 13.6 प्रतिशत वृद्धि का अवसर**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमेजॉन.कॉम** कंपनी, एमेजॉन वेब सर्विसेज.इंक. (एडब्लूएस) ने आज एक नई रिसर्च रिपोर्ट के परिणाम जारी किए। रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो संगठन डेटा का उपयोग करते हैं वो अपने वार्षिक राजस्व में 13.6 प्रतिशत की औसत वृद्धि कर सकते हैं। बड़े संगठनों के लिए यह 7,451 मिलियन रुपये के अतिरिक्त वार्षिक राजस्व के बराबर है।

एडब्लूएस द्वारा कमीशन की गई और डेलॉयट एक्सेस इकॉनॉमिक्स ने डिमिस्टिफाईंग डेटा 2022 रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में भारतीय संगठनों में 521 सीनियर बिजनेस डिसीजन मेकर्स का सर्वे किया गया। इस रिपोर्ट में उनकी डेटा मेच्योरिटी एक संगठन द्वारा निर्मित डेटा का उपयोग करने की उसकी सीमा को पांच प्वाइंट के स्केल पर मापा गया। भारत में सर्वे में शामिल 63 फीसद संगठनों ने बताया कि डेटा को प्रभावशाली तरीके से कैप्चर और एनालाईज़ करके प्रोडक्टिविटी बढ़ाई जा सकती है। इससे सेल्स एवं राजस्व बढ़ने के बारे में 60 प्रतिशत और बेहतर ग्राहक अनुभव के बारे में 56 प्रतिशत संगठनों ने बताया। रिपोर्ट में पाया गया कि तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डेटा क्षमताओं के बढ़ते महत्व के बावजूद भारत में 93 प्रतिशत संगठन अभी भी डेटा मैच्योरिटी में बेसिक और बिगनर स्टेज में हैं।

रिटेल ट्रेड सेक्टर में 78 प्रतिशत संगठनों ने एडवांस्ड या मास्टर लेवल प्राप्त किए, जिसके बाद इन्फॉर्मेशन, मीडिया एवं टेलीकम्युनिकेशंस (68 प्रतिशत), और फाईनेंस एवं इंश्योरेंस (67 प्रतिशत) का स्थान आया। इसके विपरीत, शिक्षा एवं प्रशिक्षण में संगठनों की डेटा मैच्योरिटी सबसे कम थी। भारत में डेटा मैच्योरिटी में आगे बढ़ने के लिए संगठनों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठनों ने डेटा और एनालिटिक्स का उपयोग करने में सबसे बड़ी बाधा डेटा क्वालिटी (64 प्रतिशत), डेटा सिक्योरिटी एवं रिस्क (60 प्रतिशत) और डेटा एवं एनालिटिक्स स्ट्रेटजी की कमी (59 प्रतिशत) बताई।

डेलॉयट में पार्टनर, मोनोजीत मजूमदार ने कहा कि संगठन डिजिटल परिवर्तन में ज्यादा निवेश कर रहे हैं, जिससे उत्पादकता बढ़ने, अपने बिजनेस के लिए फाइनेंशल रिटर्न प्राप्त करने, और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ता है। अध्ययन के मुताबिक भारत में केवल 6 प्रतिशत संगठनों ने ही अपने डेटा की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए आवश्यक टेक्नॉलॉजी, प्रतिभा, और प्रक्रियाओं में निवेश किया है।

क्लाउड सॉल्यूशंस में निवेश से बिजनेसेज को अपने डेटा मैच्योरिटी लेवल में तेजी लाने और डेटा पर आधारित जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। भारत में एडब्लूएस डेटा लैब पूरे विश्व में स्थित लैब्स के नेटवर्क में से एक है, जो ऑस्ट्रेलिया, एसियान, न्यूजीलैंड, ब्राजील, कोरिया, यूनाईटेड किंगडम, और यूनाईटेड स्टेट्स में फैला है।

# अस्पताल की रसोई में पशुओं के आने से बढ़ी परेशानी

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल में आए दिन पशुओं द्वारा मरीजों और तीमारदारों के अलावा अस्पताल की सम्पति को नुकसान पहुंचने के मामले सामने आते रहते हैं। जिसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने पशुओं के न घुसने के इंतजाम किये थे। लेकिन अब फिर अस्पताल में शुरू हुई रसोई के कारण मरीजो, तीमारदारों और एम्बुलेंस चालकों की परेशानी बढ़ गई है। अस्पताल में दस रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध करवाने के लिए इंसोनियत शुद्ध रसोई की शुरूआत की गई थी। अब शुद्ध रसोई के संचालकों द्वारा अस्पताल परिसर में ही पशुओं के लिए भोजन की व्यवस्था कर दी है। ऐसे में आवारा पशुओं द्वारा टक्कर मार कर मरीजों और तीमारदारों को घायल करने के साथ अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस को नुकसान पहुंचाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

**लगाया गया है बोर्ड:** बीके सिविल अस्पताल के गेट के निकट मौजूद शुद्ध रसोई द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है, जिसमें लिखा कि 'शुद्ध रसोई-पशुओं के लिए भोजन' इस बोर्ड के निकट ही रसोई परिसर में भोजन को जमीन पर गिराया गया था। ऐसे में यहां आवारा पशुओं को मंडराते हुए देखा गया। जिससे मरीजों और तीमारदारों में भय बना हुआ है कि कहीं आवारा पशु टक्कर मारकर उन्हें घायल न कर दें।



शुद्ध रसोई की पशुओं को भोजन योजना से लोगों को हो रही परेशानी

**एम्बुलेंस और वाहनों को नुकसान:** रसोई के सामने ही डायल 112 एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष मौजूद है। उसके सामने लाखों रुपये कीमत की कई एम्बुलेंस खड़ी होती है। वहीं अस्पताल परिसर में मरीजों और तीमारदारों के अलावा चिकित्सकों के वाहन भी खड़े रहते हैं। अस्पताल की रसोई में आवारा पशुओं के भोजन की व्यवस्था करने उन्हें भी नुकसान पहुंचाने की आशंकाएं जताई जा रही है।

**लोगों का कथन :** अस्पताल में मौजूद रसोई में खाना खा रहे लोगों से जब इस विषय में पायनियर द्वारा बात की गई तो उन्होंने कहा कि लाखों की गाड़ियां और एम्बुलेंस यहां खड़ी रहती हैं। ऐसे में यदि आवारा पशुओं ने भी एम्बुलेंस को टक्कर मार दी तो भारी नुकसान होगा। वहीं आवारा पशुओं के खाना खाने के कारण एम्बुलेंस को निकलने में दिक्कत आई तो मरीजों की जान पर भी बन सकती है। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था तक तो ठीक है लेकिन पशुओं के लिए अस्पताल परिसर में भोजन की व्यवस्था करना पूरी तरह से गलत है।

# व्यवसायी ने साझेदार पर लगाया सवा करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

### साइबर ठगों ने शहर के दो अन्य लोगों के खातों से उड़ाई रकम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** में धोखाधड़ी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि पुलिस की तरफ से आए दिन ठगों पर शिंकजा कसा जा रहा है। लेकिन फिर भी वारदातें कम नहीं हो रही है। सेक्टर 19 में रहने वाले एक व्यवसायी ने अपने एक सांझेदार पर सवा करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के पास लिंक भेज कर खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए। एक अन्य मामले में ठगे ने व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 32 हजार रुपये उड़ा लिए हैं। पुलिस ने तीनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





पुलिस आयुक्त कार्यालय।

**सवा करोड़ की धोखाधड़ी :** सेक्टर-19 निवासी राजीव भसीन ने पुलिस को बताया कि गुरुकृपा के नाम से उनकी कंस्ट्रक्शन कंपनी है। बल्लभगढ़ के रहने वाले केशव गोयल के साथ मिलकर छोटे-छोटे काम किए। केशव गोयल ने राजीव भसीन को पुणे में एक बिल्डिंग प्रोजेक्ट में साझेदारी का आफर दिया तो वे तैयार हो गए। आरोप है कि केशव गोयल ने उनके नाम से फर्जी फर्म बनाई और जाली हस्ताक्षर करके उनके खातों से सवा करोड़ रुपये निकाल लिए। इसके बाद उनके पास पुणे के एक बदमाश का फोन आना शुरू हुआ। उसने धमकी दी कि यदि रुपये वापस मांगे तो जान से मरवा देगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लिंक भेज कर ठगी :** गांव डामका अनंगपुर के रहने वाले नवीन ने पुलिस को बताया कि उसके पास 23 जनवरी को एक काल आई। काल करने वाले ने उससे क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए कहा। उसने नवीन से उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि मांगे। इसके बाद वाट्स-एप पर एक लिंक भेजा। लिंक पर उसके क्रेडिट कार्ड से संबंधित सभी जानकारी ले ली। इसके कुछ समय बाद ही नवीन के क्रेडिट कार्ड से 32 हजार रुपये निकल गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**डेढ़ लाख उड़ाए :** एसजीएम नगर के रहने वाले जरीफ ने पुलिस को बताया कि उनके मामा अली हसन के पास एक व्यक्ति ने कहा कि वह बजाज फिनसर्व का कर्मचारी बोल रहा है। उसने बजाज फिनसर्व का क्रेडिट कार्ड लेने के लिए एक लिंक अली हसन के मोबाइल पर भेजा। उस लिंक पर क्लिक कर अली हसन ने अपने क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी भेज दी। इसके कुछ समय बाद ही उनके खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए गए। अली हसन शहर से बाहर हैं, इसलिए उनके भांजे की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक ने किया वाईएमसीए रोड के निर्माण का निरीक्षण



वाईएमसीए सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक नरेंद्र गुप्ता और एफएमडीए के अधिकारी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने निर्माणाधीन वाईएमसीए रोड का निरीक्षण किया ।

उन्होंने अधिकारियों से समयबद्ध सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाई गईं खामियों को ठीक कराने को भी कहा। सड़क निर्माण कार्य के साथ ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान एफएमडीए के अधिकारी, भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल व सिही मंडलाध्यक्ष नीरज मित्तल मौजूद रहे। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि वाईएमसीए रोड का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। बरसात के समय में सडकों पर जलभराव की स्थिति न हो और सडक न खराब हो इसके लिए सडक के साथ-साथ ड्रेनेज सिस्टम बनाया जा रहा है। जिसके तहत सैक्टर-8-9 की डिवाइडिंग पर भी ड्रेनेज बनाया जा रहा है।

आज सडक निर्माण के साथ-साथ जो अन्य कार्य चल रहे हैं उन्हें लेकर संबंधित ठेकेदार व एफएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ड्राइंग के अनुरूप ही निर्माण कार्य पूरा करें। इसके बाद विधायक ने सेक्टर-9 में कृष्णा आटा चक्की के समीप उखड़ी हुई सडक को नए सिरे से बनवाने को कहा। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनके क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तायुक्त विकास मिले, इसे अधिकारी सुनिश्चित करें।

# हसला और शिक्षा बोर्ड के बीच मानदेय बढ़ोतरी पर बनी सहमति



शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन संग बैठक करते हसला के सदस्य।

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) राज्य प्रधान सतपाल सिन्धु के नेतृत्व में हसला प्रतिनिधिमण्डल ने बोर्ड चेयरमैन वी.पी. यादव, बोर्ड सचिव कृष्ण कुमार और ज्वाइंट सेक्रेटरी पी.के. शर्मा के साथ आगामी बोर्ड परीक्षाओं और मूल्यांकन को लेकर बैठक की। बैठक में राज्यप्रधान सतपाल सिन्धु ने संगठन के मांगपत्र के मुद्दों को रखा। बैठक में बारहवीं कक्षा के अंग्रेजी, लेखांकन व रसायन शास्त्र की परीक्षा तिथियों में बदलाव करने सहमति बनी। सभी प्रकार के बकाया मानदेय का जल्द से जल्द भुगतान किया जाएगा। ऑब्ज़र्वर व केंद्र अधीक्षक के मानदेय को 150 रुपये से बढ़ाकर 225 रुपये, उप केन्द्र अधीक्षक व पर्यवेक्षक, लिपिक का मानदेय 100 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का मानदेय 60 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये करने पर सहमति बनी। अगले सत्र से बाहय व आंतरिक प्रयोगिक पर्यवेक्षको के लिए निश्चित मानदेय देने पर सहमति बनी। बैठक में हसला राज्य राज्य उपप्रधान अशोक बाल्याण, सुरेंद्र मलिक, तरशेम कौशिक, राज्य संगठन सचिव सुरेन्द्र परमार, सुरेन्द्र यादव, राज्य प्रवक्ता राजेश देशवाल, राज्य वित्त सचिव पवन मोर, राज्य प्रेस सचिव अजीत चंदेलिया, राज्य सचिव महेंद्र मान, भिवानी जिला प्रधान अत्तर सिंह मलिक, पानीपत ज़िला प्रधान अजेन्द्र कुण्डू, हिसार जिला प्रधान विक्रम सिसाय , फरीदाबाद जिला प्रधान संदीप चौहान मौजूद रहे।

## समाजसेवी ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** सांसे मुहिम के द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी व पर्यावरणविद रूप सिंह नागर के जन्मदिन पर कबूलपुर खादर पट्टी मेहताब लाल कोठी हनुमान मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण किया गया जिसमें फलदार पौधे लगाए गए जिसमें बरगद, जामुन, पीपल, अमरुद के पौधे लगाए। इस मौके पर इनलाइटेन्ड वर्ल्ड रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश धामा से उपस्थित रहे और अपनी संस्था के द्वारा समाज हित मेरे किए गए कार्यों के बारे में भी बताया। संयोजक जसवंत पंवार ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी रूपसिंह नागर से सभी लोगों को सीख लेनी चाहिए, क्योंकि वह पर्यावरण के प्रति इतने सचेत हैं कि उन्होंने लाखों पौधे लगाकर प्रकृति की सेवा की है और हजारों बेजुबान पशु पक्षियों के लिए भोजन का प्रबंध किया। आने वाली पीढ़ी भी शुद्ध हवा मेरे सांस ले सके इसलिए सबको मिलकर पर्यावरण को बचाना होगा और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनको वृक्ष बनाना होगा,इस मौके पर इनलाइटेन्ड वर्ल्ड रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश धामा, सुनील ,जसवंत पवार मौजूद रहे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिया व्याख्यान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सामाजिक** दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता मार्गदर्शन में हुआ।

व्याख्यान का विषय-स्वच्छता पर महात्मा गांधी के विचार रहा। डॉ. सुप्रिया ढांडा ने बताया कि साफ-सफाई हमारे जीवन की प्राथमिकता है। स्वच्छ रहने से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था- स्वच्छता ही सेवा है। हमारे देश के लिए, हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ0 सुप्रिया ने स्वच्छता पर महात्मा गांधी जी के विचारों को विस्तारपूर्वक बताते हुए



डॉ. सुप्रिया ढांडा व्याख्यान देते हुए।

कहा कि गांधी जी राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी व्यक्तिगत स्वच्छता को मानते थे। उनके विचार थे कि यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है और बेहतर साफ-सफाई से ही भारत के गांवों को आदर्श बनाया जा सकता है। स्वच्छता का महत्व कोरोना काल में रोगियों की बढ़ती संख्या एवं अस्पतालों में साफ-सफाई को ध्यान देने की आवश्यकता से यह बात और भी स्पष्ट हो गई है कि आज जीवन में स्वच्छता की कितनी जरूरत है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है।अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ0 सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया।राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, की कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी ने अंत में डॉ0 सुप्रिया ढांडा का इस प्रेरक व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया। अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉश जयपाल सिंह ने बताया की सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# प्राइवेट स्कूल व शिक्षा विभाग की सांठगांठ का एक और नमूना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### शिक्षा निदेशालय द्वारा स्कूलों से अब मांगा जा रहा है फॉर्म-6 पर प्रस्तावित फीस का ब्यौरा

**शिक्षा** निदेशालय हरियाणा ने सभी प्राइवेट स्कूलों को पत्र भेजकर फॉर्म-6 पर आगामी शिक्षा सत्र में ली जाने वाली फीस, छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं, अध्यापकों को दी जाने वाली तनख्वाह आदि का ब्यौरा मांगा है। फार्म 6 के सभी कॉलम में ठीक से जानकारी भेजने की आखिरी तारीख 15 फरवरी रखी गई है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है कि सभी प्राइवेट स्कूलों ने एक अप्रैल 2023 से शुरू होने वाले आगामी शिक्षा सत्र के लिए प्राथमिक कक्षाओं नर्सरी केजी एलकेजी व अन्य कक्षाओं के लिए नए दाखिले दिसंबर जनवरी महीने में ही कर लिए हैं।

मंच का कहना है कि अभिभावकों से आगामी शिक्षा सत्र में अपनी मर्जी से बढ़ाई गई ट्यूशन, दाखिला फीस आदि चार महीने पहले ही एडवांस में वसूल ली है। ऐसे में शिक्षा निदेशक द्वारा फार्म 6 पर प्रस्तावित फीस व फंडस का ब्यौरा मांगना छात्र व अभिभावकों की आंखों में धूल झोंकना है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा, प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि नियमानुसार फार्म 6 पर दी गई प्रस्तावित फीस व फंड्स के ब्योरे व अन्य सभी जानकारी की जांच पड़ताल करने के बाद शिक्षा निदेशक से मंजूरी मिलने के बाद ही स्कूल संचालक आगामी शिक्षा सत्र में फीस बढ़ा कर वसूल सकते हैं। लेकिन स्कूल प्रबंधक पिछले कई शिक्षा सत्रों से इस नियम का उल्लंघन कर रहे हैं। संरक्षक सुभाष लांबा ने कहा है कि फार्म 6 सरकार द्वारा स्कूल संचालकों को फीस बढ़ाने का एक कानूनन लाइसेंस देना है।स्कूल वाले फार्म 6 पर कुछ भी लिख दें वही सही। ना उसकी कोई जांच व पड़ताल, ना स्कूलों का ऑडिट,ना स्कूलों के खातों की जांच। मंच का कहना है कि यह सब सरकार व प्राइवेट स्कूलों की आपसी सांठगांठ के चलते हो रहा है प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व विधि सलाहकार एडवोकेट वीएस विरदी ने कहा है कि प्रदेश में कुल 9880 प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें 3134 सीनियर सेकेंडरी, 2061 हाई, 3439 मिडिल और 1237 प्राइमरी स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले निर्धारित तारीख तक निदेशालय को फार्म-6 भरकर देना होता है। इतना ही नहीं जो स्कूल तय तारीख तक फॉर्म-6 भरकर नहीं देता वह स्कूल अगले शैक्षणिक सत्र में फीस नहीं बड़ा सकता है। अधिकांश स्कूल फार्म 6 जमा कराते ही नहीं है जो कराते हैं उनमें अधूरी जानकारी होती है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओ पी शर्मा ने कहा है कि सरकार द्वारा कार्रवाई न करने पर मंच अब दोषी स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ उचित कार्रवाई कराने के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का सहारा लेगा। जिसमें शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक व चेयरमैन एफएफआरसी को भी पार्टी बनाया जाएगा। मंच ने अभिभावकों से कहा है कि वे एकजुट होकर स्कूलों की मनमानी व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल संचालकों को दिए जा रहे संरक्षण के खिलाफ आवाज उठाएं।

## अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ डाली याचिका खारिज

**फरीदाबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धार्मिक भावना भडकाने के आरोप को लेकर अदालत में डाली गई याचिका अदालत ने खारिज कर दी। इससे पहले याचिका निचली अदालत से भी खारिज हो चुकी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा अरविंद केजरीवाल की तरफ से अदालत में पैरवी कर रहे थे। शर्मा ने बताया साल 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट किया था। इसको लेकर चार अधिवक्ताओं ने निचली अदालत में याचिका दी थी। उनका कहना था ट्वीट से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। साल 2022 में निचली अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इसके बाद शिकायतकर्ताओं ने रिव्यू पिटिशन फाईल कर दी। अतिरिक्त न्यायाधीश राजेश शर्मा की अदालत ने बुधवार को इसे खारिज कर दिया। आम आदमी पाटी के लीगल सेल प्रभारी अधिवक्ता दिनेश भारद्वाज का कहना है। कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता का लिए इस तरह की याचिका दाखिल करते हैं। इससे अदालत का समय खराब होता है।

# कैंसर मरीजों के परिजनों के लिए शुरू की हेल्पलाइन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### नेशनल हेल्पलाइन नंबर 85869151 उपलब्ध है

### सोमवार से शनिवार सवेरे 9 बजे से शाम 6 बजे तक

**फोर्टिस** कैंसर इंस्टीट्यूट ने मरीज़ों और उनके परिवार के सदस्यों को मनोवैज्ञानिक रूप से सहयोग प्रदान करने के मकसद से एक कैंसर सपोर्ट हेल्पलाइन शुरू की है। नेशनल हेल्पलाइन नंबर - 8586091051 इन परिवारों को कैंसर के खिलाफ जारी उनके युद्ध के दौरान उनकी भावनात्मक तकलीफों को कम करने में मददगार होगा। हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करने वाले लोगों को मदद देने के लिए फोर्टिस मेंटल हैल्थ एंड बिहेवियरल साइंसेज़ द्वारा संचालित साइको-ओंकोलॉजी प्रोग्राम के तहत् हैल्थ एक्सपर्ट्स की टीम उपलब्ध होगी।

कैंसर का इलाज लंबा चलता है, रोग का पता लगाने से थेरेपी और रिहेबिलिटेशन तक की प्रक्रिया काफी समय तक चलती है। साथ ही, कैंसर और उसका इलाज भी मरीज़ों तथा उनकी देखभाल में जुटे केयरगिवर्स के लिए भावनात्मक संकट का कारण बनता है जिसके चलते वे डर, चिंता, अवसाद और कभी इस नई सच्चाई से तालमेल बैठाने तथा अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव लाने पर परेशानियों से जूझते हैं। ऐसे वक्त में इन परिवारों के लिए साइको-सोशल सपोर्ट की आवश्यकता होती है ताकि वे इस रोग से एकजुट होकर जूझ सकें। फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट ने इसी उद्देश्य से इस नेशनल कैंसर सपोर्ट हेल्पलाइन को शुरू किया है। डॉ समीर पारीख, डायरेक्टर, मेंटल हैल्थ एंड बिहेवियरल साइंसेज़, फोर्टिस हैल्थकेयर ने कहा, कैंसर की संपूर्ण देखभाल के लिए यह समझना जरूरी होता है कि इस रोग से मरीज़ों और उनकी देखभाल करने वाले परिवारों पर किस प्रकार का मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। परिजन इस दौरान कई प्रकार के भावनात्मक तनाव, मनोवैज्ञानिक संकट के दौर से गुजरते हैं और साथ ही, उन्हें अपने मरीज़ के लिए भी सपोर्ट की आवश्यकता होती है।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रस्ट ने सरकारी स्कूल में कुर्सियां व दरियां भेंट की



**फरीदाबाद।** नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आज ग्रेटर फरीदाबाद के गांव फरीदपुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कुर्सियां व बच्चों के बैठने के लिए दरियां भेंट की। नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी, समाजसेवी मनोज सिंघल ने बताया कि उनकी संस्था फरीदाबाद के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अब तक कुर्सी, मेज, दरियां, कॉपी, किताबें व जर्सियां आदि वितरित करते रहते है। इसी कड़ी में आज उनकी संस्था ने ग्रेटर फरीदाबाद गांव फरीदपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यापकों के लिए कुर्सियां व बच्चों के बैठने के लिए दरियां व टाट विद्यालय की प्रिंसीपल रंजना अरोड़ा व अध्यापक अनुराधा, मूर्ति सहरावत, नरेन्द्र कुमार, पुष्पा हुड्डा व सोनिया रानी को सौंपे। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था का हमेशा से ही प्रयास रहा है कि जरूरतमंद व गरीब बच्चों की शिक्षा ग्रहण करने में मदद की जाए। वहीं संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि जब भी किसी स्कूल में इस तरह के सामान आदि की जरूरत होगी उनकी संस्था हमेशा मदद के लिए तैयार रहेगी।

## गृहक्लेश में घर से भागा, तीन माह बाद मुंबई में मिला

**फरीदाबाद।** परिवार वालों से नाराज होकर नवंबर 2022 में घर छोड़कर भागे युवक को क्राइम ब्रांच कैंट टीम ने ठाणे, मुंबई से सकुशल बरामद किया। पुलिस प्रवक्ता सूबेदार सिंह के मुताबिक शहर निवासी 26 वर्षीय युवक तीन महीने पहले अचानक लापता हो गया था। उसकी तलाश में क्राइम ब्रांच कैंट टीम लगाई गई थी। क्राइम ब्रांच प्रभारी सुरजीत सिंह को मुखबिर ने सूचना दी कि लापता युवक मुंबई के ठाणे में है। इस पर टीम रवाना हुई और उसे बरामद किया। थाने पहुंचे परिजनों ने बताया कि गृहक्लेश के कारण युवक घर से भाग गया था। पुलिस ने उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

## धर्म रक्षक हैं भगवान परशुरामः बबली



**फरीदाबाद।** गांव दोस्तपुर मोहना मे भगवान परशुराम जी प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर कहा गांव दोस्तपुर कि सरदारी का आदेश हुआ कि मन्दिर में भगवान परशुराम विराजेंगे तो जयपुर राजस्थान से भगवान परशुराम जी की प्रतिमा गांव पहुंच गई। स्थापना के बाद भण्डारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान सहाय नम्बरदार, नवीन नन्दन, ओम, लेखराज, धर्मचंद गौतम, शम्भु, मुकेश, दीपक, साहिल, नरेन्द्र, करण, पाराशर इंजीनियर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर दो लोगों की मौत

**फरीदाबाद।** विभिन्न स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिए हैं। सबइंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि बुधवार शाम जंक्शव केबिन के निकट रेलवे लाइन से एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मौके से एक मोबाइल भी बरामद हुआ जिससे मृतक की पहचान मुकेश भारद्वाज के रूप में हुई। मुकेश तिलपत गांव का निवासी थे, जिनका पानी का प्लांट था। सेक्टर-46 में रेलवे लाइन पार करके घर जा रहे थे, लेकिन ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सबइंस्पेक्टर संजय कुमार ने मेवला महाराजपुर रेलवे फाटक के निकट एक व्यक्ति का शव बरामद किया। गुरुवार को अशोक कुमार अपने साले के लापता होने के मामले में जीआरपी से मिले। अशोक को पुलिसकर्मी संजय कुमार और सबइंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने मोबाइल में मृतक का फोटो दिखाया तो अशोक कुमार ने पहचान की। 32 वर्षीय राहुल मेवला महाराजपुर में अशोक के दोस्त अजय के पास रहता था , जो काम धंधे की तलाश में आया था। राहुल पहले दिल्ली के कड़कड़डूमा एरिया में रहता था।

## मांगों को लेकर सीटू ने सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन



**फरीदाबाद।** परिवार पहचान पत्र में सत्यापन के नाम पर असल आय से अधिक इनकम दिखाकर बीपीएल कार्डों की कटौती बंद करने, चारों लेबर कोड्स एवं भूमि अधिग्रहण कानून 2003 का संशोधन रद्द करने, परियोजना वर्करों, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन 24 हजार करने, ग्रामीण टुयूबवैल आपरेटरों को हटाने पर रोक लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद, ने वीरवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, तिगांव, के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के फौरन बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सहायक बीडीपीओ को सौंपा। प्रदर्शन को नीमका के देबीराम, गुरदयाल सोलंकी कोराली, अरूण कुमार बुवापुर, जसवंत,आदि ने संबोधित किया।

## मानव रचना ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया आयोजित

**फरीदाबाद।** डिपार्टमेंट ऑफ़ इंग्लिश, फैकल्टी ऑफ़ मीडिया स्टडीज एंड हयूमैनिटिज़, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज ने हाल ही में हाइब्रिड मोड में भारतीय समाज में महिलाएं साहित्य, कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें अंग्रेजी भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति की दुनिया के दिग्गजों ने शिरकत की। प्रोफेसर डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआईआईआरएस; डॉ. मैथिली गंजू, डीन, फैकल्टी ऑफ मीडिया स्टडीज एंड ह्यूमैनिटीज; और डॉ शिवानी वशिष्ठ, संयोजक और एचओडी, डिपार्टमेंट ऑफ़ इंग्लिश, फैकल्टी मेंबर्स व छात्र-छात्राएं कांफ्रेंस के दौरान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. दीप्ति मिश्री, यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर, यूएसए ने कहा कि दुनिया भर में सामान्य रूप से महिलाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। मुख्य वक्ता, डॉ अर्लीन प्लेविन, अंग्रेजी के एमेरिटस प्रोफेसर, ओलंपिक कॉलेज, वाशिंगटन विश्वविद्यालय, यूएसए ने साझा किया। डॉ संजय श्रीवास्तव ने साझा किया कि भारत में महिलाओं ने एक गृहिणी से दबंग महिला बनने तक लंबा सफर तय किया है। प्लेनरी सत्र डॉ नीर कंवल मणि, सेवानिवृत्त प्राचार्य, गवर्नमेंट कॉलेज, फरीदाबाद; और डॉ. राज कुमार, प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए। सत्रों की अध्यक्षता डॉ. नरगिस ढिल्लों, जेसी डीएवी कॉलेज, दसुआ होशियारपुर, पंजाब, डॉ. विनय कांडपाल, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ बिजनेस, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एनर्जी स्टडीज, देहरादून और डॉ. रश्मी अत्री, प्रोफेसर, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ द्वारा की गई। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जिसमें डॉ. रतन भट्टाचार्य, इंटरनेशनल विजिटिंग फैकल्टी फेयरलेघ ने भी विचार प्रकट किए।

## अच्छा बजट

### सबका ध्यान

**वित्त मंत्री** सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट 2023-24 में सबके लिए कुछ न कुछ है और इसके बावजूद राजकोषीय संतुलन पर भी ध्यान दिया गया है। विपक्ष अक्सर तत्कालीन सरकार की निन्दा करने के लिए चुनाव-पूर्व बजट को 'राजनीतिक बजट' कहता रहा है, लेकिन यह बात वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 2023-24 के बजट के लिए नहीं कही जा सकती है। राजनीतिक बजटों में एक सबसे बड़ा बजट कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार ने 2008 में पेश किया था। इसमें 60,000 करोड़ का कृषि कर्ज माफ करने की घोषणा हुई थी जो लगभग 72,000 करोड़ तक पहुंच गया था। इस कर्ज माफी से संप्रग को अगले साल सत्ता में लौटने में सहायता मिली थी। राज्यों में खर्च किए जाने वाले पैसे तथा संप्रग की चुनावी सफलताओं के बीच निकट संबंध था। सुश्री सीतारमण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उन्होंने उस निन्दनीय लोकरंजकता से स्वयं को अलग रखा है जिसका प्रदर्शन संप्रग ने 15 साल पहले किया था। भले ही कोई उन पर यह आरोप लगाए कि उन्होंने राहत देकर आयकर दाताओं को खुश करने का प्रयास किया, लेकिन तथ्य है कि इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यहां इस बात पर भी जोर दिया जाना चाहिए कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी सबसे कम आय श्रेणी वाले लोग होंगे। इसका अर्थ है कि आम लोगों की जेब में ज्यादा पैसा जाएगा जिसका वे निवेश या खर्च कर सकेंगे। इससे मांग व बचत में वृद्धि होगी और इन दोनों की आवश्यकता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों-एमएसएमई तक




भी आयकर लाभों का विस्तार किया गया है। व्यक्तिगत आयकर के बारे में यह भी खास है कि सर्वोच्च कर श्रेणी में आने वाले लोगों को भी राहत दी गई है। हमारे देश में कर की अधिकतम दर 42.74 प्रतिशत थी जो दुनिया में सबसे ज्यादा दरों में शामिल थी। वित्त मंत्री ने इसे घटा कर 39 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। यह उस देश में बहुत साहसी कदम है जहां अमीरों को गाली देना फैशन बन गया है। यह खासकर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उनकी पार्टी 2024 में आम चुनाव के लिए तैयार हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ढांचागत विकास पर जोर दे रही है। इसी रास्ते पर चलते हुए वित्त मंत्री ने लगातार तीसरी बार इस क्षेत्र के लिए पूंजी निवेश में भारी 33 प्रतिशत वृद्धि की है जो अब 10 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का 3.3 प्रतिशत है। यह 2019-20 में किए आबंटन का लगभग तीन गुना होगा। सुश्री सीतारमण ने संकेत किया कि केन्द्र द्वारा प्रत्यक्ष पूंजी निवेश के साथ ही राज्यों को पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान की व्यवस्था भी की गई है जिससे 'प्रभावी पूंजी खर्च' 13.70 लाख करोड़ हो जाएगा। उन्होंने उचित ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार का ध्यान पूंजीगत खर्च पर है क्योंकि इससे वृद्धि की क्षमता बढ़ती है, रोजगारों का सृजन होता है, निजी निवेश तेजी से आकर्षित होता है तथा विपरीत वैश्विक परिस्थितियों से निपटने में सहायता मिलती है। बजट के बारे में अच्छी बात यह है कि इसने मध्य वर्ग से लेकर अमीरों व एमएसएमई से लेकर बड़े निगमों तक सबको कुछ न कुछ दिया है, पर इसके बावजूद राजकोषीय व्यावहारिकता बनाए रखी गई है। 2023-24 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखते हुए सुश्री सीतारमण ने वादा किया कि 'राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।' वैसे भी राजकोषीय घाटा 2021-22 में 6.7 प्रतिशत से घट कर 2022-23 के संशोधित बजट अनुमान में 6.4 प्रतिशत पर आ गया है। संक्षेप में कहा जाए तो बजट 2023-24 अच्छा बजट है जिसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

# अफ़गानिस्तान में नया ग्रेट गेम

पाकिस्तान परोक्ष रूप से विभिन्न संगठनों द्वारा आतंकी हमले कर भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा लेने का प्रयास कर सकता है।


निष्ठा कौशिकी


निखिल शर्मा



अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिका व पाकिस्तान के रणनीतिक संबंधों में गिरावट आई है। लेकिन पाकिस्तान के टीटीपी से संघर्ष, चीन-प्रायोजित आर्थिक संकट तथा आईएमएफ द्वारा कर्ज पैकेज से इनकार के बाद पाकिस्तान में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ गई है। अमेरिकन दिलचस्पी के अनेक कारण हैं जिनका गहरा संबंध दक्षिण व मध्य एशिया के इतिहास से है। इस्लामाबाद द्वारा तालिबान के सक्रिय समर्थन के बावजूद अमेरिका की दिलचस्पी बहु-प्रतीक्षित वित्त व सैनिक समर्थन के रूप में सामने आ सकती है, जैसा कि उसने अतीत में किया है। वर्तमान घटनाक्रम से वाशिंगटन को अवसर मिल गया है जिससे वह छलांग लगा कर दोनों क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक पकड़ मजबूत कर सकता है। पाकिस्तान इन दोनों क्षेत्रों के निकट है। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो रूस के दक्षिण और उसके 'रणनीतिक पिछवाड़े' या मध्य एशिया में उसकी स्थिति तुलनात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका व पाकिस्तान के साथ चीन भी था क्योंकि सोवियत संघ के खिलाफ उनके साझा हित थे। इसके साथ ही वे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत के राजनीतिक व भू-रणनीतिक प्रभाव को सीमित रखना चाहते थे। पाकिस्तान के दृष्टिकोण से अमेरिका की दिलचस्पी उसे 'भू-रणनीतिक महत्व' में आगे रखती थी और इससे उसे भारत के खिलाफ सैनिक मुकाबले में सहायता मिलती थी। 1954 में अमेरिका सरकार ने अपने परस्पर रक्षा सहायता समझौते के अंतर्गत उसे 500 मिलियन डालर का सैनिक सहायता पैकेज दिया था। इसके बाद वर्ष 1967 से 1980 तक अमेरिका ने उसे लगभग 6 बिलियन डालर की सैनिक व तकनीकी सहायता दी थी।

पाकिस्तान ने इस सहायता का प्रयोग भारतीय हितों के खिलाफ किया। इस प्रकार उसने जिम्मेदारी टालने का दृष्टिकोण अपनाया जो उसके आंतरिक व विदेशी नीति संतुलन की तुलना में बेहतर था। हर टकराव के पहले पाकिस्तान उम्मीद करता था कि अमेरिका उसकी सुरक्षा की गारंटी करे। पहले मामले में, 1965 के युद्ध से पहले अयूब खान ने मांग की थी कि अमेरिका भारत के 'आक्रमण' के खिलाफ पाकिस्तान की सुरक्षा की गारंटी करे। यह अमेरिका के साथ उसके गठबंधन की स्थिति में अनिवार्य गारंटियों का आवश्यक तत्व था। हालांकि, पाकिस्तान युद्ध में हार गया, पर अमेरिकन सैनिक सप्लाई से उसे यह विश्वास पैदा हुआ कि वह भारत के खिलाफ लड़ सकता है। लेकिन जल्द ही इस्लामाबाद ने भी समझ लिया कि वाशिंगटन उसे भारत के खिलाफ 'ब्लैंक चेक' नहीं देगा। 1971 के युद्ध में स्थितियां फिर भारत के खिलाफ बन गईं।

हालांकि, पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1971 में युद्ध छेड़ा था, पर अमेरिका के सातवें बेड़े ने सुनिश्चित किया कि भारत पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराने के बाद पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके पर कब्जे का विचार न करे। बाद में अफगानिस्तान पर सोवियत हमले के बाद पाकिस्तान को 1980 से 1990 तक 3.2 बिलियन डालर की वित्तीय सहायता मिली जिससे उसने मुजाहिदीन को सोवियत संघ के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार किया। इसके साथ ही अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान भी दिए। नाभिकीय परीक्षणों के बाद पाकिस्तान ने यही दृष्टिकोण अपनाया और उसने हमेशा इस्लामिक देशों का प्रयोग नाभिकीय हथियार प्राप्त करने में यथास्थिति बनाए रखने के लिए किया। इस प्रकार नाभिकीय ब्लैकमेल से उसे काफी लाभ मिला। कारगिल संकट और संसद पर आतंकी हमलों के पश्चात भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सीमित सैनिक कार्रवाई की तैयारी के बाद अमेरिका ने 'सामान्य स्थिति' बहाली के नाम पर हस्तक्षेप कर भारत की प्रतिक्रिया को काफी सीमित कर दिया।

9-11 के बाद अमेरिका व पाकिस्तान फिर टैक्टिल रूप से एक दूसरे के निकट आए। पाकिस्तान प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी बन गया और सिप्री के आंकड़ों के अनुसार 2002-14 के बीच उसने 5.81 बिलियन डालर की सैनिक सहायता प्राप्त की जिसमें 3.2 बिलियन डालर हथियारों की बिक्री के लिए था। एबटाबाद में ओसामा के मारे जाने के बाद सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2014-15 में वित्तीय व सैनिक सहायता में 40 प्रतिशत कमी आई। अफगानिस्तान से अमेरिका के जाने के पहले वाशिंगटन राजनयिक व रणनीतिक रूप से इस्लामाबाद पर निर्भर था जो उस पर क्षेत्र से सुरक्षित निकासी के लिए तालिबान से वार्ता के लिए दबाव डाल रहा था। इस प्रक्रिया में उसने स्वयं व तालिबान को क्षेत्र में महत्वपूर्ण पक्ष बना दिया। पाकिस्तान की केस स्टडी से स्पष्ट है कि कमजोर देश महाशक्तियों की असुरक्षाओं व अंतरराष्ट्रीय राजनीति के कुप्रबंधन पर फलते-फूलते हैं। वर्तमान समय में पाकिस्तान में अमेरिका की फिर से जागी दिलचस्पी का कारण रूस व पाकिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध तथा रूस, चीन व पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय स्थितियां हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के काफी पहले से ही रूस पाकिस्तान को सकारात्मक संकेत दे रहा था। 2010 के मध्य में ईरान-पाकिस्तान पाइपलाइन की खबरों के साथ ही रूस, चीन, पाकिस्तान व ईरान के बीच व्यापक निकटता पैदा हुई। 2015 में रूस ने पाकिस्तान पर लगी हथियारों की ब्रिकी से प्रतिबंध हटा लिया। इसके बाद से दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों का विस्तार हुआ है। इसके चलते एक रक्षा समझौता हुआ है, एमआई-35एम हाइंड-ई हेलीकाप्टरों की सप्लाई हुई है तथा 2018 में हुए 'विरल सैनिक सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर के साथ संयुक्त सैनिक अभ्यास भी हुए हैं। पाकिस्तान के सैनिक आयुधों में रूस के क्लिमोव आरडी-93 इंजन भी शामिल हैं जिनका प्रयोग जेएफ-17 थंडर विमानों में होता है।

रूस ने पुन: ईरान व पाकिस्तान की पाइपलाइन राजनीति में दिलचस्पी दिखाई है और वह पाकिस्तान को कच्चा तेल बेचने का इच्छुक है। यह समझौता 'मित्र देशों की मुद्रा' में हो सकता है जिससे रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को धक्का लग सकता है। इसके साथ ही कजाखिस्तान-पाकिस्तान पाइपलाइन भी स्थितियां उलटने व नए ऊर्जा ढांचे तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दूसरे दृष्टिकोण से 'व्यावहारिक संबंधों' पर रूस व पाकिस्तान समझौते से दोनों क्षेत्रों में अफगान तालिबान का मुद्दा भी गंभीर हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, 2022 में आतंकवाद के मुद्दे पर जोर दिया गया है, पर जानबूझ कर पाकिस्तान के आतंकी संगठनों तथा आतंक के स्रोत के तौर पर उसका नाम नहीं लिया गया है, हालांकि इसमें चुनौती के रूप में तालिबान का उल्लेख है। यह दस्तावेज 'विश्वस्त साझीदारों के बीच सहयोग व समर्थन' बढ़ाने तथा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'अमेरिका-नीत, साझीदार-सक्षम' के बजाय 'साझीदार-नीत, अमेरिका-सक्षम' करने के पक्ष में है। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिका रूस-चीन संबंधों में उभरते विरोधों का लाभ उठाने में दिलचस्पी दिखा रहा है जो यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप पैदा हुए हैं। इसके साथ ही अमेरिका आने वाले दिनों में सी5प्लस1 राजनयिक मंच के माध्यम से मध्य एशिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है जिसमें कजाखिस्तान, किर्गीज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमानिस्तान, उज्बेकिस्तान व अमेरिका शामिल हैं।

अब यह समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान आतंकवाद समाप्त करने की अमेरिका की बदली रणनीति में कहां है? पाकिस्तान रूस, अमेरिका और चीन की असुरक्षाओं व भय का कैसे लाभ उठा सकता है? पाकिस्तान को इस नए उभरते ग्रेट गेम में सैनिक व वित्तीय पैकेज कैसे मिल सकते हैं? क्या अफगान तालिबान, तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी व अन्य इस्लामी समूहों को अंतत: कुचल दिया जाएगा? क्या अफगानिस्तान पर फिर 1979-80 की तरह एक और हमला होगा? भारतीय दृष्टिकोण से देखें तो टीटीपी को कुचलने के लिए अमेरिका के साथ समन्वय बनाने के साथ पाकिस्तान भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा के लिए कश्मीर में परोक्ष रूप से आतंकी हमले करने पर विचार कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो क्या अमेरिका फिर 'सामान्य स्थिति बहाली' के नाम पर तटस्थ रहेगा? अमेरिका व रूस के संबंध में पाकिस्तान की सुनियोजित रणनीति है कि वह भारत के खिलाफ अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए इनका प्रयोग कर सकता है। भारत द्वारा किसी दु:साहस के जवाब में वह सैनिक व वित्तीय पैकेज प्राप्त कर सकता है और अंतत: अमेरिका-चीन दुश्मनी की धार कम कर सकता है। इन सभी स्थितियों के कारण महत्वपूर्ण भावी घटनाक्रमों में भारत को अपने विकल्प निर्धारित करने में कठिनाई हो सकती है। उभरती विभाजक रेखाओं से हमें अमेरिकन गणितज्ञ जान एलेन पालुस याद आते हैं। उन्होंने कहा था, 'अनिश्चितता ही एकमात्र निश्चितता है और इस असुरक्षा के साथ जीना सीखना ही एकमात्र सुरक्षा है।'

# उद्योग के लिए हानिकारक विघटनकारी प्रयोग

"व्यवधान होने के लिए, एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होगा, उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होगा।"


**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एक स्तम्भकार हैं)

नवाचार, जो किसी मौजूदा उत्पाद या विचार पर उन्नति है, निरंतर सुधार के लिए एक शर्त है। लेकिन एक विघटनकारी नवाचार उद्योग को एक बार में हिला देता है। व्यापार में विघटनकारी नवाचार कोई नई अवधारणा नहीं है। इसका जन्म 1995 में हुआ जब इसे नवाचार पर दुनिया के अग्रणी विचारकों में से एक क्रिस्टेंसन ने अपने सह-लेखकों के साथ प्रस्तावित किया था।

हालांकि, वर्षों से, इस अवधारणा को गलत समझा गया है। यह आम तौर पर एक ऐसी स्थिति में गलत तरीके से लागू किया गया है जहां उद्योग के मानदंडों को हिला दिया गया है और मौजूदा खिलाड़ियों में हड़कंप मच गया है। और यहां पकड़ है। मूल रूप से, क्रिस्टेंसेन ने व्यवधान की अवधारणा को डेविड और गोलियथ स्थिति की तरह अधिक समझा - कम संसाधनों वाली एक छोटी कंपनी एक स्थापित व्यवसाय को सफलतापूर्वक चुनौती दे रही है। अपने मौजूदा बहुसंख्यक लक्ष्य ग्राहक आधार को बनाए रखने के प्रयास में स्थापित व्यवसाय, मुख्य रूप से अपने वर्तमान उत्पादों या सेवाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और बड़े पैमाने पर अन्य बाजार क्षेत्रों की उपेक्षा करते हैं। नए प्रवेशकर्ता जो इस अंतर को महसूस करते हैं वे अनदेखी किए गए सेगमेंट के लिए आकर्षक उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं।

जबकि स्थापित व्यवसाय इन नए प्रवेशकों पर ध्यान नहीं देते हैं, वे धीरे-धीरे अपमार्केट में पैठ बनाते हैं, अधिकांश ग्राहकों को समान उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं, जबकि उनके पहले के लाभ-कम कीमतों को बनाए रखते हैं। एक बार जब ये मुख्यधारा के ग्राहक बड़ी मात्रा में नए उत्पादों या सेवाओं को अपना लेते हैं, तो कोई कह सकता है कि व्यवधान उत्पन्न हुआ है। क्रिस्टेंसन के अनुसार, विघटनकारी नवाचारों की संभावना इसलिए पैदा होती है क्योंकि स्थापित व्यवसाय निम्न-अंत और नए बाजारों दोनों की उपेक्षा करते हैं। अधिक लाभदायक होने के प्रयास में, स्थापित व्यवसाय उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के साथ मुख्यधारा के ग्राहकों को प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और अपने मौजूदा उत्पादों और सेवाओं को अपग्रेड करने, बढ़ाने और पूर्ण करने में संसाधन लगाते हैं, जबकि कम अंत वाले बाजार की उपेक्षा करते हैं। इस अवसर को भांपते हुए, नए प्रवेशकर्ता कम लागत वाले व्यवसाय मॉडल का उपयोग करके इस अंतर में प्रवेश करते हैं। एक लो-एंड डिसरप्टर इस सेगमेंट में मार्केट शेयर छीन लेता है और स्थापित व्यवसायों को अपमार्केट में धकेल देता है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं के लिए कम कीमत और स्वीकार्य गुणवत्ता पर नए उत्पाद विकसित करके, जहां कोई अस्तित्व नहीं था, नए बाजार बनाकर व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। पर्सनल कंप्यूटर और बाद में स्मार्टफोन का आगमन नए बाजार में व्यवधान के आदर्श उदाहरण हैं।

मेनफ्रेम के रूप में जाने जाने वाले पहले कंप्यूटर विशाल और बहुत महंगे थे। 2 मिलियन डॉलर तक की लागत और एक पूरे कमरे को भरने जितना बड़ा आकार के साथ, कंप्यूटिंग तकनीक आम आदमी के लिए सीमा से बाहर थी। पर्सनल कंप्यूटर के आविष्कार के साथ, मशीन का एक छोटा और सस्ता टुकड़ा, व्यक्तियों का एक नया बाजार खंड बनाया गया था।

इन वर्षों में, अपनी क्षमताओं में निरंतर सुधार के साथ, एक विनम्र व्यक्तिगत कंप्यूटर ने मेनफ्रेम कंप्यूटरों को लगभग अप्रचलित बना दिया। नए बाजार व्यवधान में अगला कदम स्मार्टफोन का उभरना है, जो दो स्तरों पर व्यवधान पैदा कर रहे हैं। एक, पर्सनल कंप्यूटर की लागत के एक अंश पर फोन में इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता पर्सनल कंप्यूटर के उपयोग को कम आवश्यक बना रही है। दो, स्मार्टफोन की फोटो लेने की क्षमता डिजिटल फोटोग्राफी उद्योग को बाधित करने के लिए तैयार है। हालांकि, वर्षों से, उपरोक्त अवधारणा का दुरुपयोग कई लोगों द्वारा किया गया है जिन्होंने इस धारणा के बारे में गंभीरता से विचार नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, उबेर को एक व्यवधान के रूप में देखा गया है। यह उन उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करता है, जिन्हें राइड की आवश्यकता होती है, जो उन्हें प्रदान करने के इच्छुक हैं। 2009 में स्थापित, कंपनी ने शानदार विकास का आनंद लिया है और अभी भी विस्तार कर रही है। इसने फंडिंग राउंड और बढ़ते मूल्यांकन के साथ जबरदस्त वित्तीय सफलता की सूचना दी है। बेशक, उबेर ने परिवहन के कारोबार को बदल दिया है।

लेकिन क्या इससे व्यवधान आया है? व्यवधान होने के लिए, एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होता है, आमतौर पर कम लागत पर उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होता है। उबेर ने अंतिम उपयोगकर्ताओं, यानी कैब सेवाओं को लेने वाले ग्राहकों को सेवा प्रदाताओं से जोड़ा। इसलिए, उबेर ने व्यवधान पैदा करने वाली दो शर्तों में से किसी को भी पूरा नहीं किया - सबसे पहले, यह उस बाजार खंड को अपने दायरे में नहीं लाया जो कैब सेवाओं का उपयोग नहीं करता था; और दूसरी बात, कैब और टैक्सी सेवाएं निश्चित रूप से कोई नया बाज़ार नहीं थीं। अंत में, उबर से कार उद्योग को कोई खतरा नहीं है।

सिलिकॉन वैली में प्रचलित एक प्रसिद्ध उद्धरण 'बाधित या बाधित' यह सब कहते हैं। सभी व्यवसाय लगातार नए नवोन्मेषी विचारों, उत्पादों या व्यवसाय मॉडल के साथ विघटनकारी बनने के अवसरों की तलाश में रहते हैं। परन्तु विघ्न डालने वाले विरले ही बन पाते हैं। विघटनकारी नवाचार जटिल और महंगे उत्पादों या सेवाओं को सरल और उचित विकल्पों में बदल देता है। हालांकि बहुत समय लेने वाला और अत्यधिक जोखिम भरा, व्यवधान पैदा करना किसी भी उद्योग की सीमाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा स्थापित उत्पादों और सेवाओं को हिला देता है।

## आप की बात

### गुलामी के प्रतीक

**ग्रेट ब्रिटेन** के औपनिवेश में कभी रहे देशों में से 15 देश ऐसे हैं जहां आज भी न सिर्फ संवैधानिक राजतंत्र के तहत परोक्ष रुप में ब्रिटिश हुकूमत चल रही है, बल्कि ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स को आज भी ये देश अपना राजा मानते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया। में 26 जनवरी को वहां के मूलनिवासी एवं आदिवासियों ने अंग्रेज़ों के स्वागत में मनाए जाने वाला विशेष दिन का धरना-प्रदर्शन के जरिये विरोध किया था। लगता है उस विरोध का असर अब दिखना शुरू हो गया है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि अपने 5 डालर के नोट पर महारानी एलिजाबेथ के चित्र को हटा दिया जायेगा। इसके स्थान पर एक नए डिजाइन का प्रयोग होगा जो स्वदेशी संस्कृति को दर्शाता हो। नोट के दूसरे हिस्से में ऑस्ट्रेलियाई संसद की तस्वीर बनी रहेगी। धीरे-धीरे बाकी नोटों से भी ब्रिटिश राजघराने को बाहर कर दिया जायेगा। बहुत संभव है कि जल्द ही 26 जनवरी अब छुट्टियों का दिन न रहे। इस प्रकार अंग्रेज़ों के स्वागत में स्तुतिगान का दिन अब ऑस्ट्रेलिया में इतिहास के पन्नों में सिमटने जा रहा है। गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति का स्वागत किया जाना चाहिए और भारत में अंध मोदी-विरोधियों को भी यह बात समझनी चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कल्याणकारी बजट

**अर्थव्यवस्था** के कोरोना से उबर आने के चलते यह स्पष्ट था कि इस बार का आम बजट कुछ भिन्न होगा। मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि सरकार लोकलुभावन राजनीति से दूर रहेगी। यह इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि कुछ राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। यह बजट आने वाले 25 वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को रेखांकित भी करता है। बजट के माध्यम से स्पष्ट है कि सरकार विकास दर के साथ खपत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए उसने आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु बजट आवंटन को बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए करने की घोषणा की है जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। आम बजट ग्रामीण विकास और शहरी विकास के साथ सामाजिक विकास पर भी केंद्रित है। बजट घोषणाओं को जमीन पर उतारने के लिए अतिरिक्त ध्यान दिया जाना दिया जाना चाहिए क्योंकि घोषणाओं के तत्काल जमीनी क्रियान्वयन से जनता को लाभ होगा तथा चुनावी राजनीति पर सच्ची अर्थनीति को बढ़ावा मिलेगा।

**सदन जी,** पटना

### चिकित्सक को सम्मान

**गणतंत्र** दिवस की पूर्व संध्या पर जब राष्ट्र अपने कर्मवीरों के सम्मानों का एलान कर रहा था। इन कर्मवीरों की सूची में मध्यप्रदेश जबलपुर के डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर भी शामिल थे। वे आम लोगों का इलाज बहु कम फीस पर करते हैं। मात्र 20 रु में चिकित्सकीय सेवा देने का यह कार्य बरसों से जारी है। पहले वे यह कार्य मात्र 2 रु में करते थे। इस महान शख्स को भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के चौथे बडे पुरुस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया है। डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर को मिला यह सम्मान आमजन को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मानवीय एवं नेक कार्य के परिणाम स्वरूप दिया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 16 जनवरी 1946 को जन्मे डॉक्टर मुनीश्वर विभाजन के बाद भारत आ गए। जबलपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। वे सेना में भी रहे हैं। 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना में उन्होंने अपना अमूल्य योगदान दिया है। जनता के चिकित्सक के इस सम्मान से स्वयं पुरस्कार तथा उसका निर्धारण करने वालों का भी गौरव बढ़ा है।

**नरेंद्र तिवारी,** बड़वानी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**


## फरमाया



**यह** अब तक के सबसे अच्छे बजटों में से एक है, सचमुच समावेशी तथा समाज के हर वर्ग का ध्यान रखने वाला।
- **अनिल अग्रवाल**
वेदांता के अध्यक्ष



**यह** लापरवाह बजट है जिसने बहुसंख्य जनता की उम्मीदों के साथ धोखा किया है।
- **पी. चिदम्बरम**
पूर्व वित्त मंत्री



**भारत** या इस्राइल में पूजा करते समय लोगों को नहीं मारा जाता है, पर पाकिस्तान में ऐसा होता है।
- **ख़्वाजा आसिफ़**
पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

### मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# राजधानी को ग्रेटर लखनऊ के रूप में विकसित करने के कार्यों को करें तेज

● सभी विभाग बजट संबंधी प्रस्ताव समय से केंद्र सरकार को करें प्रेषितः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2023-24 के केन्द्रीय बजट के परिप्रेक्ष्य में सभी सम्बन्धित विभागों को अपने-अपने प्रस्ताव भारत सरकार को समय से प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रभावी प्रयास किया जाना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत समस्त कार्रवाई समयबद्ध ढंग से की जाए।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के बजट में केन्द्रीय करों में राज्य के अंश तथा केन्द्र सरकार के सहायता अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति करने की योजना को एक वर्ष के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव किया है। इसका सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश के लोगों को होगा। इसे प्रदेश में सुचारु रूप से संचालित किया जाए। उत्तर प्रदेश का आगामी बजट, केन्द्रीय बजट के प्राविधानों को ध्यान में रखकर बनाया जाए। दोनों बजट के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास किया जाए। प्रदेश की जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर राज्य सरकार का आगामी बजट तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। राज्य में राजस्व की कोई समस्या नहीं है। इसके दृष्टिगत प्रदेश का आगामी बजट बनाया जाए। वित्तीय वर्ष 202-23 के बजट की अवशेष धनराशि विभागों द्वारा प्राथमिकता पर अवमुक्त की जाए। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक-एक हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों की सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन लागू करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके दृष्टिगत जनपद बिजनौर की बुक्सा जनजाति के विकास के लिए नियोजित प्रयास किये जाएं। प्रदेश में मंडल स्तर पर वहां की सामाजिक व भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत खेल की गतिविधियों के विकास के लिए खेल सेंटर बनाए जाएं। स्टेट कैपिटल रीजन की अवधारणा को साकार करने के लिए लखनऊ को ग्रेटर लखनऊ के रूप में विकसित करने के कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हाउसिंग फॉर ऑल के लक्ष्यों को प्राप्त किया जाएगा। भारत सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के अपने बजट में म्युनिसिपल बॉण्ड के लिए शहरों को तैयार किए जाने पर बल दिया है। प्रदेश के लखनऊ तथा गाजियाबाद नगर निगमों द्वारा पूर्व में बॉण्ड जारी किए जा चुके हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के अन्य नगर निगमों को म्युनिसिपल बॉण्ड के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई उत्तर प्रदेश की बड़ी ताकत है। प्रदेश में औद्योगिक विकास का आधार एमएसएमई है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तथा जी-20 के प्रदेश में आयोजित होने वाले सम्मेलनों के अतिथियों को उपहार स्वरूप ओडीओपी उत्पाद भेंट किए जाएं। इससे जनपदों के हमारे परम्परागत उत्पादों का प्रचार होगा। स्टेट गेस्ट हाउस, हवाई अड्डों आदि पर ओडीओपी उत्पादों के आउटलेट स्थापित किए जाएं, तथा ऑन लाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इन उत्पादों के विपणन की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

## आठ नए विवि की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने की संस्तुति



● सीएस की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की बैठक में निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि निजी विवि की स्थापना से प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें प्रदेश में ही गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्राप्त होगी, साथ ही लोगों के लिये रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। बृहस्पतिवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विवि की स्थापना के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के समक्ष निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विवि की स्थापना के संबंध में आठ प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। विचार-विमर्श के उपरान्त समिति ने आठ नए निजी विवि-महर्षि महेश योगी रामायण विवि, अयोध्या, महर्षि महेश योगी इन्टरनेशनल एग्रीकल्चर विवि, बिल्हौर (कानपुर नगर), फ्यूचर विवि, बरेली, शारदा विवि, आगरा, जीएस विवि, हापुड़, विद्या विवि, मेरठ, डॉ. केएन मोदी विवि, गाजियाबाद, केएम (कृष्ण मोहन) विवि, मथुरा को आशय पत्र जारी करने की संस्तुति की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आयुष आराधना शुक्ला, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुधीर एम. बोबड़े, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विधायक के निधन पर स्पीकर ने जताया शोक

**लखनऊ।** यूपी के मिर्जापुर जिले के छानबे विधानसभा से अपना दल (एस) के विधायक और सोनभद्र के पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल के पुत्र राहुल प्रकाश कोल कैंसर से जंग हार गए। उन्होंने गुरुवार सुबह मुंबई स्थित अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह मात्र 40 वर्ष के थे और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके निधन पर शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। राहुल प्रकाश कोल छानबे विधानसभा सीट पर लगातार दूसरी बार विधायक बने थे। 2017 विधान सभा चुनाव में वे सबसे कम उम्र के विधायक बने थे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधायकों के एक समूह के साथ बैठक के दौरान सूचना मिलने पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की। विधानसभा अध्यक्ष ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के साथ ही शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुरूख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## विधायकों को सम्मान देना अधिकारियों की जिम्मेदारीः स्पीकर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायकों का सम्मान उस क्षेत्र की जनता का सम्मान है लेकिन पिछले कुछ दशकों से विधायकों का सम्मान कम करने की कोशिश की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों को सम्मान देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विधायकों समूहों के साथ बैठकों की श्रृंखला में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने व्यावासायिक क्षेत्र से जुड़े विधायकों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने विधायको से कहा कि हम सब जिस क्षेत्र में हैं उस क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने का काम करें। श्री महाना ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था के तहत जनता के प्रतिनिधि होने के नाते सबसे बड़ी जिम्मेदारी विधायिका की ही दिखाई पड़ती है। इसलिए हम सबको इस क्षेत्र में रहते हुए जनहित में विकास के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यूपी विधानसभा अब वह देश की विधानसभाओं का नेतृत्व करने को तैयार है। श्री महाना ने कहा कि पहले यूपी विधानसभा की चर्चा नहीं होती थी लेकिन यहां हो रहे बदलावों की अब चर्चा दूसरी विधानसभाओं में भी हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यूपी विधानसभा में अभी और भी बदलाव देखने को मिलेंगे। मेरा यूपी विधानसभा के प्रति पुरानी धारणा बदलने का प्रयास है। महाना ने कहा कि बजट सत्र के बाद एक साल पूरा होने पर विधायकों के साथ ग्रुप डिस्कशन का काम किया जाएगा जिससे मालूम हो सके कि उन्होंने इस अवधि में क्या सीखा और अभी और क्या बेहतर किया जा सकता है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह दावा तो नहीं करता कि सब कुछ ठीक कर दूंगा पर पिछले कुछ दशकों से विधानसभा का जो ग्राफगिरता जा रहा था उसे रोकने का काम करता रहूँगा। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी विधानसभा की छवि में अब धीरे धीरे बदलाव हो रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि विधानसभा में डिबेट का चलन अब धीरे धीरे कम होता जा रहा हैए जो चिन्तनीय है। अगर डिबेट होगी तो सदन का कार्यवाही भी लम्बे समय तक संचालित होगी। भाजपा सदस्य आशुतोष टंडन गोपाल ने कहा कि हम सबको मिलकर यूपी के विकास के लिए काम करना चाहिए। साथ ही अपनी प्रतिष्ठा भी उस क्षेत्र का विकास करके बढ़ानी होगी तभी यूपी विधानसभा की अलग पहचान बन सकेगी। भाजपा विधायक हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ रोमी साहनी ने कहा कि अध्यक्ष सतीश महाना के प्रयासों से अब यूपी विधानसभा की छवि में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि यूपी विधानसभा अब शिखर पर पहुंच रही है।

## नगरीय निकायों में डिग्री, डिप्लोमा धारक छात्रों को मिलेगा इंटर्नशिप करने का मौका



● निदेशक नगर निकाय ने एसीएस उच्च शिक्षा व प्राविधिक शिक्षा विभाग को भेजा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के युवाओं को अब नगरीय निकायों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। नगरीय शिक्षण इंटर्नशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत युवाओं को नगरीय निकाय निदेशालय के अधीन नगर निकाय प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी आदि में काम करने का अवसर प्राप्त होगा। प्राविधिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानो को इस कार्यक्रम की जोड़ने की पहल की गई है। साथ ही यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के साथ टाइ अप करने का भी फैसला लिया गया है।

निदेशक नगर निकाय निदेशालय नेहा शर्मा ने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग और अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग को भी पत्र भेजा है। नेहा शर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि वह ट्यूलिप के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित निकाय में स्थित कार्यालय के निकटस्थ कॉलेज अथवा विवि आदि से करार करते हुए छात्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। वहीं उच्च शिक्षा विभाग और प्राविधिक शिक्षा विभाग को भेजे गए पत्र में निदेशक नगर निकाय द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों एवं महाविद्यालयों तथा प्राविधिक शिक्षा संस्थानों एवं महाविद्यालयों को नगर निकाय से साथ टाइ अप ;कर ट्यूलिप इंटर्न उपलब्ध कराने संबंधी निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। नगरीय शिक्षण इंटर्नशिप कार्यक्रम ट्यूलिप से इंटर्नशिप करने के लिए छात्रों की अर्हता निर्धारित की गई है। इसके तहत किसी भी विषय या स्ट्रीम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाला प्रत्येक स्नातक, परास्नातक, एमफिल, पीएचडी, डिप्लोमा धारक छात्र छात्राएं इस इंटर्नशिप कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। अभ्यर्थी अंतिम नतीजे जारी होने की तिथि से 36 माह के भीतर ही आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप कार्यक्रम की समयसीमा निकाय द्वारा निर्धारित की जाएगी। छात्र इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए सीधे भी पंजीकरण करा सकते हैं। इच्छुक छात्र छात्राएं वेबसाइट पर सीधे जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

## कम पैसे में इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यूवल कराने की ठगी करने तीन गिरफ्तार




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कम** पैसे में इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यूवल कराने का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी करने वाले तीन शातिर जालसाजों को एसटीएफ की टीम ने गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया। एसटीएफ को बीते कुछ समय से गौतमबुद्धनगर में फ र्जी काल सेंटर चलाकर ग्लोबल डाटा आर्टस से डाटा लेकर फर्जी आईडी की सिम से काल कर इन्श्योरेंस पालिसी को कम रुपयों में रिन्यूवल कराने का लालच देकर व दुबारा शुरू कराने के लिए अपने फ र्जी बैंक एकाउंट के पैसे ट्रान्सफ र कराकर ठगी करने तथा फर्जी एकाउंट के एटीएम द्वारा पैसे निकालने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रहीं थी। इस संबंध में कार्रवाई के लिए वेस्ट यूपी की एसटीएफ टीमों को निर्देशित किया गया था। मेरठ की टीम को छानबीन के दौरान पता चला कि थाना मेडिकल क्षेत्र में 23 दिसंबर 2022 को एसटीएफ द्वारा फ र्जी प्लेसमेंट सेंटर चलाकर बेरोजगार नवयुवकों के साथ धोखाधड़ी कर नौकरी दिलाने का लालच देकर मोटी रकम वसूल करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना का वांछित जितेन्द्र अग्रवाल उर्फ जिगर सेक्टर 63 के ए ब्लाक में फर्जी काल सेंटर में कार्य कर रहा है।

इस पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने ए-ब्लाक के बिल्डिंग नम्बर ए-146 की दूसरी मंजिल पर अन्दर बने अलग-अलग कैबिन में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम-पता इमरान निवासी मारिया मोड़, लोहारपुर, गाजियाबाद, जितेन्द्र अग्रवाल उर्फ जिगर निवासी कल्लूपुरा, थाना मसूरी, गाजियाबाद और रोहित सैनी निवासी खत्रीवाड़ा, कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद, बुलंदशहर बताया।

## डेनमार्क के साथ नई तकनीक पर चर्चा कर रही योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर एक सेक्टर में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार नई नई तकनीकों के माध्यम से आमजन के जीवन को सुलभ बनाने के लिए देसी और विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही है। इसी क्रम में अब सरकार कृषि अपशिष्ट से एथनॉल और मेथनॉल बनाने की तकनीक को आत्मसात करने पर विचार कर रही है। दरअसल हाल ही में डेनमार्क के राजदूत एच ई फ्रेडी स्वान ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से भेंट की थी। भेंट के दौरान डेनमार्क के राजदूत ने स्टबल स्ट्रॉ को बायो स्ट्रॉ ब्रिकेट में एथनॉल या मेथनॉल में परिवर्तित करने से संबंधित टेक्नोलॉजी की उपयोगिता के विषय पर गहनता से चर्चा की। डेनमार्क के राजदूत का कहना है कि गेहूं और धान के कृषि अपशिष्ट व पराली से बायोमेथनॉल, ई मेथनॉल का उत्पादन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से भी इस तरह की तकनीक में रुचि दिखाई गई है और संभावना है कि डेनमार्क में पहला प्लांट स्थापित होने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार तकनीक ट्रांसफर या डेनमार्क के साथ साझेदारी में इस ओर कदम बढ़ा सकती है। इस तकनीक की मदद से पराली के माध्यम से ब्रिकेट तैयार होता है ब्रिकेट से किण्वन द्वारा बायोगैस उत्पादन और फिर बायोगैस को इलेक्ट्रिक स्टीम मीथेन रिफार्ममेशन प्रक्रिया से बायोमेथनॉल उत्पादन होता है। किण्वन प्रक्रिया से उत्पादित कॉर्बन डाइआक्साइड में हाइडोजन गैस की प्रकिया से ई मेथनॉल का उत्पादन किया जाता है। डेनमार्क द्वारा इस पेटेन्ट की गयी तकनीक पर आधारित प्रथम परियोजना को स्थापित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में इससे उत्पादन शुरू किया जाना प्रस्तावित है।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आधुनिक यूपी की झलक पेश करेगा ड्रोन शो

● देश और दुनिया से आए मेहमानों को आधुनिक यूपी की दिखाई देगी झलक

### कार्यक्रम में 600 ड्रोन्स द्वारा एक विशिष्ट शो का किया जाएगा आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** में 10 से 12 फरवरी के मध्य होने जा रही यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को भव्य बनाने के लिए योगी सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर आयोजन स्थल यानी वृंदावन योजना की टेंट सिटी में मेहमानों के स्वागत और उनकी सुविधा के लिए हर तरह की व्यवस्था की जा रही है। मेहमानों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है जबकि उन्हें आधुनिक होते यूपी की झलक दिखाने के लिए एक भव्य ड्रोन शो को भी शोकेस किया जाएगा। इस आयोजन में 600 ड्रोन्स की उपस्थिति में विशिष्ट लाइटिंग शो से पूरा वेन्यू जगमगा उठेगा। इस ड्रोन शो कम लाइटिंग शो का मेहमान दर्शक दीर्घा में बैठकर दीदार कर सकेंगे। यह ड्रोन शो एक तरह से इस पूरे आयोजन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन साबित हो सकता है। यह कार्यक्रम कितना भव्य होगा इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 600 ड्रोन्स का इस्तेमाल किया जाएगा जो कि आयोजन स्थल के आकाश में रंग बिरंगी रोशनी में सराबोर होकर एक अलग ही आभा प्रस्तुत करेंगे। उत्तर प्रदेश में दो अवसरों पर पहले भी ड्रोन शो का आयोजन हो चुका है। हाल ही में काकोरी बलिदान दिवस की याद में गोरखपुर में 750 ड्रोन्स के जरिए एक अलौकिक शो का आयोजन किया गया था जो कि न केवल राज्य बल्कि देश का भी अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन शो था। इससे पूर्व लखनऊ में भी वर्ष 2021 के दौरान रेजिडेंसी में आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान 500 ड्रोन्स का उपयोग हुआ था जिन्होंने एक अलग ही आभा बिखेरी थी। इन्हीं सफलताओं से उत्साहित होकर प्रदेश सरकार ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में भी ड्रोन शो को बतौर एक सिग्नेचर ब्लॉकबस्टर इवेंट के तौर पर शामिल करने जा रही है। इसके लिए बाकायदा प्रशासन की ओर से सभी जरूरी कार्य किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि शो के पूर्व एक निर्धारित कोऑर्डिनेट पर जल्द ही इसकी टेस्टिंग की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कार्यक्रम में भाग लेने आए प्रतिभागियों की सहूलियत के लिए बाकायदा आयोजन स्थल पर एक अलग से दर्शक दीर्घा बनाई जा रही है जहां से हर कोई इस शो का आनंद उठा सकेगा। इस भव्य कार्यक्रम की गूंज न केवल पूरे देश बल्कि दुनिया के विभिन्न कोनों में भी हो रही है। यही कारण है कि इस भव्य कार्यक्रम को नव्य प्रारूप में प्रस्तुत करने एवं देश विदेश से आए निवेशकों में उत्तर प्रदेश की अलग और आधुनिक पहचान बनाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल इनवेस्टर समिट से जुड़े सूक्ष्म से सूक्ष्म पहलुओं पर नवाचार के दृष्टिगत किस प्रकार कार्य किया जा रहा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आयोजन स्थल पर आवागमन हेतु जैविक ऊर्जा से चलने वाले वाहनों के बजाए जीरो एमिशन गोल्फ कार्ट को प्राथमिकता दी जा रही है।

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र सरकार ने लोकलुभावन बजट पेश कर उसका ढिंढ़ोरा पीटना शरु कर दिया है। इस बजट में भी भाजपा सरकार ने आदतन मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के बुनियादी मुद्दों को दर किनार कर दिया और जनता का ध्यान बंटाने के लिए कुछ घोषणाएं करके चुप्पी साध ली है।

अखिलेश ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पर चंद पूंजीपतियों का कब्जा है। भाजपा सरकार राष्ट्रीय सम्पत्तियों को उन्हीं के हाथों बेच रही हैं। देश की सरकारी और सार्वजनिक संस्थानों से उद्योगपतियों को बड़े-बड़े कर्ज दिलवाए गए हैं। एक बड़े उद्योगपति का सरकारी संरक्षण की बदौलत विशाल साम्राज्य खड़ा हो गया पर एक संस्थान ने सच्चाई उजागर कर उस साम्राज्य की दीवारों को दरका दिया जो झूठ के रेत पर बना था। शेयर बाजार में उसके शेयर तेजी से गिर रहे हैं। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में एक फीसदी अमीरों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक सम्पत्ति पर कब्जा हो गया है। देश की आधी से ज्यादा आबादी का सिर्फ तीन प्रतिशत हिस्सा है। प्रधानमंत्री 2014 में महंगाई कम करने के वादे के साथ सत्ता में आये लेकिन अब महंगाई कम करने की बात को भूल गये है। बाजार में आज आटा 38.40 रुपए प्रति किलों बिक रहा है। पेट्रोल-डीजल और गैस की बढ़ी कीमतों पर कोई रोक नहीं है।

बाजार पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। मनरेगा का काम भी अब तेजी नहीं पकड़ रहा है। गरीब को बस मुफ्त अनाज देकर उसकी गरीबी का मजाक बनाया जा रहा है। देश को बुलंदियों पर ले जाने का दावा

## समस्या समाधान का भरोसा देकर घर जाने का किराया भी दिलाया योगी ने

● कोई दबंग-माफिया किसी की जमीन कब्जाने पाएगाः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



**जनता** की समस्याओं के निस्तारण की प्रतिबद्धता के साथ व्यक्तिगत संवेदनशीलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली को अति विशिष्ट बनाती है। गुरुवार सुबह जनता दर्शन के दौरान उनकी इसी कार्यशैली ने समस्या लेकर आए लोगों में न केवल समाधान का चिर परिचित भरोसा जगाया बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री का मुरीद भी बना दिया। सबकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का परिणामजन्य आश्वासन देने के साथ ही सीएम योगी ने कौशाम्बी से आई महिला को घर जाने के लिए गोरखनाथ मंदिर कार्यालय से किराया भी दिलवाया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद महिला के बद्ध कर और नम आंखें कृतज्ञता का ज्ञापन कर रही थीं। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। उनकी पीड़ा सुनीए उसे महसूस किया और समस्या के त्वरित निराकरण का निर्देश अधिकारियों को दिया।

समस्या सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, समस्या कोई भी होए मेरे रहते घबराने या चिंता करने की बिलकुल जरूरत नहीं है। सबकी समस्या का न्यायोचित समाधान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। न तो किसी के इलाज में धन की बाधा सामने आएगी और न ही कोई दबंग-माफिया किसी की जमीन कब्जाने पाएगा। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग, जमीन कब्जाने, धोखे से जमीन की रजिस्ट्री कराने जैसे मामले आए थे। समस्या लेकर आने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों पर सीएम ने दो टूक कहा कि यदि कोई दबंग या माफिया किसी की जमीन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करते हुए करारा सबक सिखाया जाए। जमीन के पारिवारिक विवाद में दोनों पक्षों को मिल बैठकर कानून के दायरे में समझाया जाए। समस्या कोई भी हो, उसका त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान होना चाहिए। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया। जनता दर्शन में कौशाम्बी से एक महिला जमीन से जुड़ी समस्या लेकर पहुंची थी।

मुख्यमंत्री ने उसकी समस्या सुनकर आश्वस्त किया कि चिंता मत करिए जरूर न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी। सीएम से भरोसा पाने के बाद महिला ने उनसे कहा कि महाराज जीए घर वापस जाने के लिए किराए का पैसा नहीं है। इस पर मुख्यमंत्री ने उसके प्रति संवेदना जताते हुए मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों को निर्देशित किया कि कार्यालय से महिला को किराए की राशि उपलब्ध कराई जाए।

# 245 सरकारी वाहन 1 अप्रैल को होंगे कण्डम

संवाददाता। सीतापुर

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय के एक आदेश ने यूपी के सीतापुर में खलबची मचा दी है। जिले की सड़कों पर दौड़ रहे सरकारी अफ्सरों के करीब 245 वाहन एक अप्रैल से कबाड़ हो जाएंगे। मसलन, इन वाहनों को सड़क से हटाने का फैसला लिया गया है।

इस आदेश ने मुश्किलें उन चालकों की भी बढ़ाई हैं, जिनके पास प्राइवेट वाहन हैं। उन्हें भी पुनः पंजीयन कराना होगा, नहीं तो सड़कों पर उनके वाहन फर्राटा नहीं भर सकेंगे। आइए आपको केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के उस आदेश से रूबरू कराते हैं, जिसके बाद सीतापुर में सरकारी महकमे में 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों को सड़कों से हटाने की कवायद शुरू हो चुकी है।

**● 15 साल की उम्र पूरी कर चुके सरकारी वाहनों को हटाने का फैसला**

आपको बता दें कि सीतापुर में मौजूदा समय में 92881 ऐसे वाहन दर्ज हैं, जो एक अप्रैल को 15 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं। इसमें सबसे पहले बात सरकारी वाहनों की करते हैं। ऐसे वाहनों की संख्या 245 हैं।

अब 1 अप्रैल 2023 से इन सरकारी वाहनों को सड़कों से हटाने का आदेश जारी हो चुका है, जो कबाड़ हो जाएंगे, उसमें एडीजी, आईजी, डीआईजी, जिला मजिस्ट्रेट, एसपी, एसपीएमवीओ, कमांडेट, पीएसी, 27वीं वाहिनी, पीटीसी, फायर स्टेशन, शहर कोतवाली, पुलिस लाइंस आदि के नाम से वाहन रजिस्टर्ड हैं। ये तो रही सरकारी वाहनों की बात। अब इसी के साथ प्राइवेट वाहनों की बात कर लेते हैं। जिले में 83301 प्राइवेट वाहन हैं। एक अप्रैल को इनकी भी 15 साल की उम्र पूरी हो चुकी है। इसी तरह से 9335 वाहन कमर्शियल हैं, इनकी भी उम्र 1 अप्रैल को पूरी हो जाएगी। इन सभी वाहनों के स्वामियों को पुनः पंजीयन कराना होगा। अन्यथा आने वाले समय परेशानी में आ सकते हैं। सीतापुर की एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने 'पायनियर' को बताया कि सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से 1 अप्रैल से 15 साल की उम्र पूरी कर चुके सरकारी वाहनों को हटाने का फैसला लिया गया है। सीतापुर में 245 सरकारी वाहन हैं, जिन्हें सड़कों से हटाया जाएगा। प्राइवेट और कमर्शियल वाहन के स्वामियों को भी 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों का पुनः पंजीयन करा लेना चाहिए, जिससे आने वाले समय में उन्हें दिक्कतें न उठानी पड़े।

# मानक विहीन बनता पाया गया डफरा पीएचसी भवन

संवाददाता। सीतापुर

**सरकारी** भवनों के निर्माण में मानकों की अनदेखी खुलकर सामने आ रही है। विकास कार्यों के मद में आई धनराशि का बंदरबांट हो रहा है, मानकों को दरकिनार कर सरकारी भवन बनाए जा रहे है। गुरूवार को महमूदाबाद विधायक द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में भी ऐसा ही पाया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत डफ्रा में निर्माणाधीन पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्वयं अपने हाथों से ईंटों की मजबूती परखने के लिए तोड़ना शुरू कर दिया।

मानकविहीन निर्माण देख वह भड़क उठी और फ्टकार लगाई। उन्होंने मौके पर पाया कि भवन निर्माण में खुलेआम पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जा रही सीमेंट और मौरंग की मात्रा भी सही नहीं पाई गई, इतना ही नहीं मजबूती के लिए वैसे तो गिट्टी की कुटाई होनी चाहिए थी, लेकिन विधायक ने वहां मौजूद ग्रामीण से नींव खुदवा कर देखा तो बिना गिट्टी के ही नींव की चुनाई कर दी गई थी, यह देख विधायक ने गहरी नाराजगी जताई और सख्त लहजे में कहा कि यहां लूटने वाला कोई काम नहीं, काम की गुणवत्ता से कोई कंप्रोमाइज नहीं किया जाएगा। उन्होंने ठेकेदार के विषय में जानकारी की, लेकिन वहां मौजूदा ग्रामीण इस विषय में कुछ नहीं बता सके, विधायक आशा मौर्या ने पीली ईंटों को वापस कराकर अव्वल का ही प्रयोग करने के निर्देश दिए।

# सीतापुर में भी न जाने कितने 'स्वामी', भड़का रहे माहौल

संवाददाता। सीतापुर

**● फेसबुक पर भगवान राम और लक्ष्मण को लेकर की विवादित पोस्ट**

**● सिधौली के एक युवक ने माहौल खराब करने की कोशिश की**

**● पोस्ट से भड़के हिंदू संगठन ने जमकर किया हंगामा और प्रदर्शन**

**रामचरित** मानस को लेकर दिए गए विवादित बयानों के बीच प्रमोशन पाए सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार टिप्पणियां कर सियासी तापमान बढ़ा रहे हैं, लेकिन यूपी के सीतापुर में भी हर दिन नए-नए स्वामी प्रसाद मौर्य सामने आ रहे हैं। गुरुवार को एक युवक ने सिधौली में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है, इससे माहौल काफी गरमा गया है।

मामले की सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठन के लोग भड़क गए और जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। मामले में केस दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आइए आपको इस पूरे मामले से रूबरू कराते हैं। दरअसल, सीतापुर की सिधौली कोतवाली इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी फेसबुक पर भगवान राम और लक्ष्मण, भीमराव अंबेडकर को लेकर विवादित पोस्ट की है। पोस्ट डालने वाले युवक ने पोस्टर के साथ ही कुछ अमर्यादित शब्दों का भी इस्तेमाल किया है। फेसबुक पर विवादित पोस्ट पड़ते ही वायरल हो गई है। इसकी जानकारी हिंदू संगठनों तक पहुंचते वह आक्रोशित हो गए। आनन-फानन में बजरंग दल ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत में लिखा है कि हिंदू धर्म के आस्था के केंद्र आराध्य प्रभु राम के विरुद्ध अपमानजनक पोस्ट की गई है। ऐसी पोस्ट करने वाले का नाम गोलू है। इसको लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश है। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए सिधौली पुलिस ने गोलू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यही नहीं, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। आई इंडिया की अपील है कि लोगों को ऐसे विवादित पोस्टों और बयानों से बचने की जरूरत है।

ऐसा करने से माहौल खराब होता है और कहीं न कहीं इसका परिणाम विवाद में पड़ने वालों को ही भुगतना पड़ता है। जैसा गोलू के साथ हुआ। अब कानूनी पचड़े में पड़ते ही होश पाख्ता हो जाएंगे। हालांकि, कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ऐसा करते हैं, लेकिन इससे बचने की जरूरत है।

# पूर्ति निरीक्षक व राशन कोटेदार की शिकायत विधायक व एसडीएम गोला से

संवाददाता। गोलागोकर्णनाथ खीरी

**तहसील** गोला विकास खंड बांकेगंज के ग्राम पहाड़पुर में राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण राशन कोटेदार अजय कुमार करता है इसकी मनमानी व भ्रष्टाचार के चलते गरीब राशनकार्ड धारकों में आक्रोश फैल रहा है।

जानकारी के अनुसार तहसील गोला ब्लाक बांकेगंज के ग्राम पहाड़.पुर न्यायपंचायत कुकरा के राशनकार्ड धारकों ने कोटेदार अजयकुमार पर तमाम गंभीर आरोप लगाएं है जिसमें खाद्य सामग्री के वितरण में घटतौली करना, गेंहू व चावल में कंकड़ पत्थर व अन्य की मिलावटी करना, राशनकार्ड धारक के अंगूठे का निशान लगाने के बाद तकनीक खराबी बताकर राशन हड़पने, आंगनबाड़ी केंद्र व सरकारी स्कूल के बच्चों को वितरण होने वाले पोषाहार में गड़बड़ी जैसे मामलों की जांच व कार्रवाई होनी चाहिए।

ग्राम पंचायत पहाड़पुर के गरीब राशनकार्ड धारकों व प्राइमरी



पाठशाला के शिक्षक ने लिखित शिकायत उप जिलाधिकारी गोला से की पर आजतक भ्रष्ट कोटेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार अगर एक सप्ताह में कोई कार्रवाई नहीं होती है तब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से ग्रामीण शिकायत करेंगे।

# ट्रैफिक नियमों का पालन करें, जुर्माना-कार्रवाई से बचें

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश ?य से खीरी मे ष्सड़क सुरक्षा माहष् मनाया जा रहा।

सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में गुरुवार को सभी बस यूनियन, ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों को परिवहन कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन हुआ।

एआरटीओ ;प्रशासनद्ध आलोक सिंह ने उपस्थित लोगो को सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाने, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, सड़क पर लग रहे अकारण जाम के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए अपेक्षा की कि सभी यूनियन पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनकी यूनियन से संचालित होने वाले वाहन अपने निर्धारित स्थान से सवारियॉ चढ़ायें, उतारे। माल वाहन



की दशा में अपनी वाहनों पर माल लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य अपने नियत स्थान पर ही किया जाये, जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति न पैदा हो। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि यदि भविष्य में ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित यूनियन पदाधिकारी, वाहन स्वामी के विरूद्ध कठोर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपनी यूनियन से संचालित वाहनों के चालकों को जागरूक करें कि वह अपनी वाहन को भीड़.भाड़ वाले मार्गो पर यदि रोकने की आवश्यकता है तो सड़क किनारे उचित स्थान पर खड़ी करें, जिससे मार्ग पर चलने वाले अन्य लोगों एवं वाहनों को कोई असुविधा न हो और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखा जाये कि यदि मार्ग पर एम्बूलेंस निकल रही है तो अपनी वाहन को किनारे करते हुए एम्बूलेंस को आगे बढ़ने में प्राथमिकता दी जाये।

उक्त कार्यक्रम में जनपद के अलग.अलग स्थानों में संचालित वाहन यूनियन के 100 से अधिक पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक पंकज, कार्यालय कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। लोगो को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पेम्फ्लेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए।

सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ ;प्रवर्तनद्ध रमेश कुमार चौबे ने गोला क्षेत्र में भ्रमणसील रहकर प्रवर्तन अभियान चलाया। हैदराबाद थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले दो वाहनों को सीज कर थाने में खड़ा कराया। एआरटीओ ने बजाज चीनी मिल गोला में गन्ना परिवहन कर रहे बिना फिटनेस, कर बकाया वाले 05 ट्रक का गन्ना लोड होने के कारण सीज न करते हुए चालान किया। एआरटीओ ने चीनी मिल को चेताया कि यदि इसकी पुनरावृति मिली तो वह वाहनों को सीज कर देंगे।

एआरटीओ ने गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र में बिना फिटनेस, कर बकाया वाले संचालित चार स्कूली वाहनों को चालान किया। चेकिंग में स्कूली वाहनों में बच्चे सवार मिलने पर एआरटीओ ने वाहनों को सीज न करते हुए केवल उक्त वाहनों का चालान कर छोड़ दिया। एआरटीओ ने चेताया की स्कूल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ ना करें। बिना फिटनेस वाले स्कूली वाहनों का संचालन कदापि ना कराएं, फिटनेस कराने के बाद ही वाहनों का संचालन हो।

# अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

**निघासन** अधिवक्ता संघ निघासन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता मंत्री हरि नंदन लाल यादव को बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य श्री अजय कुमार शुक्ला ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई ।बुधवार को तहसील सभागार में तहसील अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि श्री अजय कुमार शुक्ला व विशिष्ट अतिथि सिविल जज धर्मेंद्र कुमार यादव व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह व मंत्री मनोज जायसवाल कार्यक्रम व एसडीएम राजेश कुमार तहसीलदार भीमचंद व नायब तहसीलदार हरिराम व सुधांशु शाही रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। डाक्टर शशि श्रेया ने सरस्वती बंदना की।संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने अतिथिगणों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।संघ के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता मंत्री हरिनंदन लाल यादव को बार काउंसिल के सदस्य ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई उपाध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ला और संयुक्त मंत्री को सिविल जज धर्मेंद्र कुमार यादव ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।अन्य पदाधिकारीयो को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।इसके बाद आमंत्रित कवियों में फारुख सरलए प्रमोद पांडे नीरज पांडे डॉक्टर शशि श्रेया ने ने काव्य पाठ किया जो वकीलों को तालियां बजाने और हंसने पर मजबूर किया। संघ के अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों बं सम्मान किया। सभा को अतिथि गणों ने संबोधित करते हुए कहा नई कार्यकारिणी के लोगों से अधिवक्ताओं के हित व सम्मान से कोई समझौता न करने की बात कही। संघ का संचालन रवि गुप्ता ने किया किसके साथ सुबोध पांडे एरामकृष्ण चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# बैंक मैनेजर के रवैया से परेशान किसान व क्षेत्रवासी

**ढखेरवा** चौराहा. खीरी। पंजाब नेशनल की शाखा ढखेरवा चौराहा में आए दिन केवाईसी के नाम पर किसानों को बैंक के कई बार बुलाया जाता हैं उसे कभी सर्वर डाउन होने की बात बताई जा सीसीती हैं कई बार शाखा प्रबंधक से कई पंचायत के प्रधानों ने इस विषय पर चर्चा की तो अभद्र व्यवहार से बात कृत्य करता है किसान व आम जनता जनार्दन पीएन बी शाखा प्रबंधक परेशान है ग्राम पंचायत ढखेरवा नानकार के प्रधान प्रतिनिधि आशीष मिश्र ने मैनेजर से केवाईसी से संबंधित बात की मैनेजर साहब ने अभद्र टिप्पणी में बात करना शुरू कर दिया और सरवर ना होने की बात कही जबकि सरवर बैंक में था और जब उनका वीडियो क्लिप बनने लगी तो सहायक मैनेजर माफी मांगने पर आमादा हो गए।

# ग्राम जडौरा में वनदरोगा ने कटवा दिया आम का वृक्ष

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

**दक्षिण** खीरी वनप्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी की बीट बिलहरी के ग्राम जडौरा में वनरक्षक. वनदरोगा सेमिलकर वृहस्पतिवार दिनांक 2फरवरी को सुबह सुबह लकड़ी ठेकेदार ने देशी आम के वृक्ष का कटान कराने के बाद लकड़ी भी उठा ले गया है।

गौरतलब हो कि चोरी से शीशम के वृक्षों का कटान कराने की चर्चा पहले से आ रही थी पर वह सही वृहस्पतिवार को साबित हुई जब हराभरा देशी आम के खड़े वृक्ष का कटान कर लकड़ी का उठान भी हुआ है इस वृक्ष का कटान वनरक्षक व वनदरोगा अशोक वर्मा की मिली भगत के चलते हुआ है। इससे पहले भी कई बार बगैर परमिट व निकासी के कटान क्षेत्रीय वनदरोगा अशोक वर्मा ने कराया था जिसकी शिकायत भी आप से कर चुका हूं।

# सुलह अधिकारी अब वरिष्ठ नागरिकों के मददगार बनें

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बूढ़े** माता.पिता व वरिष्ठ नागरिकों के भरण.पोषण व जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए प्रत्येक तहसील अभिकरण में नियुक्त सुलह अधिकारियो की गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक ली। बैठक में भरण पोषण नियमावली के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों को कैसे अधिक से अधिक लाभ पहुचाया जाय तथा उनके अधिकारों को कैसे सुरक्षित किया जाये इस सम्बंन्ध में विचार .विमर्श हुआ। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने उपस्थित सुलह अधिकारियों को अपने अधिकरण से सम्बंधित उपजिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये अधिकरण के क्षेत्र में आने वाले थानों के थानाध्यक्षों, विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों, चिकित्सालयों के चिकित्साधिकारियों, नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क स्थापित कर कार्यशाला आयोजित करते हुये कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों उनकी सुरक्षा आदि के सम्बंध में जानकारी देने, प्रचार.प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ;विकासद्ध नीरज पटेल, पटल सहायक अंशुमान सिंह, सुलह अधिकारी तहसील सदर आनन्द किशोर सोनी एड0 ए तहसील धौरहरा रामकिशोर मिश्र तहसील पलिया राजीवकुमार शुक्ला ;एड0द्धए तहसील निघासन शशिकान्त चतुर्वेदी एड0और तहसील मितौली से सरोज कुमार अवस्थी एड0 उपस्थित रहे।

# नेशनल पब्लिक स्कूल को बड़ी सौगात, मिली मिनी साइंस लैब

**ओयल खीरी।** जिससे नेशनल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र . छात्राओ के चेहरे खुशी से चमक उठे। इनर व्हील क्लब लखीमपुर नवदिशा की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डाव वर्षा विनय कुमार केमिस्ट्री में मास्टर और डॉक्टरेट हैं एवं सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टिट्यूट में एक रिसर्च एसोसिएट के रूप में काम भी कर चुकी हैं और मैम, हैलो वुमैनिआ मैगज़ीन की पेपर हेड भी रह चुकी है, जिनके द्वारा छात्रों की विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन कराया गया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रिचा अगरवाल द्वारा विद्यालय प्रबंधिका दीपाली गोयल का आभार व्यक्त किया गया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तनु, दीपिका, विभा, नीतू, कुमकुम, सपना, हर्षा एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारीयों की सराहनीय प्रतिभागीता रही।

# इमरजेंसी में उपचार व अन्य सेवाओं में बढ़ोतरी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**प्रारंभिक** उपचार हेतु जिला चिकित्सालय के पुराने भवन में संचालित इमरजेंसी के स्थानांतरित के बाद इमरजेंसी मरीजों को उपचार हेतु अन्य सेवाओं में बढ़ोतरी की गई है। जिनमें नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर सुबह 9 से 5 तक सेवाएं दी जाएंगी। वहीं रात्रि में आने वाले इमरजेंसी मरीजों के लिए एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था की गई है।

प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् अनिल कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता के निर्देश के क्रम में जिला पुरुष चिकित्सालय के पुराने भवन में संचालित इमरजेंसी के विस्थापन के बाद से शहर के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैया बाग, निर्मल नगर और नौरंगाबाद में मरीजों को सुबह 9रू00 बजे से शाम 5: 00 बजे तक सेवाएं दी जाएंगी। वहीं रात्रि कालीन



इमरजेंसी के लिए एक एंबुलेंस शाम 4 बजे से सुबह 10 बजे तक पुरानी इमरजेंसी के सामने खड़ी रहेगी जो इमरजेंसी में मरीजों को जिला पुरुष चिकित्सालय तक ले जाएगी।

यह सेवा 8 फरवरी तक जारी रहेगी। जिसके बाद मरीजों और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एंबुलेंस सेवा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में मरीज व उनके तीमारदार 108 व 102 के नोडल डॉ धनीराम भार्गव से संपर्क कर सकते हैं।

वहीं पुरानी इमरजेंसी भवन में संचालित एकीकृत कोविड कमांड सेंटर पर इमरजेंसी प्राथमिक दवाओं की उपलब्धता रहेगी, जहां पर मरीजों को रात्रि में भी प्राथमिक दवाओं का लाभ दिया जाएगा।

# जमीनी विवाद में ग्रामीण की हत्या

**बरेली।** खेत की मेड को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगों ने एक ग्रामीण पर रास्ते मे घेर कर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां भीती रात मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। पीलीभीत से बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव अकबर गंज निवास 50 वर्षीय छोटेलाल पुत्र श्यामलाल की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि छोटे लाल का कल दिन में अपने पड़ोस के गांव रुरिया के रहने वाले वीरेंद्र से खेत की मेड़ को लेकर छोटे लाल का विवाद हो गया लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा करा दिया वीरेंद्र छोटेलाल से रंजिश मान बैठा और उसने शाम के समय खेत पर जा रहे छोटे लाल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# पेज एक का शेष

## अडाणी पर...

दो बजे जब फिर शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा। कई सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। शोर-शराबे के बीच पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति महोदया (द्रौपदी मुर्मू) ने दोनों सदनों को संबोधित किया है। अभिभाषण पर लाए जाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा महत्वपूर्ण होती है। यह उनका (राष्ट्रपति मुर्मू का) पहला अभिभाषण है। इस पर चर्चा करिए। सदन चर्चा के लिए होता है। जोशी ने कहा, आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि चर्चा आरंभ करिए। पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने भी विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने अपराह्न दो बजकर करीब पांच मिनट पर बैठक शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा में भी विभिन्न मुद्दों पर कार्य स्थगन के प्रावधान वाले नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित रही और बैठक को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे के कुछ ही मिनट बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के हंगामे के कारण उच्च सदन में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल भी नहीं हो पाया। उच्च सदन में आज पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शांति भूषण के निधन का उल्लेख किया। उनके योगदान की सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि शांति भूषण उच्च सदन के पूर्व सदस्य थे। इसके बाद सदस्यों ने उनके सम्मान में कुछ देर मौन रखा। धनखड़ ने इसके बाद सदन को बताया कि उन्हें विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के तिरुची शिवा सहित कुल नौ सदस्यों की ओर से नियम 267 के तहत नोटिस मिले हैं। उन्होंने पूर्व की अपनी व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि इनमें से कोई भी नोटिस स्वीकार किए जाने की अनिवार्यताओं को पूरा नहीं करता है, लिहाजा उन्होंने इन्हें अस्वीकार कर दिया। उनके ऐसा कहते ही विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। धनखड़ ने सदस्यों से सदन में शांति और व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया लेकिन अपनी बात का असर न होते देख उन्होंने सदन की कार्यवाही 11 बजकर सात मिनट पर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। धनखड़ ने सदस्यों से सदन में शांति और व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया लेकिन अपनी बात का असर न होते देख उन्होंने सदन की कार्यवाही 11 बजकर सात मिनट पर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## आरबीआई ने...

बार बैंक गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों के बदले उधार देते हैं और अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के इक्विटी शेयरों की कीमत में भारी गिरावट के चलते गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की कीमत भी घट सकती है।

## अडाणी एंटरप्राइजेज...

हित हमारे लिए सर्वोपरि है और उन्हें किसी तरह के संभावित नुकसान से बचाने के लिए निदेशक मंडल ने एफपीओ को वापस लेने का फैसला किया है।

## केरल के...

के बारे में कप्पन ने कहा कि वे छात्र थे। बरामदगी पर कप्पन ने कहा, कुछ नहीं...मेरे पास केवल एक लैपटॉप और मोबाइल था। उनके पास से कुछ (आपत्तिजनक) सामग्री मिलने की खबरों पर कप्पन ने कहा कि उनके पास दो पेन और एक नोटपैड था। कप्पन और तीन अन्य को अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था, जब वे सब हाथरस जा रहे थे, जहां कथित रूप से बलात्कार के बाद एक दलित महिला की मौत हो गई थी। आरोपी को तीन अन्य लोगों- अतिकुर रहमान, आलम और मसूद- के साथ मथुरा से अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। उन तीनों पर पीएफआई के साथ संबंध रखने तथा हिंसा भड़काने के षडयंत्र का हिस्सा होने का आरोप है।

## नफरती भाषणों...

कड़ी कार्रवाई करने, दोषियों के खिलाफ शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना तुरंत आपराधिक मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसने यह भी चेतावनी दी थी कि इस अत्यंत गंभीर मुद्दे पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से कोई भी देरी अदालत की अवमानना को आमंत्रित करेगी।

## नेपाल से...

नेपाल जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी रामरोशन दास और नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बिमलेंद्र निधि के साथ अयोध्या तीन कलसा तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी के साथ दर्जनों संत-महंत सम्मिलित हुए। पूजन के बाद एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने अयोध्या और जनकपुर के संबंधों के संबंधों के बारे में बताया। जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास ने दूल्हा-दुल्हन सरकार की जय का जयकारा लगाकर अयोध्या और नेपाल के त्रेता युग के संबंधों को पुनर्जीवित किया। जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास ने कहा कि शालिग्राम शिला को विष्णु का अवतार माना गया है। शालिग्राम शिला में प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जाती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूरा विश्व राम मंदिर का हार्दिक अभिनंदन कर रहा है, राम मंदिर बन भी रहा है। यहां से हम लोगों को कहा गया था कि अगर वहां पर इस आकार और इस गुणवत्ता का पत्थर उपलब्ध हो तो हम राम की बाल स्वरूप प्रतिमा उसी से बनाएंगे। उन्होंने समर्पण पत्र को पढ़कर सभी लोगों को सुनाया। इस अवसर पर नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री ने बताया कि पहले वह जनकपुर से जुड़ी श्रीराम की विरासत के अनुरूप रामलला के लिए धनुष भेंट करना चाहते थे लेकिन राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ दो वर्ष तक चले संवाद के बाद यह तय हुआ कि नेपाल की गंडकी नदी से रामलला की मूर्ति के लिए पवित्र शिला अर्पित की जाए और यह शिला समर्पित करते हुए हमें अपार खुशी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शिला के अयोध्या आगमन की यात्रा को विस्तार से बताया और शिला समर्पित करने के लिए जनकपुर मंदिर, नेपाल सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। नेपाल की शालिग्रामी नदी से निकाले गए दो बड़े पत्थरों को दो ट्रकों पर लादकर भारत लाया गया। शालिग्राम शिला यात्रा की अगुवाई राम जानकी मंदिर नेपाल के महंत राम पतेश्वर दास, नेपाल सरकार के पूर्व गृहमंत्री विमलेंद्र निधि सहित विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज व राम मंदिर के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल कर रहे थे। यात्रा के साथ नेपाल से करीब 200 भक्त भी अयोध्या पहुंचे हैं। शिला का दर्शन और स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में साधु संत एवं अयोध्यावासी एकत्रित रहे। इनमें ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेद्र दास, श्री राम आश्रम के महंत जयराम दास, जगद्गुरु परमहंस आचार्य, ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्र, गुरुद्वारा ब्रह्म कुंड के मुख्य ग्रंथि ज्ञानी गुरु जीत सिंह, महंत राम कुमार दास, हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास, महंत राजू दास, विधायक रामचंद्र यादव, राम मंदिर समर्थक मुस्लिम नेता बबलू खान, जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, कारसेवक पुरम के प्रभारी शिवदास सिंह आदि प्रमुख रहे।

## राम जन्मभूमि...

ने बताया कि फोन करने वाले ने धमकी दी कि सुबह 10 बजे वह राम जन्मभूमि को विस्फोट करके उड़ा देगा तथा उसके बाद फोन करने वाले ने कॉल काट दी। सिंह ने बताया कि इस सूचना पर सभी थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया और रामजन्म भूमि परिसर में कई थानों की पुलिस को तैनात कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा नौ नवम्बर 2019 को दिए गए ऐतिहासिक निर्णय के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। इसके इस साल दिसम्बर तक पूरा हो जाने की उम्मीद है।

## सूरजकुंड मेला...

है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से इस मेले ने भारत के विरासत शिल्प को पुनर्जीवित करने में भी मदद की है। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में आगंतुकों का प्रवेश आसान बनाने के लिए ऑनलाइन टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आसपास के क्षेत्रों के आगंतुकों को मेला स्थल तक ले जाने के लिए विभिन्न बिंदुओं से विशेष बसें चलाई जाएंगी। सिंह ने कहा कि सूरजकुंड मेला पार्टनर नेशन के रूप में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और थीम स्टेट के रूप में भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र की भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि मेले के आगंतुकों को अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की विरासत और संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के सैकड़ों कलाकार विभिन्न लोक कलाओं और नृत्यों का प्रदर्शन करेंगे।

# अमित गुप्ता हत्याकांड में पत्नी समेत चार गिरफ्तार

**संवाददाता।** फतेहपुर

**बिंदकी** कस्बे में चार दिन पूर्व व्यापारी अमित गुप्ता के सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा गुरुवार को बिंदकी कोतवाली पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने करते हुए हत्याकांड में शामिल पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध संबंधों में रोड़ा बनने पर पत्नी

### ● पत्नी ने प्रेमी व जीजा के साथ मिलकर सात लाख में दी थी हत्या की सुपारी

निवासी ग्राम बसावनपुर थाना औंग को सात लाख रूपये में हत्या की सुपारी दी थी। 85 हजार रूपये बतौर पेशगी पंजाब नेशनल बैंक के खाते में दिये थे।



ने अपने प्रेमी व जीजा के साथ मिलकर सात लाख रुपये में पति की हत्या करवाई थी। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को पच्चीस हजार रूपये के ईनाम दिए जाने की घोषणा की है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 29/30 जनवरी की रात बिंदकी कस्बे के कजियाना महाजनी गली निवासी व्यापारी अमित कुमार गुप्ता की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी और पत्नी को कमरे में बांध दिया था। इस मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। प्रथम दृष्टया पुलिस को पत्नी पर शक हुआ और जब उसको हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो मामला खुलकर सामने आ गया। पत्नी पूनम गुप्ता के अनुसार उसने अपने प्रेमी अविनाश यादव उर्फ उमेंद्र पुत्र राकेश निवासी ग्राम वीरनखेड़ा थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर, जीजा रामखेलावन के साथ मिलकर मोहित पासवान पुत्र सुरेंद्र पासवान निवासी चमनगंज थाना औंग के माध्यम से शेरा उर्फ अंकित सिंह पुत्र वीर सिंह

अविनाश व मोहित ने शेरा उर्फ अंकित, केशव गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी हरदेवनगर थाना बर्रा जनपद कानपुर व अंशुल पासवान पुत्र राम कृपाल पासवान निवासी दुर्गागंज थाना औंग के साथ मिलकर अमित कुमार गुप्ता की हत्या कर दी थी। एसपी ने बताया कि मृतक की पत्नी ने स्वयं ही घटना को कारित करवाया था क्योंकि मृतक अमित को उसकी पत्नी के उसके जीजा व मित्र अविनाश यादव उर्फ उमेंद्र के बीच अवैध संबंधों को लेकर शक था। इस कारण अमित और उसकी पत्नी के बीच आये दिन झगड़ा होता था। जब मृतक ने काफी विरोध किया तो पूनम ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बना ली और उसकी हत्या करवा दी। एसपी ने बताया कि जिन अपराधियों को हत्या की सुपारी दी गई थी वह पेशेवर अपराधी हैं। जिनकी गिरफ्तारी के समय उनके पास से थाना औंग में 30 दिसंबर 2022 को अभिमन्यु सिंह पुत्र स्व. फतेह बहादुर सिंह निवासी हटिया चौराहा ग्राम बड़ाहार, थाना औंग के घर से लैपटाप, एलईडी टीवी, कैमरा व गहने आदि चोरी किए थे।

## पति ने पत्नी पर गर्म तेल डालकर जलाया, पुलिस ने शुरू की जांच

**राठ (हमीरपुर)।** युवक ने बहनोई पर उसकी बहन के चेहरे पर गर्म तेल डालकर जलाने का आरोप लगाया है। युवक ने जरिया थाने में बहन के ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

जनपद जालौन रिरुआ गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश राजपूत ने बताया कि उसने अपनी बहन संगीता की शादी 2018 में बबलू राजपूत पुत्र प्रताप निवासी परछा थाना जरिया के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। उसकी बहन का एक ढाई साल का पुत्र भी है।

बताया कि शादी के बाद से उसकी बहन के पति, सास मीरा, ससुर प्रताप बहन को मारते पीटते है। बताया कि 25 जनवरी 23 को शाम करीब आठ बजे बहनोई ने उसकी बहन के चेहरे पर गर्म तेल डाल कर जला दिया। जिससे उसकी बहन का चेहरा खराब हो गया है।

# सिविल जज जूडि. की मध्यस्थता के बाद वकीलों की हड़ताल समाप्त

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आज कायमगंज बार एसोसिएशन द्वारा 20 जनवरी से चली आ रही हड़ताल समाप्त हो गई। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कायमगंज की पहल पर सिविल जज जूनियर डिवीजन कायमगंज एवं सीओ को मध्यस्थता में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता हुई।

उसके अनुसार पुतला दहन के दौरान कोतवाली कायमगंज में तैनात दरोगा विक्रम सिंह यादव पर अभद्रता करने का आरोप था। इस एसआई को लाइन हाजिर करने तथा अधिवक्ता रामबरन के विरुद्ध दर्ज मुकदमा विवेचना करके एफ आर लगाने एवं अधिवक्ता की तहरीर पर भी मुकदमा लिखने वही अधिवक्ता बिलाल गौस खान का एमबी एक्ट में किया गया चालान वाला प्रकरण भी समाप्त करने के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच के उपरांत प्रभारी निरीक्षक थाना कांपिल को स्थानांतरण के साथ ही दंडित किए जाने का आश्वासन मिलने पर धरना प्रदर्शन तथा हड़ताल समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समझौते की शर्तों के अनुसार अब सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य करना शुरू करेंगे। वार्ता में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन कायमगंज अध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला, सचिव सफीक खान, कोषाध्यक्ष सर्वेश यादव ,अनिल कुमार सिंह ,अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शिवशरण अवस्थी, सचिव रमेश चंद यादव, उपाध्यक्ष स्नेह दुबे आदि उपस्थित रहे। एसोसिएशन अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारियों ने आंदोलन में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जिला बार एसोसिएशन फतेहगढ़ ,अधिवक्ता संघ फतेहगढ़, रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज , बार एसोसिएशन तहसील अलीगंज तथा भारतीय कृषक एसोसिएशन कायमगंज सभी का आभार व्यक्त किया ।

## तहसील सदर बार एसोसिएशन के अतर सिंह कटियार छठी बार अध्यक्ष, अतुल मिश्रा सचिव

**फर्रुखाबाद।** तहसील सदर बार एसोसिएशन के चुनाव में अतर सिंह कटियार छठी बार अध्यक्ष बने हैं। अतर सिंह कटियार ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सत्येंद्र सिंह शाक्य को 32 वोटों से पराजित किया है। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश चंद दीक्षित को 47वोट पाकर विजयी हुए। सचिव पद के प्रत्याशी अतुल कुमार मिश्रा 52 वोट विजयी हुए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अतर सिंह कटियार को 57, फरहत अली खां को 12, एवं सत्येंद्र सिंह शाक्य को 25 वोट मिले।वही उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश चंद दीक्षित को 47 रविनेश चंद यादव को वोट 45 वोट मिले। सचिव पद के प्रत्याशी अतुल कुमार मिश्रा 52 वोट व जनार्दनदत्त राजपूत को 40 वोट मिले। संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी संजय चावला को 28 वोट सुनील कुमार सक्सेना को 09 वोट एवं विकास सक्सेना को 56 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमित कुमार को 70 वोट व जगवीर सिंह कुशवाह को 22 वोट मिले।प्रकाश कुमार द्विवेदी ऑडिटर पद के लिए एवं आधा दर्जन कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए आशुतोष कुमार कटियार, अजय प्रताप सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रुकमंगल सिंह चौहान, उमेश कुमार सारस्वत एवं वेद प्रकाश निर्विरोध विजयी हुये थे।

## बदमाश बाइक सवार को मारपीट कर नकदी व मोबाइल लूटकर रफूचक्कर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बदमाशों के हौसले बुलंदए आए दिन दे रहे हैं किसी न किसी घटना को अंजाम। ससुराल से घर वापस जा रहे युवक को डंडे मार कर बदमाशों ने गिरा लिया। इसके बाद उसके पास से मोबाइल एवं लगभग 5 - 6 हजार की नकदी लूट ली। घायल युवक को 108 एंबुलेंस द्वारा कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी प्रवेश कुमार ;35 वर्ष पुत्र जयनंदन देर शाम अपनी ससुराल कायमगंज के मोहल्ला मछली मंडी नोनियमगंज निवासी राम लड़ैते के घर से बाइक वापस जा रहा था। तभी रास्ते में टेडी कोन के पास अज्ञात लाठी.डंडों से लैस बदमाशों ने डंडे मारकर बाइक सवार प्रवेश कुमार को गिरा दिया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी।

वही उसके पास से लगभग 5 से 6 हजार रुपए की नगदी एवं मोबाइल लूट ले गए। इसके बाद बदमाश बड़े आराम से लहूलुहान अवस्था में प्रवेश को मरणासन्न हालत में छोड़कर वहां से निकल भागे।

जैसे तैसे प्रवेश पैदल ही लहूलुहान अवस्था में अपने घर पहुंचा। जहां उसने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। आनन.फानन में परिजन प्रवेश की हालत को देखते हुए। 108 एंबुलेंस द्वारा कायमगंज सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ विपिन सिंह ने प्राथमिक उपचार देकर युवक को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

## जीएसटी छापा के विरोध में प्रदेश बंद की बनी रणनीति

**हमीरपुर।** उप्र प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्य समिति की एक आवश्यक बैठक चित्रकूट धाम में संपन्न हुई। जिसमें जनपद हमीरपुर के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने प्रदेश कार्य समिति सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश नेतृत्व से कहा है कि जीएसटी छापों के विरोध में पूरे प्रदेश को एक साथ बन्द करने का आवाहन किया।

प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में विशेष तौर पर उप्र उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने की रूपरेखा तय की गई। जिसमें तेरह मार्च से एक रथ लेकर प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा अपनी कार्यकारिणी के साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं नगरों में भ्रमण करेंगे एवं 23 दिसंबर 2023 को बरेली में समापन किया जाएगा। बैठक में राठ नगर के अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शिव शरण सोनी, अमरजीत अरोरा सहित विभिन्न व्यापारियों ने मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान, होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जे को निर्वतमान चेयरमैन ने रुकवाया

**रामपुरा ( जालौन )।** आदर्श नगर पंचायत रामपुरा में अम्बेडकर चौराहे के पास स्थित प्राचीन होलिका दहन स्थल पर हो रहे अवैध कब्जे को निवर्तमान चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह व नगर के एक सैकड़ा लोगों ने मौके पर पहुंचकर रुकवाया।

रामपुरा नगर में प्राचीन समय से होलिका दहन समुजे नगर में सिर्फ एक ही जगह अंबेडकर चौराहे पर पचोखरा रोड़ पर किया जाता रहा है। जिस पर गुरुवार को नगर के ही अजीजुल पुत्र अलाबाक्स अपने पुत्रों के साथ होलिका दहन स्थल व होलिका दहन से सटे कब्रिस्तान पर अवैध कब्जे की नियत से पहुँचे। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने उक्त लोगों को ऐसा करने से रोका। परन्तु उक्त लोगो द्वारा किसी की बात न मानते हुए होलिका दहन स्थल की जगह में खम्बे गाड़ने लगे। जिसकी सूचना निवर्तमान चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह को दी गई। सूचना पाकर शैलेन्द्र सिंह ने उक्त लोगों को सार्वजनिक स्थल पर कब्जा करने से मना किया। निवर्तमान चेयरमैन ने बताया कि आज से लगभग 7 से 8 वर्ष पूर्व जिलाधिकारी की स्वीकृति के अनुसार नियमानुसार टेंडरिंग कर नगर पंचायत द्वारा होलिका दहन स्थल की बाउंड्री व चबूतरे का निर्माण कराया गया था। जिस समय निर्माण कराया जा रहा था तब उक्त लोग कहा थे। निवर्तमान चेयरमैन ने कहा होलिका दहन स्थल पर उक्त लोगों द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जा कही न कही हिन्दू समुदाय के लोगों की धार्मिक भावनाओं को आघात किया जा रहा हैं तथा कब्रिस्तान की जगह पर हो रहे कब्जे से मुस्लिम समुदाय में भी काफी रोष हैं।

## क्विक न्यूज

### फली व्यापार संघ ने एसडीएम से भेंट, दाम स्थिर रखने के दिये सुझाव

**जालौन (उरई)।** हरी मटर के दामों को लेकर फली व्यापार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मुलाकात कर दामों को स्थिर रखने के संदर्भ में सुझाव दिए। जिस पर एसडीएम ने विचार करने का आश्वासन दिया। नगर में हरी मटर का बड़ा क्षेत्र है। हरी मटर के दाम पिछले कुछ दिनों से अस्थिर बने हुए हैं। जिसको लेकर किसान व्यापारियों पर आरोप लगा रहे हैं। इस समस्या को लेकर फली व्यापार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम सना अख्तर से मुलाकात की। जिसमें मटर के व्यापारियों ने बताया कि फली का व्यापार अभी इसलिए प्रभावित हो रहा है क्योंकि किसान जो पैकेट लेकर आते हैं उनमें 75 से लेकर 95 किग्रा तक हरी मटर की पैकिंग की जाती है। इससे पल्लेदारी बढ़ जाती है। पल्लेदारों को भी दिक्कत होती है। बड़ी पैकिंग के कारण बाहर की मंडियों में यहां की मटर सस्ते दामों पर खरीदी जाती है। जबकि अब हरी मटर की लगभग सभी स्थानों पर पैदावार की जाने लगी है। जहां 45 से लेकर 50 किग्रा तक की पैकिंग होती है। किसान पैकिंग के साथ खरपतवार भी भर लाते हैं। ऐसे में मटर के दामों पर फर्क पड़ना स्वभाविक हैं। क्योंकि पैकिंग में ही खरपतवार की भी तौल हो जाती है। ऐसे में मटर के दामों पर असर पड़ता है। पैकिंग और खरपतवार के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है।

### डीपीओ के निरीक्षण में पांच आंगनबाड़ी केद्रों में लटका मिला ताला

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद ने ग्राम रूरा मल्लू, खर्रा, हरकौती एवं गायर विकास खण्ड जालौन में संचालित 11 आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान 5 आंगनबाड़ी केन्द्र रूरा मल्लू के दो केन्द्र एवं खर्रा के 3 केन्द्र बन्द पाये गये है तथा सभी संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थित संख्या बहुत कम थी। निरीक्षण दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजेश्वरी हरकौती, रामजानकी खर्रा, शीला, श्रीमती रेखा, देवी निरंजन गायर के केन्द्र के अभिलेख मौके पर नहीं मिले। जिससे अभिलेखों का सत्यापन नहीं किया जा सका। लाभार्थियों में वितरित किये जाने वाले ड्राई राशन सामग्री की मात्रा हेतु दीवाल लेखन नहीं कराया गया है। उपरोक्त सभी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर विभागीय ड्रेस में उपस्थित होकर नियमानुसार केन्द्र का संचालन करें तथा भविष्य में यदि केन्द्र पर बच्चों की संख्या, उपस्थिति में सुधार नहीं होता है तो सम्बन्धित का मानदेय रोकते हुये आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। आंगनवाडी कार्यकत्री, सहायिका अमिता, संतोषी, मीरा, माया रूरा मल्लू, राजेश्वरी हरकौती, नीलम पाण्डेय, कौशल्या एवं शिवबती खर्रा का एक दिन का मानदेय रोका गया है। इसके साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी जालौन को एक सप्ताह में सुधार न होने पर प्रतिकूल प्रबृष्टि तथा क्षेत्रीय मुख्य सेविका का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये है।

### बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों का होगा प्रवेश: बीएसए

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम- 2009 की धारा 12 एक ग के तहत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक व पूर्व माध्यमिक कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं लॉटरी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के संबंध में कार्य एवं तिथियां निर्धारित की गई हैं। गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने बताया कि प्रथम चरण में छह से 28 फरवरी आवेदन करने की तिथि एक से 10 मार्च तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के यहां से आवेदन पत्र का सत्यापन कर लाक करने की तिथि 12 मार्च को लॉटरी निकालने व चार अप्रैल तक बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों में प्रवेश कराने की तिथि, द्वितीय चरण में 14 मार्च से छह अप्रैल तक आवेदन करने की तिथि सात से 17 अप्रैल तक सत्यापन कर लाक करने की तिथि 19 अप्रैल को लॉटरी निकालने की तिथि एवं 28 अप्रैल तक विद्यालयों में प्रवेश कराने की तिथि तथा तृतीय चरण में 20 अप्रैल से 12 मई तक आवेदन करने की तिथि 11 मई से 23 जून तक आवेदन पत्र का सत्यापन कर लाक करने की तिथि 25 जून तक लॉटरी निकालने की तिथि पांच जुलाई तक विद्यालय में प्रवेश कराने की तिथि निर्धारित की गई है।

### नाबालिंग के साथ की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर की एक महिला शिक्षामित्र ने घर में मौजूद अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने वाले युवक के खिलाफकोतवाली मौदहा में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के एक प्राथमिक विद्यालय की महिला शिक्षामित्र ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी युवक आरिफ उसकी नाबालिग पुत्री को काफी अरसे से परेशान कर रहा है बुधवार को जब वह अपने विद्यालय में थी तभी आरोपी ने उसके घर में घुस घर में मौजूद नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकतें की। बालिका द्वारा विरोध करने पर आरोपी पीड़िता को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी मौके से भाग निकला। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने हैं आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट-तहसील का निरीक्षण कर पटलों को दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेªट कार्यालय व तहसील कार्यालय कर्वी के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण कर ईडिस्ट्रिक्ट, न्याय सहायक, अभिलेखागार, डीएलआरसी कक्ष, राजस्व लेखागार, जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सभी पटलों की अच्छी ढंग से सफाई करवाई जाये। अलमारी आदि पेंट कराकर डस्टबिन रखवाई जाये। सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे। गुरुवार को उन्होंने निरीक्षण में नाजिर सदर अरुण कुमार शुक्ला को निर्देश दिये कि कलेक्टेªट के सभी पटलों को दुरुस्त रखें। एसडीएम रामजन्म यादव से कहा कि घरौनी वरासत, कृषक दुर्घटना बीमा आदि राजस्व की योजनाओं की स्टैंडी बनवाकर लगवाई जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीधर यादव को निर्देश दिये कि अलमारी-मेज की रंगाई-पुताई कराकर अच्छे से सफाई करायें। खराब फोटोकापी मशीन हटवायें। उन्होंने कर्वी, मऊ, राजापुर तथा मानिकपुर तहसील के रखे रिकार्ड को देखा। अभिलेखागार प्रभारी चुनकावन प्रसाद को निर्देश दिये कि अच्छे से सफाई करके नकल रजिस्टर अपडेट रखें। आयुध सहायक मनोज कुमार मिश्रा से शस्त्र की मंजूरी, नवीनीकरण, आर्म्स रजिस्टर को देखकर न्याय सहायक अवधनारायण को निर्देश दिये कि गार्ड फाइल अवश्य बनाई जाये। शस्त्र, खाद्य सुरक्षा, धारा 51, जिला बदर, गुंडा नियंत्रण, फौजदारी आदि की निर्णित पत्रावली का सही से रख-रखाव किया जाये। सम्पूर्ण विवरण अभिलेखागार के बाहर प्रदर्शित किया जाये। डीएलआरसी कक्ष में सामान्य लिपिक जेपी पाण्डेय को निर्देश दिये कि भू-लेख पत्रावलियों को तत्काल मंगाकर रखा जाये।

### दो देसी बमों के साथ शातिर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना पुलिस ने गश्त के दौरान साढ़ मार्ग मार्ग में स्थित सीके पब्लिक स्कूल के समीप नया पुरवा जाने वाले मोड़ पर से दो अदद देसी बम के साथ युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जहानाबाद थाने के उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने गश्त के दौरान साढ मार्ग में स्थित सीके पब्लिक स्कूल के समीप नया पुरवा जाने वाले मोड़ पर से दो अदद देशी बम के साथ हिमांशु उर्फछोटू निषाद निवासी रोशनपुर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफथाना में चोरी के कई मुकदमे दर्ज है।

# उद्योग व्यापार मंडल की ताकत देख रुका जीएसटी का छापा

**संवाददाता।** चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन और प्रदेश कार्यसमिति की बैठक जिले के एक प्रतिष्ठित होटल श्रीजी में संपन्न हुई। जिसमें हजारों की तादाद में दूरदराज से आए समाजसेवी और व्यापारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुवे दीप प्रज्वलन कर इसकी शुरुआत की।

स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में साल भर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही कल पेश किए गए आम बजट पर व्यापारियों की मांग हेतु सुझाव का भी विवरण दिया गया। इसके अलावा प्रदेश भर में व्यापारियों के यहां जीएसटी छापे पर भी जनरल एवं सर्वे की विरोध समीक्षा भी की गयी और जीएसटी के आपराधिक प्रोविजन में संसोधन कराए जाने पर भी चर्चा, संगठन में अनुशासन, एवं अनुशासनहीनता के सम्बद पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने




### ● देश में व्यापारियों का सबसे मजबूत संगठन है व्यापार मंडल-भैरों प्रसाद मिश्रा

भगवान कामतां नाथ का जयघोष करा ब्यापारियों में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि ब्यपारीयों का यह कार्यक्रम बहुत भव्य होने वाला है। जब 50 साल पहले ब्यपारीयों का कोई मंच नही था तो ब्यापारी अपनी आवाज को नही उठा पाता था। लेकिन आज व्यापार मण्डल की ताकत देखकर सरकारें भी मजबूर हो गयी, जो हर समय ब्यपारीयों को पूंछने लगीं क्योंकि उनको लगा कि हमारे साथ अगर ब्यापारी हो जाये तो हम किसी भी कार्यक्रम को सफल बना सकते हैं, । मुकुंद मिश्रा ने कहा कि हम जरूर किसी न किसी राजनैतिक पार्टीयों से जुड़े हैं लेकिन हैं तो सबसे पहले ब्यापारी ही , हमने एक 24 दिसम्बर को एक साथ प्रदेश के 75 जिलों की 310 तहसीलों में बड़ी भव्यता के साथ सम्पन्न हुवा था।हमने 65 जिलों में जीएसटी छापेमारी के खिलाफ200 विधायकों को एक साथ ज्ञापन दिया जिसके बाद अगले दिन छापेमारी पर रोक लगी यह सब आप सभी के सहयोग से ही हो पाया है। अब ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किसी न किसी रूप में होता ही रहेगा तांकि हम व्यपारीयों का एकजुटता का सन्देश जन- जन तक पहुंच जाए। हम आने वाले समय मे इतनी बड़ी ताकत के साथ मिलकर काम करें कि छोटे ब्यापारीयों की के लिए कुछ काम कर सकें और उनकी समस्या का निस्तारण करवा सकें।

साथ ही 13 मार्च 2023 सहारनपुर से ब्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकालने जा रहे हैं जिसमे आप सभी ब्यापारीयो को सहयोग अपेक्षित होगा, इस यात्रा में डिजिटल रथ और सुझाव पेटी भी होगी, जिसमे आम व्यापारी अपनी समस्याओं को संगठन को अवगत करा सकें, जिसके बाद उन समस्याओं को लेकर ब्यापार मण्डल केन्द्र और प्रदेश सरकार के मंत्रियों के माध्यम से समाधान कराने का काम करेगा। इस यात्रा में शामिल प्रमुख वरिष्ठ समाजसेवियों को जिला इकाई द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सम्पूर्ण प्रदेश का भ्रमण करने के बाद ब्यापारी श्याम बिहारी की जयंती 8 मई 2023 को राजधानी लखनऊ में समापन किया जाएगा। सितम्बर 2023 कानपुर में व्यापारीयों का एक विशाल सम्मेलन किया जाएगा जिसमे 25 हज़ार व्यापारी सहभागिता करेंगे, 23, 24 दिसम्बर 2023 को बरेली में स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन किया जाएगा।

# एक ही वर्ष में बीएड-बीटीसी कर बन गईं शिक्षिका

**संवाददाता।** फतेहपुर

**फर्जी** दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने के तो शिक्षा विभाग में अनगिनत मामले मिल जाएंगे लेकिन एक नया मामला सामने आया है जिसमें एक ही साल में बीएड व बीटीसी की रेगुलर पढ़ाई करके डिग्री हासिल करने वाली ने अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक जूनियर हाईस्कूल में शिक्षिका की नौकरी प्राप्त कर ली। मामला संज्ञान में आया है तो अब दस्तावेज खंगालने का काम शुरू हुआ है।

वैसे तो ऐसे कई उदाहरण हैं जहां शिक्षक बनने के लिए लोगों ने गलत हथकंडे अपनाए।किसी ने दूसरे के दस्तावेजों से नौकरी कर ली तो कोई जाली सर्टिफिक्रेट बनवाकर नौकरी हासिल करने में सफल हो गया लेकिन इस नए मामले ने बेसिक शिक्षा विभाग में एक बार फिर हलचल मचाई है। जनपद के भिटौरा विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर में शिक्षिका के पद पर तैनात प्रीति वर्मा ने बड़ा कारनामा कर दिखाया। बीटीसी 2011 के द्विवार्षिक पाठ्यक्रम में रोल नंबर 13437138 से परीक्षा पास कर ली जबकि 2011-12 के सत्र से ही छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय से रोल नंबर 0713291 से बीएड की डिग्री भी हासिल कर ली। मौका आया तो समयानुसार अपनी डिग्रियों का उपयोग शुरू कर दिया। सफलता भी मिली और वह जूनियर हाईस्कूल में शिक्षिका बन गई।अब मामला प्रकाश में आया है तो इनके दस्तावेजों की जांच शुरू हुई है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार कुशवाहा ने कहा है कि विश्वविद्यालय से डिग्री की हकीकत जानने के लिए पत्र लिखा गया है और जैसे ही वहां से जवाब आएगा कार्रवाई की जाएगी। उधर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य नजरुउद्दीन अंसारी ने साफ कहा है कि संस्थागत तरीके से एक ही वर्ष में दो डिग्री नहीं ली जा सकती हैं। पूरी तरह से अवैध हैं और जिसने भी ये डिग्री हासिल कर नौकरी ली है उसे अपनी नौकरी से हांथ धोना पड़ेगा। विषय जांच का है लेकिन फिलहाल तो शिक्षिका ने करिश्मा कर दिखाया है।

# चोरों के कब्जे से साढ़े 11 लाख किये बरामद

**संवाददाता।** चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से 72 घंटे में छह चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से 11 लाख 35 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर तथा रिवाल्वर, तमंचा और कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार का नकद पुरस्कार दिया है।

ज्ञात है कि 29 जनवरी की रात राजापुर कस्बे के जितेन्द्र कुमार द्विवेदी पुत्र वीरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी निवासी कस्बा राजापुर के घर में चोरों ने जंगला काटकर 11 लाख 60 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर आदि चुरा ले गये थे। इस बाबत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि राजापुर थानाध्यक्ष व सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तुलसी स्मारक के अन्दर गेस्ट हाउस के पीछे से बाल अपचारी प्रशान्त चतुर्वेदी पुत्र विष्णुकान्त चतुर्वेदी निवासी देबिन



टोला राजापुर, बाल अपचारी बेटू सोनी उर्फ अनिकेत सोनी पुत्र बब्बू सोनी निवासी सोनरहटी, शीलू सोनकर पुत्र रोशन निवासी भैरमबाबा हनुमानगंज, आकाश सेन उर्फ अर्जुन सेन पुत्र गणेश सेन निवासी गोसाईंपुरवा, रामबाबू मेहतर पुत्र बचानलाल निवासी सरांय तलैया व अर्जुन मेहतर पुत्र धनराज निवासी हनुमान वार्ड एक सभी कस्बा राजापुर को दबोचकर जामा तलाशी में देशी रिवाल्वर, तमंचा, कारतूस समेत सोने-चांदी के जेवर व 11 लाख 25 लाख रुपये बरामद किये। चोरों ने बताया कि एक अगस्त 2022 को रुपौली गांव में हुई चोरी के 3380 रुपये भी बरामद हुए हैं। आरोपियों ने पूंछताछ में बताया कि वे महंगे फैशन के शौकीन हैं। इसीलिए चोरी की घटनायें कर खर्च करते थे। सोने-चांदी के गहनों को राह चलते लोगों को बेंच देते थे।

## पिता पुत्र ने कुल्हाडी मार कर किसान को किया घायल

**राठ( हमीरपुर )।** कोतवाली के रौरौ गांव में खेत जा रहे किसान को पिता पुत्र ने कुल्हाड़ी मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

रौरौ गांव निवासी राममिलन पुत्र सूरज प्रसाद ने बताया कि गुरूवार सुबह करीब आठ बजे वह खेत पर सिंचाई करने जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के बद्री पुत्र रामजीवन और उसका असवेंद्र ने उसे रोक लिया। बताया कि उक्त लोग अवैध शराब बेंचते है।

कुछ दिन पहले पुलिस ने उक्त लोगों के पास से अवैध शराब पकड़ी थी। बताया कि जिससे वह उस पर शक करने लगे थे। इसी बात को लेकर पिता पुत्र गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर असवेंद्र ने दाहिने पैर में कुल्हाड़ी मार गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

# विचारों में परिवर्तन लाकर प्रदेश को अपराध मुक्त बनायेंगे : धर्मवीर

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

**गुरुवार** को प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जालौन जिले के प्रभारी बनने के बाद प्रथम बार जनपद आगमन पर बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कस्बा कालपी में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि कैदियों के भी ह्रदय होता है हमारा प्रयास है कि उनमें भी मानवता की अलख जगाएं। इसी उद्देश्य के साथ हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की सरकार काम कर रही है।

श्री प्रजापति ने कहा कि कोई समझदार व्यक्ति जेल जाना नहीं चाहेगा जबसे हमें कारागार का प्रभार मिला हमारा तभी से बराबर प्रयास है कि कैदियों के विचारों को बदलने का प्रयास हो ताकि वे कभी कोई ऐसा कार्य न करें जो उन्हें दुबारा जेल जाना पड़े वैचारिक क्रांति बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति का हिर्दय परिवर्तन हो जाये तो फिर वह अपराध की दुनिया ही छोड़ देगा इस लिए



### जिले के प्रभारी मंत्री का यमुना पुल पर समर्थकों ने किया स्वागत

**कालपी।** जालौन जिले के प्रभारी मंत्री बनकर आये होमगार्ड कारागार मंत्री का गुरुवार को यमुना पुल पर जोरदार स्वागत किया गया। उनके चाहने वालों को जैसे ही पता चला कि उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड और कारागार मंत्री जालौन जिले के प्रभारी बनकर कालपी होकर गुजरेंगे तभी से उनके चाहने वालों की कालपी यमुना पुल में भीड़ जमा होने लगी उपस्थित जन समूह मोदी योगी जिंदाबाद, धर्मवीर प्रजापति जिंदाबाद के नारे लगने लगे। इस विशेष मौके पर पूर्व प्रधान सिम्हारा अरुण प्रजापति, संजीव निरंजन भाई जी, सौरभ पटेल, दीप चंद्र सैनी वरिष्ठ पत्रकार, रिंकू कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, अमित कुशवाहा, आशीष सविता, अश्वनी निषाद, रामकुमार पटेल, सुमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

हमारा सतत प्रयास है कि कैदियों का ह्रदय परिवर्तन करें हमारा मानना है कि यदि हम इसमे कामयाब हो गये तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा हम बहुत शुक्र गुजार हैं। योगी जी के जो उन्होंने हमें ऐसा विभाग दिया जहां हम सामूहिक रूप से इतने सारे लोगों से एक साथ संवाद कर लेते हैं उन्होंने कहा कि जबसे हमारा जेल आना जाना शुरू हुआ तब पता चला कि वास्तविक हकीकत कुछ और ही है आखिर किन्हीं पारिस्थितियों से जेल में पहुंचे व्यक्ति के क्या ह्रदय नहीं होता है हम ऐसा प्रयास कर रहे हैं कि उनके ह्रदय का परिवर्तन विचारों के परिवर्तन से करें। श्री प्रजापति ने बताया कि रक्षा बंधन में करीब 70,148 बहिनों ने राखी बांधकर कैदी भाईयों की सूनी कलाईयों को भर दिया था। भैया दौज में करीब 60 हजार लोगों को तिलक कराया गया। सबसे बड़ा ऐतिहासिक कार्य करवा चौथ व्रत में बहनो को अपने अपने पति की मान्यतानुसार पूजा अर्चना करने की व्यवस्था जेल परिसर में करवाई थी। इतना ही नहीं 14 जेलों में बच्चों के खेल कूद के लिए चिल्ड्रेन पार्क और 42 जेलों में बच्चों की पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था कराई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि देश में पहली बार बिना किसी दबाव के मुस्लिम समुदाय के कैदियों ने नवरात्रि में 702 कैदियों ने व्रत रखा।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023



# अमेरिका की राजनीति में बढ़ रहा भारतीयों का प्रभाव

● प्रमिला जयपाल, एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति और रो खन्ना- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बने

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल के चार** सांसदों- प्रमिला जयपाल, एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति और रो खन्ना- को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया है, जो अमेरिका की राजनीति में भारतीय समुदाय के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, महिला सांसद प्रमिला जयपाल (57) को आव्रजन पर अमेरिकी संसद के निचले सदन की शक्तिशाली न्यायिक समिति का रैंकिंग सदस्य नामित किया गया है। नियुक्ति के बाद जयपाल ने कहा,

## भारतीय-अमेरिकी सांसदों को शीर्ष पदों पर किया गया नियुक्त



अमेरिका की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली दक्षिण एशियाई महिला के रूप में, मैं आव्रजन पर सदन की उपसमिति की रैंकिंग सदस्य के रूप में सेवा देने का अवसर मिलने से सम्मानित महसूस कर रही हूं। जयपाल ने कहा कि जब वह अमेरिका आई थीं तब वह 16 वर्ष की थीं। साथ ही उन्होंने अमेरिका में अपने जीवन के सफर को शानदार बताया।

वहीं, भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को चीन पर नवगठित समिति का रैंकिंग सदस्य बनाया गया है, जो चीन की उन कार्वाइयों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गौर करेगी, जिससे अमेरिका और दुनिया को खतरा हो सकता है। भारतीय-अमेरिकी सांसद डॉ. एमी बेरा को खुफिया मामलों से जुड़ी सदन की एक शक्तिशाली संसदीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। द हाउस परमानेंट सेलेक्ट कमेटी ऑन इंटेलिजेंस पर केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए), नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (डीएनआई) के कार्यालय, नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी (एनएसए) के साथ-साथ सेना के खुफिया कार्यक्रमों सहित देश की खुफिया गतिविधियों की निगरानी करने का प्रभार है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अल्पसंख्यक मामलों के नेता हकीम जेफरीज ने बुधवार को अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर सदन की चयन समिति के रैंकिंग सदस्य के रूप में कृष्णमूर्ति की नियुक्ति की घोषणा की।

भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना को भी इस नई समिति का सदस्य बनाया गया है। इसका गठन प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी द्वारा 118वीं कांग्रेस (संसद) में अमेरिका की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ आर्थिक, तकनीकी व सुरक्षा संबंधी प्रतिस्पर्धा से निपटने, उसकी जांच करने व नीति विकसित करने के उद्देश्य से किया है। कृष्णमूर्ति (49) ने कहा, अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर सदन की चयन समिति में रैंकिंग सदस्य के रूप में मुझे नियुक्त करने के लिए मैं नेता जेफरीज का आभारी हूं। उन्होंने कहा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, अमेरिका और दुनिया भर में लोकतंत्र व समृद्धि के लिए गंभीर आर्थिक व सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न करती है, जो ताइवान के लोकतंत्र के खिलाफ उसके खतरों, टिकटॉक (एप) को एक हथियार बनाने और सैकड़ों अमेरिकी डॉलर की बौद्धिक संपत्ति की चोरी से स्पष्ट है। बेरा (57) ने कहा, मैं हकीम जेफरीज द्वारा हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के लिए मुझे नियुक्त करने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो अमेरिका की सुरक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, देश और विदेश, दोनों जगह बढ़ते खतरों के बीच मुझे अमेरिकी परिवारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है और मैं इस नई भूमिका को गंभीरता से लेता हूं।

# एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन सौदे को जल्द अमली जामा पहनाना चाहते हैं भारत-अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत और** अमेरिका तीन अरब डॉलर से अधिक की लागत वाले 30 एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन के सौदे को जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं। भारत को इससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और हिंद महासागर के आसपास अपने समग्र निगरानी तंत्र को मजबूत करने में मदद मिलेगी। मामले से अवगत अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना बुधवार को बताया कि पांच साल तक इस पर काम करने के बाद अब भारत की ओर से फैसला किया जाना है। एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रक्षा जरूरतों के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। 30 ड्रोन में से तीनों सेनाओं को 10-10 ड्रोन दिए जाएंगे। राजनीतिक सैन्य मामलों की सहायक विदेश मंत्री जेसिका लेविस ने इस सौदे में हो रहे विलंब पर किए गए एक सवाल पर कहा, मुझे इस बारे में जानकारी हासिल करनी होगी। इस सौदे की घोषणा 2017 की गर्मियों में की गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर भी चर्चा की। डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सहित कई शीर्ष अधिकारियों से यहां मुलाकात की है। ऐसा माना जा रहा है कि बैठकों में दोनों पक्ष इस बात पर सहमत दिखे कि सौदे को जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए।

भारत इसे इसलिए भी जल्द हासिल करना चाहता है क्योंकि एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन से उसे न केवल हिंद महासागर में, बल्कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भी राष्ट्रीय सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने में मदद मिलेगी। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन जल्द से जल्द इस सौदे को अमली जामा पहनाना चाहता है।

# ब्रिटेन ने किया बीबीसी की स्वतंत्रता का बचाव

**कहा- भारत के साथ संबंधों में भारी निवेश**

**भाषा।** लंदन

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी पर बनाए गए विवादास्पद वृत्तचित्र के खिलाफ प्रवासी भारतीय समुदाय के व्यापक विरोध के मद्देनजर ब्रिटेन सरकार ने बीबीसी का बचाव करते हुए कहा है कि यह एक स्वतंत्र मीडिया प्रतिष्ठान है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रवक्ता ने बुधवार को डाउनिंग स्ट्रीट में पत्रकारों के साथ बातचीत में इस सप्ताह के शुरू में संसद में विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली द्वारा दिए गए बयान को दोहराया, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटेन सरकार भारत के साथ अपने संबंधों में निवेश करना जारी रखेगी। वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन की भारत की निंदा के बारे में एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा, "बीबीसी अपने काम में स्वतंत्र है और हम इस बात पर जोर देंगे कि हम भारत को एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय साझेदार के रूप में मानते हैं।

# ऑस्ट्रिया ने वियना से चार रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया

**वियना।** आस्ट्रिया सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने वियना में सेवा दे रहे चार रूसी राजनयिकों को देश छोड़ कर जाने का आदेश दिया है। इनमें से दो राजनयिक संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में तैनात हैं। आस्ट्रिया के विदेश मंत्रालय ने यहां एक संक्षिप्त बयान जारी कर कहा कि रूसी दूतावास के दो राजनयिकों तथा वियना में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में तैनात दो अन्य रूसी राजनयिकों को देश छोड़ कर जाने को गया है। बयान में कहा गया है कि ए चारों राजनयिक अपने राजनयिक दर्जे और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय समझौते से असंगत कार्यों में लिप्त पाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन राजनयिकों को आस्ट्रिया छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और मादक पदार्थ एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का कार्यालय सहित वैश्विक संस्था की अन्य एजेंसियां स्थित हैं।

# शहबाज शरीफ ने कराची में परमाणु संयंत्र की तीसरी इकाई का उद्घाटन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत बीजिंग की सहायता से निर्मित कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र की तीसरी इकाई का उद्घाटन किया। के-3 के रूप में पहचाने जाने वाली यह इकाई राष्ट्रीय ग्रिड को ।,100 मेगावाट बिजली प्रदान करेगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान का ऊर्जा ईंधन आयात बिल 27 अरब डॉलर तक पहुंच गया है और देश को तत्काल ऊर्जा के वैकल्पिक और सस्ते स्रोतों की जरूरत है जिनमें सौर, पवन, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा शामिल हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के पास पनबिजली के जरिए 60,000 मेगावाट उत्पादन की क्षमता है, लेकिन अभी तक केवल 10,000 मेगावाट का ही उत्पादन हो रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक वीडियो संदेश में परमाणु ऊर्जा के सुरक्षित उपयोग के महत्व पर जोर दिया क्योंकि पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# डोभाल ने ब्लिंकन से वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की



**भाषा।** वाशिंगटन

**राष्ट्रीय सुरक्षा सला**हकार अजित डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात कर वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान दोनों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा की।

इजराइल और मिस्र समेत पश्चिम एशिया के दौरे से स्वदेश लौटने के तुरंत बाद ब्लिंकन ने बुधवार को डोभाल से मुलाकात की।

ब्लिंकन ने बैठक के बाद ट्वीट किया, अमेरिका वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। उन्होंने ट्वीट में कहा, हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा करने के लिए आज भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ मेरी अच्छी बैठक हुई। भारतीय दूतावास ने भी एक ट्वीट में कहा, दोनों पक्षों ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचारों का आदान-प्रदान किया और चर्चा की कि कैसे भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया जाए। डोभाल अमेरिका में एक उच्चाधिकार प्राप्त भारतीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जैक सुलिवन से भी मुलाकात की थी। डोभाल और सुलिवन ने यहां व्हाइट हाउस में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ इनीशिएटिव फॉर क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) की पहली उच्च-स्तरीय बैठक की थी।

## आईसीईटी अमेरिका, भारत के लिए लोकतांत्रिक प्रौद्योगिकी पारितंत्र बनाने में अहम : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) पर भारत-अमेरिका की पहल दोनों देशों के वास्ते एक लोकतांत्रिक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। भारत-अमेरिका संबंधों में आईसीईटी को नेक्स्ट बिग थिंग (एक बड़ा कदम) बताया जा रहा है। मंगलवार को यहां व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और भारत के अजित डोभाल द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रपति का मानना है कि यह पहल अमेरिका और भारत के लिए एक लोकतांत्रिक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों व हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए, हम इसे भारत के साथ बेहद महत्वपूर्ण पहल और साझेदारी के रूप में देखते हैं। आईसीईटी का मई 2022 में तोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बैठक के बाद पहली बार एक संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया था। इसका मकसद दोनों देशों की सरकारों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सामरिक प्रौद्योगिकी साझेदारी तथा रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना तथा उसे विस्तार देना है। ज्यां-पियरे ने बुधवार को एक सवाल के जवाब में कहा, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने इस पहल की घोषणा तब की जब वे पिछले साल मई 2022 में एक बैठक में (तोक्यो में) मिले थे और अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों में हमारी साझेदारी का नेतृत्व करने का निर्देश दिया।

# पुलिस की वर्दी में घुसा था पेशावर की मस्जिद में विस्फोट करने वाला आत्मघाती हमलावर

**भाषा।** पेशावर

**उत्तर** पश्चिम पाकिस्तान के पेशावर शहर की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला कर 101 लोगों की जान लेने वाला हमलावर पुलिस की वर्दी पहनकर उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में घुसा था तथा हेलमेट और मास्क पहनकर मोटरसाइकिल से वहां आया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

खैबर-पख्तुनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि पुलिस लाइन्स के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच चौकी पर तैनात कर्मियों ने पुलिस वर्दी पहने हुए हमलावर की जांच नहीं की और उसे अंदर जाने दिया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि हमलावर खैबर रोड के रास्ते पुलिस लाइन्स क्षेत्र में आया था। अंसारी के मुताबिक हमलावर ने एक पुलिस अधिकारी से मस्जिद की ओर जाने वाले रास्ते के बारे में भी पश्तो भाषा में पूछा था।



उन्होंने कहा कि उक्त मोटरसाइकिल के पंजीकरण नंबर का पता लगा लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमलावर अकेला नहीं था और एक पूरा नेटवर्क उसकी मदद कर रहा था।

# फिलीपीन अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने पर सहमत

**मनीला।** अमेरिका और फिलीपीन ने बृहस्पतिवार को दक्षिण पूर्व एशियाई देश में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति का विस्तार करने के लिए एक समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत अमेरिकी सेना को फिलीपीन के चार और सैन्य शिविरों तक पहुंच प्रदान की गई।इससे अमेरिका को चीन के खिलाफ क्षेत्र में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए नया आधार मिलेगा। काफी समय से दोनों देशों के बीच संधि है और 2014 के रक्षा समझौते के तहत अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की यात्रा के दौरान इसे सार्वजनिक किया गया था। ऑस्टिन ने ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच एशिया में अमेरिका के सुरक्षा गठजोड़ को मजबूत करने के प्रयासों का नेतृत्व किया है। सहयोगी देशों ने एक संयुक्त बयान में यह भी कहा कि फिलीपीन के पांच सैन्य ठिकानों पर परियोजनाओं में पर्याप्त प्रगति हुई है, जहां अमेरिकी सैन्य कर्मियों को पहले फिलीपीन के अधिकारियों द्वारा संवर्धित रक्षा सहयोग समझौते (ईडीसीए) के तहत पहुंच प्रदान की गई थी।

# फ्रांस ने यमन भेजी जा रही ईरान के असॉल्ट राइफलें, मिसाइलें जब्त कीं

**भाषा।** दुबई,

**फ्रांस के** नौसैनिकों ने ओमान की खाड़ी में एक अज्ञात जहाज से पिछले महीने हजारों की संख्या में असॉल्ट राइफलें, मशीनगन एवं टैंक निरोधक मिसाइलें जब्त की हैं। इन हथियारों को कथित तौर पर ईरान से यमन के हूथी विद्रोहियों के लिए भेजा जा रहा था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। हथियार जब्ती की यह कार्वाई ओमान की खाड़ी में 15 जनवरी को हुई, जो होरमुज जलडमरूमध्य से संबद्ध एक जल निकाय है। यह फारस की खाड़ी का संकरा मुहाना है, जो अरब सागर से होते हुए हिंद महासागर तक जाता है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इस जब्ती को ईरान से यमन तक हथियारों की तस्करी करार दिया है। एक अज्ञात जहाज पर लदे इन हथियारों की तस्वीर अमेरिकी केंद्रीय कमान ने बुधवार को जारी की। तस्वीरों से पता चलता है कि इन हथियारों में चीन निर्मित टाइप 56 राइफलें, रूस निर्मित मोलोट एकेएस20यू और पीकेएम-पैटर्न मशीन गन शामिल हैं। केंद्रीय कमान ने कहा है कि जब्त किए गए हथियारों में तीन हजार से अधिक राइफल और 578,000 कारतूस शामिल हैं। हथियारों की जारी की गई तस्वीरों से पता चलता है कि इसमें 23 टैंक निरोधक मिसाइल भी हैं जो कंटेनर से संचालित होती हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव में ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हूथी विद्रोहियों ने 2014 के आखिर में देश की राजधानी पर कब्जा कर लिया था, और मार्च 2015 से देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करने वाले सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ संघर्षरत हैं। ईरान ने हालांकि, फ्रांस द्वारा जब्त किए गए हथियारों के बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने पकड़े गए हथियारों की तस्वीरें जारी कीं। तस्वीरों में ए हथियार अमेरिकी सेना द्वारा पकड़े गए ईरान के अन्य हथियारों के समान ही नजर आ रहे हैं।

# ईरान ने ड्रोन हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया, जवाबी कार्वाई की धमकी दी

**भाषा।** दुबई

**ईरान ने** गत सप्ताहांत में इसफाहान शहर में एक सैन्य वर्कशाप को निशाना साधकर किए गए ड्रोन हमले के लिए औपचारिक रूप से इजराइल को जिम्मेदार ठहराया और चेतावनी दी कि उसे जवाबी कार्वाई करने का वैध अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक पत्र में शनिवार देर रात हुए हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। यह पत्र मिशन की वेबसाइट पर जारी किया गया। पत्र में ईरानी राजदूत आमिर सईद इरावनी के दस्तखत हैं। पत्र के मुताबिक, शुरुआती जांच से पता चलता है कि हमले की कोशिश के लिए इजराइली शासन जिम्मेदार है। शनिवार देर रात 11:30 बजे हुए ड्रोन हमले का पूरा विवरण अभी तक नहीं मिला है। ईरान की समाचार एजेंसी इरना ने ड्रोन को "बम से लैस क्वाडकोप्टर" करार दिया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा तीन ड्रोन में से दो को सफलतापूर्वक मार गिराया गया। इजराइली अधिकारियों ने घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# श्रीलंका में बौद्ध धर्मगुरुओं ने तमिलों को राजनीतिक स्वायत्तता देने का विरोध किया

**भाषा।** कोलंबो

**अल्पसंख्यक तमिलों** को राजनीतिक स्वायत्तता देने के लिए भारत समर्थित 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करने की श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की योजना को बृहस्पतिवार को तब झटका लगा जब शक्तिशाली बौद्ध धर्मगुरुओं ने इसका कड़ा विरोध किया और दावा किया कि यह देश की एकात्मक प्रकृति को चुनौती देता है। मुख्य बौद्ध संप्रदायों के चार प्रमुख धर्माध्यक्षों ने कैंडी शहर में विक्रमसिंघे को एक पत्र सौंपा। पत्र में आरोप लगाया गया है कि विक्रमसिंघे की योजना ने देश में असंतोष पैदा कर दिया है क्योंकि यह कदम श्रीलंका की संप्रभुता को चुनौती देता है। पत्र में विक्रमसिंघे को याद दिलाया गया कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति देश की एकता के लिए उत्पन्न खतरे के कारण 13वें संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन पर आगे नहीं बढ़े। पत्र में चेतावनी दी गई है कि राष्ट्रपति को ऐसा करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और लोगों में गुस्सा नहीं भड़कने का कारण पैदा नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने देश में अल्पसंख्यक तमिलों को राजनीतिक स्वायत्तता प्रदान करने के लिए संविधान के 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। पिछले हफ्ते, उन्होंने श्रीलंका में तमिल समुदाय की ओर से राजनीतिक स्वायत्तता की लंबे समय से चली आ रही मांग के समाधान के रूप में 13वें संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन की पेशकश की थी। संशोधन 13 ए श्रीलंका में तमिल समुदाय को सत्ता के हस्तांतरण का प्रावधान करता है। भारत 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाए गए संशोधन 13ए को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बना रहा है। सर्वदलीय बैठक में विक्रमसिंघे ने कहा, राष्ट्रपति के रूप में, मैं देश के संबंधित कानून को लागू करने के लिए बाध्य हूं। उन्हें आठ फरवरी को संसद में अपने संबोधन में 13ए को पूरी तरह से लागू करने की घोषणा करनी है। पिछले महीने श्रीलंका की अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 13ए का पूर्ण कार्यान्वयन देखने की भारत की इच्छा पर जोर दिया था। विक्रमसिंघे ने दिसंबर के मध्य में अल्पसंख्यक तमिल राजनीतिक समूहों के साथ बातचीत शुरू की थी ताकि ब्रिटेन से श्रीलंका की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चार फरवरी तक सुलह की जा सके। सिंहलियों में ज्यादातर बौद्ध हैं जो श्रीलंका की दो करोड़ 20 लाख की आबादी का लगभग 75 प्रतिशत हैं जबकि तमिल 15 प्रतिशत हैं।

# पृथ्वी के बारे में नई खोजों के लिए नासा और आईबीएम ने हाथ मिलाया

वाशिंगटन, दो फरवरी (भाषा) नासा और आईबीएम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित ऐसे मॉडल विकसित करने के लिए साझेदारी की है जो पृथ्वी के बारे में आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी आसानी से जुटाने में मदद करने के साथ ही दुनिया को बदलते पर्यावरण के लिहाज से ढलने में मददगार हो सकते हैं। नासा ने एक बयान में कहा कि इस संयुक्त उपक्रम में पहली बार नासा के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के आंकड़ों में एआई फाउंडेशन मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा सोनी पत्नी श्री रमा शंकर सोनी, उक्त संपत्ति Residential Plot of area measuring 50 Sq. Yds., i.e., 41.805 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 11/3, Situated at Naresh Vihar, Khoda Colony Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, का बिक्री विलेख दिनांक 12.10.2010 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 7791 के द्वारा मालिक है। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० मीरा सोनी के विधिक उत्तराधिकारी श्री अरविन्द सोनी, श्री आशीष सोनी, श्री भोला सोनी, श्री रमा शंकर सोनी, को कोई आपत्ति नहीं है अगर श्री मुकेश कुमार पाल उपरोक्त संपत्ति को बंधक करें। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

My client Pankaj Nigam S/o Late Sh. R.K. Nigam and Dr. Seema Rani W/o Pankaj Nigam, both R/o 57-HEWO Apartment Sector-16A, Faridabad, Haryana-121001, have severed their all relations and disowned their son Nishchaya from all movable and immovable properties with immediate effect due to his misconduct. We and none of our family will be responsible for any of his acts or transactions made by him or with him by anyone.

ADVOCATE
(KUSH SHARMA)
Kush Sharma & Associates
385,lawyer's Chamber-I Delhi High Court
New Delhi-110003 Mob:- 91+9311399002
Email I'D :- info.ksalawoffices@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

गार्डनसिटी डीएलएफ, न्यू इंदौर', ए.बी. बाईपास रोड, इंदौर (एम.पी.) में स्थित प्लॉट नं. जीआईई002 श्री भूपेश चंद गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री. ईश्वर चंद गुप्ता निवासी सी-38, ग्रीन पार्क मेन, नई दिल्ली के नाम पर पंजीकृत था जिनका 4 मई, 2021 को देहांत हो गया है और अपने पीछे कानूनी उत्तराधिकारियों के रूप में केवल निम्नलिखित व्यक्तियों, नामतः श्रीमती रश्मि गुप्ता (पत्नी), श्री सिद्धार्थ चंद गुप्ता (पुत्र) और श्री प्रणव चंद गुप्ता (पुत्र) को छोड़ गए हैं और तदनुसार श्रीमती रश्मि गुप्ता (पत्नी), श्री सिद्धार्थ चंद गुप्ता (पुत्र) और श्री प्रणव चंद गुप्ता (पुत्र) का नाम उपरोक्त प्लॉट के संबंध में डीएलएफ के रिकॉर्ड में दर्ज किया जा रहा है। यदि इस पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर मैसर्स डीएलएफ लि. / मैसर्स डीएलएफ गार्डन सिटी इंदौर प्रा. लि. या अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क कर सकता है या कर सकती है।

अनिल सिंगला, एडवोकेट
हाउस नंबर 838, सेक्टर 15, पार्ट 2,
गुड़गांव-122001,
मोबाइल नंबर 9811747274

# उत्तर कोरिया ने कड़ी प्रतिक्रिया की चेतावनी दी

**अमेरिका के गठबंधन सहयोगियों के साथ सैन्याभ्यास के खिलाफ दिखाए तीखे तेवर**

**एपी।** सियोल

**उत्तर कोरिया** ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास का दायरा बढ़ाने के खिलाफ परमाणु शक्ति के जरिए कठोरतम प्रतिक्रिया की धमकी दी है। उत्तर कोरिया ने दावा किया कि गठबंधन देश तनाव को बेहद गंभीर स्थिति की तरफ ले जा रहे हैं। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय का बयान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की टिप्पणियों के जवाब में आया है।



ऑस्टिन ने मंगलवार को सियोल की यात्रा के दौरान कहा था कि दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्याभ्यास को मजबूत करते हुए अमेरिका लड़ाकू जेट और विमान वाहक पोत सहित कोरियाई प्रायद्वीप में उन्नत सैन्य साजोसामान की तैनाती में वृद्धि करेगा। विदेश मंत्रालय के एक अज्ञात प्रवक्ता के हवाले से दिए गए बयान में उत्तर कोरिया ने कहा कि सहयोगियों के अभ्यास का विस्तार कोरियाई प्रायद्वीप को विशाल युद्ध शस्त्रागार और अधिक जटिल युद्ध क्षेत्र में बदलने की धमकी साबित हो रहा है। बयान में कहा गया है कि उत्तर कोरिया गठबंधन द्वारा किसी भी अल्पकालिक या दीर्घकालिक सैन्य चुनौतियों का सबसे सक्षम परमाणु शक्ति के साथ मुकाबला करने के लिए तैयार है। उत्तर कोरियाई प्रवक्ता ने कहा, डीपीआरके अमेरिका के किसी भी सैन्य प्रयास के खिलाफ परमाणु (बम) के लिए परमाणु और पूर्ण सैन्य टकराव के लिए पूर्ण सैन्य टकराव के सिद्धांत के साथ प्रतिक्रिया देगा। इस बीच, दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के पश्चिमी जल क्षेत्र के ऊपर दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमानों के साथ बुधवार को बी- ।बी बमवर्षक और एफ-22 और एफ-35 लड़ाकू जेट के साथ अभ्यास किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया इस महीने एक संयुक्त अभ्यास की योजना बना रहे हैं, जिसका उद्देश्य उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर इसके खिलाफ जवाबी हमले को मजबूत किया।

# चीन को अधिकार हनन, भारत व ताइवान के प्रति आक्रामकता के लिए जवाबदेह ठहराया जाए : अमेरिकी सांसद

**भाषा।** वाशिंगटन

**कई प्रभावशाली** रिपब्लिकन सांसदों ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से आग्रह किया है कि चीन को हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ ही भारत व ताइवान के खिलाफ अस्वीकार्य व भड़काऊ व्यवहार के लिए जवाबदेह ठहराया जाए।अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री और वित्त मंत्री जेनेट एलेन को उनके बीजिंग दौरे से पहले लिखे एक पत्र में उनसे चीन को घोर मानवाधिकार उल्लंघन, अनुचित व्यापार प्रथाओं तथा अमेरिका और उसके सहयोगियों के प्रति आक्रामकता के लिए भी जिम्मेदार ठहराने की मांग की।ब्लिंकन रविवार को चीन रवाना होंगे जबकि एलेन के इसी महीने बाद में वहां का दौरा करने की उम्मीद है। फ्लोरिडा से रिपब्लिकन सांसद मार्को रुबियो ने बुधवार को लिखे पत्र में कहा, सीसीपी (चीन की कम्युनिस्ट पार्टी) ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उसके इतर भी अपनी आक्रामकता बढ़ा दी है। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे सत्तारूढ़ सीसीपी को प्रचार हथकंडों में बढ़त हासिल करने देने से बचें और सीसीपी को उसके घोर मानवाधिकारों के हनन, अनुचित व्यापार प्रथाओं, फेंटेनाइल (एक दर्दनिवारक दवा) संकट में अग्रणी भूमिका और हिंद-प्रशांत में सहयोगियों और भागीदारों के प्रति आक्रामकता के लिए जवाबदेह ठहराएं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Munna Sah S/o Sh. Dinfyal Sah R/o B-124, Sector-14, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301 have change my name from Munna Gupta to Munna Sah for all future purposes.

PD( 90260 )C

# कई विस्फोटों में शामिल आतंकी गिरफ्तार

भाषा। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को कई विस्फोटों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह आतंकवादी पहले एक सरकारी स्कूल का शिक्षक था। वह वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस में हुए विस्फोट की घटना में भी कथित तौर पर शामिल था। सिंह ने पत्रकारों को बताया कि जम्मू के नरवाल में हाल ही में हुए दोहरे विस्फोट की जांच के बाद रियासी जिले के निवासी आरिफ को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक आईईडी (संवर्धित विस्फोटक उपकरण) भी बरामद किया गया है, जिसे ईत्र की बोतल के अंदर लगाया गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रमुख ने कहा कि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में इस तरह का बम बरामद हुआ है।

सिंह ने बताया कि आरिफ कथित तौर पर अपने पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर काम कर रहा था और वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस में विस्फोट में शामिल होने की बात उसने स्वीकार की है। इस विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई थी और 24 अन्य घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि उसने फरवरी 2022 में जम्मू के शास्त्रीनगर इलाके में एक आईईडी विस्फोट के अलावा 21 जनवरी को नरवाल में दोहरे विस्फोट में भी अपनी भूमिका स्वीकार की, जिसमें नौ लोग घायल हो गए थे। सिंह ने कहा, सभी आईईडी सीमा पार से भेजे गए थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकी कृत्यों को धर्म के चश्मे से नहीं देखतीः सिंह

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकी गतिविधियों को धर्म के चश्मे से नहीं देखती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिंह ने कहा कि सीमा पार से अपने आकाओं के इशारे पर जम्मू क्षेत्र में हाल में किए गए आतंकवादी हमलों का उद्देश्य आतंकवाद को पुनर्जीवित करना और केंद्र शासित प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे को नुकसान पहुंचाना था। डीजीपी ने कहा, हम देश के कानून के अनुसार काम करते हैं और धर्म के चश्मे से (आतंकवाद से संबंधित किसी भी घटना को) नहीं देखते हैं। एक आरोपी के साथ धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि अपराध के आधार पर निपटा जाता है। वह पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की उस कथित टिप्पणी से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें पेशावर में एक मस्जिद में बम हमले के बाद मंत्री ने कहा था कि भारत में भी नमाज के दौरान नमाजी नहीं मारे गए। डीजीपी ने कहा, हमारी सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और उनके (आतंकवादियों) खिलाफ सख्त कार्वाई की जानी चाहिए। कुछ लोग स्थिति में हेरफेर करने और जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमें यकीन है कि लोग बहुत कुछ सीख चुके हैं और गुमराह नहीं होंगे।

## 78 मंत्रालयों और विभागों में 9.79 लाख पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि केंद्र सरकार के 78 मंत्रालयों और विभागों में 9.79 लाख से अधिक रिक्तियां हैं। इनमें से रेलवे में 2.93 लाख, रक्षा (सिविल) में 2.64 लाख और गृह मंत्रालय में 1.43 लाख रिक्तियां हैं। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सुशील कुमार मोदी की ओर से पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार देने के लिए सरकारी पहल पर रोजगार मेला कार्यक्रम जारी है तथा एक वर्ष की अवधि में यह 10 लाख युवाओं को लाभकारी सेवा के अवसर प्रदान करने के अलावा रोजगार और स्वरोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। देश भर में रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और युवाओं को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों में नियुक्त किया जा रहा है।

# 2018 से अब तक उच्च न्यायालयों में नियुक्त 554 न्यायाधीशों में से 430 सामान्य श्रेणी के हैंः रीजीजू

भाषा। नई दिल्ली



**कानून मंत्री किरेन रीजीजू** ने बृहस्पतिवार को राज्य सभा को बताया कि 2018 से अब तक देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में नियुक्त कुल 554 न्यायाधीशों में से 430 सामान्य श्रेणी के हैं। उन्होंने आगे कहा कि 58 न्यायाधीश अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और 19 अनुसूचित जाति से हैं। अनुसूचित जनजाति से केवल छह और अल्पसंख्यकों से 27 न्यायाधीश हैं। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों में 84 महिला न्यायाधीश भी शामिल हैं। कानून मंत्री ने बताया कि कुल नियुक्तियों में सामान्य श्रेणी के न्यायाधीशों की संख्या 77 प्रतिशत से अधिक है। रीजीजू ने भाजपा सांसद सुशील मोदी के एक सवाल का लिखित जवाब दिया। यह उल्लेख करते हुए कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति को निर्देशित करने वाले संवैधानिक प्रावधान किसी भी जाति या वर्ग विशेष के लिए आरक्षण प्रदान नहीं करते हैं, रीजीजू ने कहा कि सरकार उच्चतर न्यायपालिका में सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने अपने जवाब में कहा, सरकार उच्चतर न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक विविधता लाने के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध करती रही है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजते समय सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने के वास्ते, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं में से उपयुक्त उम्मीदवारों के नाम पर उचित विचार किया जाए। उन्होंने बताया कि 2018 से उच्चतम न्यायालय में कुल 30 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में आठ, वर्ष 2019 में 10, वर्ष 2020 में एक भी नहीं, वर्ष 2021 में नौ और वर्ष 2022 में तीन न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे। उन्होंने कहा कि देश भर के जिला न्यायाधीशों में से 612 अनुसूचित जाति से, 204 अनुसूचित जनजाति से,1,329 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, जबकि1406 महिलाएं हैं।

# कोंकण सीट पर भाजपा जीती, नागपुर में भाजपा समर्थित प्रत्याशी हारा

**परिषद चुनाव**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव में बृहस्पतिवार को भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर म्हात्रे को कोंकण मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विजई घोषित किया गया। नागपुर मंडल शिक्षक सीट पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार को विपक्षी महा विकास अघाड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। एमवीए समर्थित उम्मीदवार सुधाकर अडबले ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नागोराव गनार को हराकर नागपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी गनार इस सीट से मौजूदा एमएलसी हैं।

नागपुर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का गृह जिला है। तीन अन्य सीट औरंगाबाद, मंडल शिक्षाक निर्वाचन क्षेत्र, अमरावती और नासिक मंडल स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना जारी है। विधानमंडल के उच्च सदन की सभी पांच सीट के लिए मतदान 30 जनवरी को हुआ और मतगणना बृहस्पतिवार सुबह शुरू हुई। भाजपा उम्मीदवार म्हात्रे को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली पार्टी बालासाहेबांची शिवसेना का समर्थन प्राप्त था, जिन्होंने कोंकण सीट पर एमवीए समर्थित उम्मीदवार बलराम पाटिल को हरा दिया। कोंकण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के परिणामों की घोषणा करने वाले रिटर्निंग ऑफिसर और डिवीजनल कमिश्नर महेंद्र कल्याणकर ने कहा कि म्हात्रे को 20,683 वोट मिले, जबकि पाटिल को 10,997 वोट मिले। औरंगाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में राकांपा के उम्मीदवार विक्रम काले पहले दौर की मतगणना के बाद आगे चल रहे हैं। पांच परिषद सदस्यों का छह साल का कार्यकाल (शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से तीन और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से दो) सात फरवरी को समाप्त हो रहा है।



मंगलुरू में भारतीय तटरक्षक बल के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदर्शन करते जवान

## रेलवे आईआरएमएस में सिविल सेवा परीक्षा के जरिए भर्ती करेगा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने फैसला किया है कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिए अधिकारियों की भर्ती 2023 से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के जरिए की जाएगी। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह पहले के एक आदेश से अलग है जिसमें कहा गया था कि सेवा के लिए भर्ती 2023 से यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली विशेष रूप से तैयार की गई आईआरएमएस परीक्षा के जरिए की जाएगी। यूपीएससी और कार्मिक विभाग के साथ मशविरा कर निर्णय लिया गया है कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा में भर्ती यूपीएससी द्वारा वर्ष 2023 के लिए आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के जरिए की जाएगी। मंत्रालय ने इस फैसले के पीछे के कारणों को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है ऐसी संभावना है कि यह गैर-इंजीनियरिंग श्रेणी के अधिकारियों के दबाव में किया गया निर्णय है।

# सिद्धरमैया उत्तरी और शिवकुमार दक्षिणी कर्नाटक की अलग-अलग यात्रा करेंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की प्रजा ध्वनि यात्रा के तहत शुक्रवार से अलग अलग बस से यात्रा पर निकल रहे हैं। इससे पहले दोनों ने उसके प्रथम चरण में एक साथ प्रदेश की यात्रा की थी। सिद्धरमैया की अगुवाई वाली कांग्रेस के नेताओं की टीम उत्तरी कर्नाटक के विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी जबकि शिवकुमार की अगुवाई वाला दल दक्षिणी कर्नाटक के जिलों को मथेगा।

उत्तरी कर्नाटक में लोकप्रिय बताए जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बीदर जिले के बसावकल्याण से पार्टी के 35 नेताओं की टीम के साथ बस से यात्रा पर निकलेंगे। वह पहले अनुभव मंटपा जाएंगे जहां जनसभा को संबोधित करने से पहले 12 वीं सदी के समाज सुधारक बसवेश्वर की प्रतिमा पर उनके द्वारा माल्यार्पण करने की संभावना है। यह यात्रा 18 फरवरी तक चलेगी और इस बीच में वह अन्य कार्यक्रमों एवं विधानसभा सत्र में हिस्सा लेने के लिए अवकाश भी लेंगे। इस यात्रा के दौरान बीदर, कलबुर्गी, विजयपुरा, बागलकोटे, हुब्बली, धारवाड़ एवं कोप्पल जिलों के विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेंगे।

शिवकुमार पार्टी के 54 नेताओं के साथ तीन से नौ फरवरी तक बस से यात्रा करेंगे। वह प्रसिद्ध कुरुडमाले महा गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत कोलार जिले के मालबुगल से यात्रा आरंभ करेंगे। वह कोलार, चित्रदुर्ग, बेंगलुरु ग्रामीण एवं शिवमोगा जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। शिवकुमार वोक्किलगा समुदाय से आते हैं जो राज्य के दक्षिण जिलों के कई हिस्सों में प्रभावशाली समुदाय है। कांग्रेस ने इससे पहले 11 जनवरी को प्रजा ध्वनि यात्रा का पहला चरण शुरू किया था। तब सिद्धरमैया एवं शिवकुमार ने साथ मिलकर 29 जनवरी तक राज्य में यात्रा की थी। दोनों ही नेता कांग्रेस के सत्ता में आने की स्थिति में मुख्यमंत्री की कुर्सी के आकांक्षी हैं।

## इस साल हज कोटा 1.75 लाख यात्रियों का होगाः स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल भारत का हज कोटा 1.75 लाख हजयात्रियों का होगा। उन्होंने लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। ईरानी ने कहा, मंत्रालय ने हज प्रबंधन को लेकर राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की हज समितियों सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ कई बार चर्चा की थी जिस दौरान पुराने हज कोटा की बहाली का आग्रह किया गया था। उन्होंने बताया, हज 2023 के लिए सऊदी अरब के साथ वार्षिक द्विपक्षीय समझौते के तहत इस मुद्दे का निदान किया गया। कोविड-19 की चुनौतियों के बावजूद इस साल के लिए।,75,025 हजयात्रियों का वास्तविक हज कोटा बहाल कर दिया गया है। हज कोटा में इजाफे के कारण अब सरकार विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से और लोगों को हज के लिए भेज सकेगी।

# भाजपा ने मुख्यमंत्री संगमा के खिलाफ पूर्व उग्रवादी नेता बर्नार्ड मारक को उतारा

**मेघालय चुनाव**

**शिलांग।** भाजपा ने अपनी प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष एवं पूर्व उग्रवादी नेता बर्नार्ड एन. मारक को मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के खिलाफ दक्षिण तुरा सीट से पार्टी का आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा मेघालय विधानसभा की सभी 60 सीट पर चुनाव लड़ेगी और बृहस्पतिवार को अपने सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी के प्रवक्ता ने यहां बताया कि भाजपा ने पिछले महीने सत्तारुढ़ मेघालय डेमोक्रेटिक गठबंधन से अलग होने और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया था। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों की सूची में दो मौजूदा भाजपा विधायक संबोर शुल्लई और ए एल हेक शामिल हैं।

जो शहर में क्रमश: दक्षिणी शिलांग और पायथोरुखरा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा, अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले मौजूदा विधायकों को भी सूची में शामिल किया गया है। इनमें एच एम शांगप्लियांग, फेरलिन संगमा, बेनेडिक्ट मारक और सैमुअल एम संगमा शामिल हैं, जो क्रमश: मावसिनराम, सेलसेला, रक्समग्रे और बाघमारा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी पश्चिम शिलांग सीट से चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि मारक ने 2014 में हथियार डाल दिए थे और उग्रवादी संगठन अचिक नेशनल वालंटियर काउंसिल-बी को भंग कर दिया था। वह गारो जनजाति के लिए अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर सशस्त्र उग्रवादी संगठन एनवीसी में शामिल हुए थे।

कोनराड संगमा के खिलाफ मुखर रहने के लिए जाने जाने वाले बर्नार्ड मारक को पिछले साल गिरफ्तार किया गया था और उन पर अनैतिक मानव तस्करी समेत तुरा स्थित अपने फार्महाउस में वेश्यालय चलाने का आरोप लगाया गया था। बर्नार्ड तुरा जिला परिषद के भी एक सदस्य हैं। पार्टी के मुताबिक वर्ष 2018 में नोंगथिम्मई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हारने वाले राज्य भाजपा अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी पश्चिम शिलां निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के मुताबिक उसके पार्टी प्रवक्ता एम.एच. खरकंग उत्तरी शिलांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी ने एनपीपी की पूर्व विधायक फेरलिन संगमा सहित सात महिला उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है।

## बीबीसी वृत्तचित्र दिखाने की योजना बनाने के लिए बीआरएस की छात्र शाखा के सदस्यों को हिरासत में लिया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की छात्र शाखा के सदस्यों को यहां उस्मानिया विश्वविद्यालय परिसर में बिना अनुमति के 2002 के गुजरात दंगों पर आधारित विवादास्पद बीबीसी वृत्तचित्र दिखाने की योजना बनाने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि छात्र संगठन के उन छह सदस्यों को हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया, जो बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में आर्ट्स कॉलेज के सामने एकत्र हुए और बिना अनुमति के वृत्तचित्र दिखाने की योजना बनाई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्होंने वृत्तचित्र नहीं दिखाया। वे (ऐसा करने की) योजना बना रहे थे... क्योंकि उनके पास (वृत्तचित्र दिखाने की) अनुमति नहीं थी, इसलिए उन्हें तुरंत एहतियाती हिरासत में ले लिया गया। केंद्र सरकार ने हाल में सोशल मीडिया मंच ट्विटर और यूट्यूब को बीबीसी के वृत्तचित्र इंडियाः द मोदी क्वेश्चन को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया था। विदेश मंत्रालय ने इसे दुष्प्रचार सामग्री करार देते हुए कहा था कि इसमें निष्पक्षता की कमी है और औपनिवेशिक मानसिकता झलकती है।

# सीबीआई अदालत ने पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी कर दी खारिज

**कोलकाता।** कोलकाता की एक सीबीआई अदालत ने सरकारी विद्यालयों में भर्ती अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए पश्चिमी बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी बृहस्पतिवार को खारिज कर दी और उनकी न्यायिक हिरासत 16 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने सीबीआई को शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मियों की भर्ती से जुड़े पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग के इस घोटाले की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। अदालत ने सीबीआई के अनुरोध पर चटर्जी की न्यायिक हिरासत 16 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। उसने पूर्व मंत्री की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सीबीआई ने एक अदालती आदेश पर चटर्जी को 16 सितंबर को हिरासत में लिया था।

प्रवर्तन निदेशालय ने चटर्जी की कथित करीबी अर्पिता मुखर्जी के अपार्टमेंट से ढेर सारा नकद, गहने और जमीन के कागजात मिलने के बाद 23 जुलाई को उन्हें (चटर्जी को) गिरफ्तार कर लिया था। जमानत की मांग करते हुए चटर्जी के वकीलों ने अदालत में दावा किया कि पिछले हिरासत आदेश के बाद से जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है और ऐसे में उनके मुवक्किल को जेल में रखने का कोई तुक नहीं है।

सीबीआई के वकील ने कहा कि जांच चल रही है और इस पड़ाव पर पूर्व मंत्री को रिहा करने से जांच पर बुरा असर पड़ेगा। चटर्जी के पास 2014 से 2021 तक पश्चिम बंगाल का शिक्षा विभाग का प्रभार था तथा सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मियों की भर्ती में अनियमितताएं कथित रूप से उसी दौर में हुई थीं। ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने के बाद चटर्जी को ममता बनर्जी सरकार ने मंत्रिपद से हटा दिया था। जब उन्हें गिरफ्तार किया गया था तब उनके पास संसदीय कार्य, उद्योग एवं वाणिज्य समेत कई विभागों का कामकाज था।

## मसूरी पर विशिष्ट अध्ययन किया जाए : जोशीमठ आपदा के मद्देनजर एनजीटी ने कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्वतीय स्थल मसूरी का विशिष्ट अध्ययन करने का निर्देश जारी करते हुए पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए उपचारात्मक उपाय सुझाने के वास्ते नौ सदस्ईय एक समिति का गठन किया है। अधिकरण एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था, इसने इस मीडिया रिपोर्ट के मद्देनजर स्वत: संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की थी कि हाल की जोशीमठ आपदा मसूरी के लिए एक चेतावनी है जहां अनियोजित निर्माण जारी है। न्यायमूर्ति गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हिमालई क्षेत्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों की वहन क्षमता का समग्र अध्ययन पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल तथा अफरोज अहमद भी शामिल थे। पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों में अध्ययन की आवश्यकता को कमतर आंके बिना... हम मसूरी के लिए विशिष्ट अध्ययन का निर्देश देते हैं।

# नीतीश ने आयकर छूट सीमा में बढ़ोतरी पर किया कटाक्ष, कहा- यह चुनाव का समय है

**सहरसा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आयकर छूट की सीमा में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर व्यंग्यात्मक लहजे में बृहस्पतिवार को कहा, यह चुनाव का समय है। सहरसा जिले में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम 'समाधान यात्रौ के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने के दौरान कटाक्ष करते हुए बिहारी लहजे में जद (यू) नेता कुमार ने कहा, वोटेवा का समय है ना। कुमार की इस टिप्पणी से पहले राज्य के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आयकर छूट की सीमा में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर कहा कि इस बजट में सबसे अधिक फायदा अमीरों को दिया गया है, जिनकी आमदनी अधिक है। चौधरी, नीतीश कुमार के साथ थे।



बुधवार को पेश बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यक्तिगत आयकर पर उच्चतम अधिभार दर को 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने और नई आयकर प्रणाली में कर छूट की सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपए करने का प्रस्ताव किया था ।नीतीश ने बुधवार को बजट को निराशाजनकै करार दिया था। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना जैसी योजनाओं के लिए कम बजटीय आवंटन पर निराशा व्यक्त की। केंद्रीय बजट में महत्वपूर्ण योजनाओं की राशि में कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में मनरेगा और किसान सम्मान निधि योजना की राशि घटा दी गई है, यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मनरेगा काफी पुरानी योजना है, यह योजना विकास के लिए काफी जरुरी है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के लिए 2022-23 में 73,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था अब उसे घटाकर 60,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि इसी तरह से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 2022-23 में 68 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था जिसे घटाकर अब 60,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस तरह से इस योजना में इस बार 8,000 करोड़ रुपए की कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की भी राशि 2,167 करोड़ रुपए कम कर दी गई है। इसी तरह से कई योजनाओं की राशि घटा दी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा मिशन में 600 करोड़ रुपए घटा दिए गए हैं जबकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कम राशि का आवंटन किया गया है। नीतीश कुमार ने कहा, बिहार की सात निश्चय योजना की तरह ही इन लोगों ने सप्तऋषि योजना शुरू करने की बात की है। हम बिहार में सात निश्चय योजना काफी पहले से चला रहे हैं। अब बिहार में सात निश्चय -2 चलाई जा रही है।

# पेंशन के लिए कर्मचारियों को शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ सकते



**गहलोत ने फिर की ओपीएस की वकालत, कहा- पुरानी पेंशन योजना एक न एक दिन बहाल करनी ही पड़ेगी**

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में हालिया गिरावट का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी कर्मचारियों को पेंशन के लिए उस शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता जहां नई पेंशन योजना (एनपीएस) का पैसा निवेश किया जा रहा है। गहलोत ने देशभर में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की फिर वकालत करते हुए कहा कि देश में कर्मचारियों के लिए ओपीएस एक न एक दिन बहाल करनी ही पड़ेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस दिशा आगे आकर पुनर्विचार करना चाहिए।

गहलोत ने इसके साथ ही कहा कि केंद्र ने एनपीएस के तहत जमा पैसा राज्य को नहीं लौटाया तो राज्य सरकार अदालत का दरवाजा खटखाएगी। देश में कर्मचारियों के लिए ओपीएस एक न एक दिन बहाल करनी ही पड़ेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस दिशा आगे आकर पुनर्विचार करना चाहिए। गहलोत यहां राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा का उत्तर दे रहे थे। राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए एनपीएस की जगह ओपीएस बहाल करने के फैसले की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण मामला है।

अडाणी कंपनियों के शेयरों में हालिया गिरावट का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा, अभी जो अडाणी साब का शेयर गिर रहा है, पूरे देश दुनिया में तहलका मच गया है। हमने पहले ही कहा था कि हम एनपीएस के माध्यम से कर्मचारी बंधुओं को, जो हमारे ही भाई हैं, उन्हें शेयर बाजार की दया पर नहीं छोड़ सकते। यह मैंने कहा था, वही बात आज लागू हो गई। आज पूरा देश हिल गया और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा है। गहलोत ने कहा, इसका जवाब दे प्रधानमंत्री मोदी जी पहले देश को कि एनपीएस लागू क्यों रखना चाहते हैं वे। मैंने उनसे बात भी की है... मैं छोड़ने वाला किसी को नहीं हूं। मुझे अगर आप सब ने मिलकर बैठाया तो मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं खुलकर बात करूं। मैंने उनसे भी बात की है।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं फिर कहना चाहूंगा कि पूरे सदन को इस मुद्दे पर एकजुट होकर बात करनी चाहिए। ओपीएस लागू करनी पड़ेगी ... आज नहीं तो कल करना पड़ेगा यह मेरा मानना है। केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस के तहत जमा पैसा राज्य सरकार को नहीं लौटाने पर गहलोत ने कहा, पूरा पैसा जो हमारा जमा है, वह भारत सरकार हमें वापस दे नहीं रही है... ओपीएस लागू करने के बावजूद नहीं दे रही है। और हम कहना चाहेंगे नहीं देंगे तो हम उच्चतम न्यायालय जाएंगे। उच्च न्यायालय जाएंगे लेकिन वह पैसा हम लेकर रहेंगे।

गहलोत ने कहा, भारत सरकार को आगे आकर ओपीएस बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए और पूरे देश में ओपीएस लागू होनी चाहिए। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा था कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार समाज के सभी वर्गों व धर्मों को बिना भेदभाव साथ लेकर चल रही है। इस पर कटाक्ष करते हुए गहलोत ने कहा, हमारे हिंदुस्तान में तमाम जाति, वर्ग, धर्मों का साथ लेकर प्रधानमंत्री चल रहे हैं... राजग सरकार चल रही है... इससे बड़ा झूठ तो कोई हो ही नहीं सकता।

# मुझमें दबाव झेलने की क्षमता विकसित हुई : पांड्या

## धोनी की तरह भूमिका निभाना मेरी जिम्मेदारी: हार्दिक



**भाषा।** अहमदाबाद

**भारत के स्टार** हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या का मानना है कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता विकसित हो गई है और उन्हें टीम के लिए महान महेंद्र सिंह धोनी की तरह भूमिका निभाने में कोई परेशानी नहीं है। इस 29 साल के ऑलराउंडर को आतिशी बल्लेबाजी के जाना जाता है लेकिन हाल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में टीम की अगुवाई करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने पारी को संभालना सीख लिया है। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद के चरण में ऐसी भूमिका निभाया करते थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 168 रन की जीत के साथ श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम करने वाले भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे दूसरे तरीके से जिम्मेदारी लेनी है। जहां मैं हमेशा साझेदारी में विश्वास करता हूं। मैं अपनी टीम और दूसरे अधिक भरोसा और आश्वासन देना चाहता हूं कि कम से कम मैं वहां मौजूद हूं। उन्होंने कहा, मैंने इस टीम (टी20 अंतरराष्ट्रीय) में शामिल अन्य खिलाड़ियों के मुकाबले अधिक क्रिकेट खेला है। ऐसे में अनुभव से मैंने दबाव को झेलने के साथ यह सुनिश्चित करना सीखा है कि हर परिस्थिति मे टीम में माहौल शांत रहे। धोनी को उनके शांत व्यवहार के लिए जाना जाता है और हार्दिक का मानना है कि अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे एक बल्लेबाज के रूप में दिग्गज विकेटकीपर की जगह लें। वह इस भूमिका को निभाने के लिए अपने स्ट्राइक-रेट को कम करने लिए तैयार हैं। हार्दिक ने कहा, इस तरह, शायद मुझे अपना स्ट्राइक रेट कम करना होगा या नई चुनौती स्वीकार करनी होगी। यह कुछ ऐसा है जिसे होते हुए मैं देख रहा हूं। मुझे इस तरह की भूमिका निभाने में कोई आपत्ति नहीं है जैसा की माही भाई (धोनी) करते थे। हार्दिक ने 87 टी20 मैचों में 142.17 के स्ट्राइक रेट से 1271 रन बनाए हैं। हार्दिक ने कहा, इमानदारी से कहूं तो मुझे छक्के लगाना पसंद है लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर आपको बेहतर होते रहना होता है। मुझे कुछ और भूमिका निभानी है और मैं बल्लेबाजी के समय साझेदारी में विश्वास करता हूं। हार्दिक ने तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते हुए चार विकेट झटके।

### तक्नीकी और रणनीतिक तौर पर मेरी यह पारी पूर्णता के क्रीब थी: गिल

**अहमदाबाद।** युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उनकी 63 गेंदों मे नाबाद 126 रन की पारी रणनीतिक और तक्नीकी रूप से पूर्ण बल्लेबाजी के करीब थी। गिल की इस पारी के दम पर भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 168 रन के विशाल अंतर से शिकस्त देकर तीन मैचो की श्रृंखला को 2-1 से जीता। गिल ने खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपने पहले शतक के दौरान 12 चौके और सात छक्के लगाए। भारत ने इस मैच में चार विकेट पर 234 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 12.1 ओवर में 66 रन पर आउट कर दिया। गिल ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की वेबसाइट पर जारी कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बातचीत के वीडियो में कहा, मै जिस तरह से बल्लेबाजी करता हूं उसके लिए मानसिक स्पष्टता की जरूरत होती है। और आप ने खासकर आज मुझे उस तरह की आजादी दी। आप ने कहा था, जैसा मै खेलता हूं वैसा ही खेलूं और कुछ अतिरिक्त करने की जरूरत नही है। मुझे लगता है कि यह छोटी-छोटी चीजे काफी मदद करती है। मिशेल सैंटनर के आखिरी ओवर मे, मै पूरी तरह से लय में था और मैने बड़ा शॉट खेलने का मन बनाया था लेकिन आप ने मुझे खुद को रोकने और दूसरे गेंदबाज के खिलाफ आक्रमक रवैया अपनाने की सलाह दी क्योंकि सैंटनर ने पूरी श्रृंखला मे अच्छी गेंदबाजी की थी। ऐसे में रणनीतिक और तक्नीकी तौर पर यह मैच मेरे लिए पूर्णता के करीब था। मैन ऑफ द सीरीज हार्दिक ने इस मैच में चार विकेट झटके। गिल ने जब इस बारे में पूछा तो उन्होने कहा, ईमानदारी से कहूं तो चार विकेट खेल का हिस्सा है, लेकिन मुझे लगता है कि अगर मै गलत नही हूं तो मैने 145 (किमी प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंदबाजी की और इस रफ्तार ने मुझे खुशी और मुस्कान दी जो आप देख सकते हैं। यह मेरा आखिरी (मौजूदा सत्र में भारतीय टीम के लिए) मैच है। इसके बाद मै ब्रेक पर जा रहा हूं।

## आस्ट्रेलिया से टेस्ट की तैयारी : नागपुर पहुंचे खिलाड़ी



सुर्यकुमार



पुजारा

# भारत में अच्छी पिच मिली तो जीतेगा ऑस्ट्रेलिया: हीली



**भाषा।** मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** पूर्व दिग्गज विकेटकीपर इयान हीली ने कहा कि भारत दौरे पर अगर पिच पूरी तरह से स्पिनरों की मददगार हुई तो घरेलू टीम का पलड़ा भारी होगा लेकिन अगर पिच बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए अच्छी हुई तो उनकी टीम के पास जीत दर्ज करने का मौका होगा। दोनों टीमें चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला में नौ फरवरी से नागपुर में आमने सामने होगी। हीली ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट से कहा, अगर वह ऐसी पिच तैयार करते हैं जो शुरुआत में बल्लेबाजी के लिए अच्छी हो और खेल के आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों की मददगार हो तो ऑस्ट्रेलिया के जीतने की संभावना अधिक होगी। उन्होंने कहा, मैं पहले टेस्ट के लिए (मिचेल) स्टार्क और (नाथन) लियोन को लेकर चिंतित हूं। अगर वहां की पिच वैसी हुई, जैसा कि हमने पिछले दौरे में देखा था तो भारतीय टीम अच्छी स्थिति में होगी। उस समय पहले दिन से ही गेंद असामान्य उछाल ले रही थी और रूक कर आ रही थी। मुझे लगता है कि ऐसी परिस्थितियों में भारतीय टीम हमसे बेहतर है। हीली ने टीम के युवा खिलाड़ियों से दबाव झेलने और क्षेत्ररक्षण में कम गलतियां करने की सलाह दी। मैं चाहता हूं खिलाड़ी उस दबाव (स्थानीय टीम से) से बचने की जगह डटकर उसका सामना करें। भारत में 10 विकेट झटकने के लिए आपको 10 मौके ही मिलेंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया में गेंद की उछाल और गति से आप 13 मौके बना सकते है। ऐसे में क्षेत्ररक्षण करते ऑस्ट्रेलिया में आप चूक कर सकते है लेकिन भारत में यह काफी महंगा पडेगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में 2004 के बाद कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। टीम नौ फरवरी से नागपुर के बाद नई दिल्ली (17 से 21 फरवरी), धर्मशाला (एक से पांच मार्च) और अहमदाबाद (नौ से 13 मार्च) में मैच खेलेगी।

### भारत में आस्ट्रेलिया की सफलता में स्पिन की होगी अहम भूमिका : मैकडोनाल्ड

**बेंगलुरू।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि आगामी बोर्डर-गावस्कर ट्राफी के चार टेस्ट मैचों मे उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती भारतीय स्पिनरो से निबटना होगी। आस्ट्रेलियाई टीम अभी नौ फरवरी से नागपुर मे होने वाले पहले टेस्ट मैच की तैयारियो में लगी है। मैक्डोनाल्ड ने इससे पहले अपने बल्लेबाजों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हे स्लाइड स्पिन से निबटने के लिए अपने खुद के तरीके ढूंढने होगे। आस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच खेलने के बजाय खुद ही अभ्यास करने को प्राथमिकता दी है। मैक्डोनाल्ड ने बुधवार को टीम के बेंगलुरू रवाना होने से पहले कहा, मेरा मानना है की नई गेंद अधिक स्लाइड होती है। हम इसकेलिए तैयारी कर रहे है। यह स्लाइड स्पिन है। पूरी संभावना है कि हमारे सलामी बल्लेबाजो को शुरू मे स्पिन गेंदबाजो का सामना करना पड़ेगा, इसलिए अभ्यास के दौरान इस पर विशेष गौर किया जा रहा है तथा बल्लेबाजी कोच डिवा (माइकल डि वेंटो) इसमें अहम भूमिका निभा रहे है। सफलता की कुंजी इस तरह की गेंदबाजी को खेलने के लिए स्पष्टता होना है। यह व्यक्तिगत और परिस्थितियो पर निर्भर करेगी। आस्ट्रेलिया की टीम अभी यहां अलूर मे अभ्यास कर रही है। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे है कि बल्लेबाजो की अपने तरीके को लेकर स्पष्ट राय हो। आपको वैसी ही परिस्थितियां नही मिलेंगी जैसी मैच मे होती है और किसी क्रिकेट दौरे से इस तरह की जटिलताएं जुड़ी होती है।

### सुदेवा की पहली जीत राजस्थान यूनाईटेड को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली।** सुदेवा दिल्ली ने गुरुवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम मे खेले गए मैच मे राजस्थान यूनाईटेड को 3-2 से हराकर आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के वर्तमान सत्र मे पहली जीत दर्ज की। सुदेवा के लिए सीलेंथांग लोत्जेम (20वें मिनट), एलेक्सिस गोमेज (26वें) और शवक्ती खोतम (67वें) ने गोल किए, जबकि राजस्थान यूनाईटेड के लिए अताई जुमाशेव (31वें) ने गोल किया।

### सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप : भारत का पहला मैच भूटान से

**ढाका।** भारत की टीम सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप के अपने पहले मैच में शुक्रवार को यहां भूटान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। भारत को इस प्रतियोगिता मे खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। उसकी टीम मे अधिकतर खिलाड़ी वे ही है जो पिछले साल फीफा अंडर-17 विश्व कप मे खेली थी।

### बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लि एबेल, रेहान अहमद इंग्लैंड की टीम में

**लंदन।** इंग्लैड ने बांग्लादेश के वनडे और टी20 के आगामी दौरे के लिए 28 वर्षीय बल्लेबाज टॉम एबेल के रूप मे टीम मे नया चेहरा शामिल किया है। श्रृंखला का पहला मैच वनडे के रूप मे एक मार्च को ढाका मे खेला जाएगा। श्रीलंका ए के खिलाफ 15 फरवरी से होने वाली अनधिकृत वनडे श्रृंखला के लिए इंग्लैड लायन्स के कप्तान एबेल के अलावा किशोर लेग स्पिनर रेहान अहमद को भी इंग्लैड की सीमित ओवरो की टीम मे शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज साकिब महमूद की भी वनडे टीम मे वापसी हुई है। वह पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर थे।

### इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स फाइनल में

**लखनऊ।** मैन ऑफ़द मैच रोहित 6 विकेट की धारदार गेंदबाजी से इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स ने आइडियल अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग के दूसरे सेमीफाइनल में कामर्शियल चैलेंजर्स को 6 रन से मात देते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। फाइनल इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स व सिक्योरिटी हंटर्स के मध्य मैच खेला जायेगा। इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 108 रन ही बना सका। कामर्शियल चैलेंजर्स से अजय शर्मा, मोनू राज, गुरमीत सिंह व इमरान हसन ने 2-2 विकेट हासिल किये। महेश प्रताप सिंह को एक विकेट मिला। जवाब में कामर्शियल चैलेंजर्स 19.3 ओवर में 102 रन ही बना सका। टीम से कप्तान अंबर प्रताप सिंह 18 व इमरान हसन 20 ने टिकाऊ पारी खेली।

### नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर मैनचेस्टर यूनाइटेड लीग कप के फाइनल में पहुंचा

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीग कप फुटबॉल सेमीफाइनल के दूसरे दौर के मुकाबले में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। टीम ने पहले चरण का मैच 3-0 से जीता था। नए कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम छह साल बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है।

# साई प्रणीत क्वार्टरफाइनल में



## थाईलैंड ओपन : जॉर्ज और अस्मिता बाहर

**भाषा।** बैंकाक

**भारत के** बी साई प्रणीत ने गुरूवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में कोरियाई क्वालीफायर हियोक जिन जियोन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। प्रणीत ने पुरूष एकल के दूसरे दौर के मैच में अपने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी को 24-22 7-21 22-20 से शिकस्त दी। अब उनका सामना अंतिम आठ दौर में छठे वरीय चीन के लि शि फेंग से होगा। इससे पहले किरण जॉर्ज और अस्मिता चालिहा को अपनी अपनी स्पर्धा के दूसरे दौर में तीन गेम तक चले मुकाबले में हार मिली। ओडिशा ओपन चैम्पियन जॉर्ज को पुरूष एकल में हांगकांग के तीसरे वरीय ली चेयुक यिऊ से 22-20 15-21 20-22 से पराजय का सामना करना पड़ा। अस्मिता को महिला एकल के राउंड 16 मैच में डेनमार्क की छठी वरीय डेन होजमार्क जार्सफेल्ट से 21-19 13-21 27-29 से हार मिली। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर को इंडोनेशिया की अकबर बिनटांग काहयोनो और मार्शेला जिस्चा इस्लामी की जोड़ी से 19-21 16-21 हार मिली। एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर भी दूसरे दौर की बाधा पार नहीं कर पाए।

### आर्चर के छह विकेट ने इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**किम्बरले (दक्षिण अफ्रीका)।** कप्तान जोस बटलर और डाविड मलान की शतकीय पारियों के बाद दो साल में अपनी पहली श्रृंखला खेल रहे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के छह विकेट से इंग्लैंड ने तीसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 59 रन से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। तीन मैचों की श्रृंखला को पहली ही गंवा चुकी इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले में भी 14 रन पर तीन विकेट खोकर मुसीबत में थी लेकिन सलामी बल्लेबाज मलान की 118 और बटलर की 131 रन की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी के दम पर उसने सात विकेट पर 346 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 43.1 ओवर में 287 रन पर आउट कर दिया। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को चलता किया। उन्होंने 9.1 ओवर में 40 रन देकर छह विकेट चटकाए। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के आखिरी बल्लेबाज तबरेज शम्सी को बोल्ड कर टीम की जीत पर मुहर लगाई।

# भारत को झटका देकर जीतीं दक्षिण अफ्रीका की महिलाएं

## ट्रायोन का नाबाद अर्धशतक से त्रिकोणीय श्रृंखला अपने नाम की

**भाषा।** ईस्ट लंदन



ट्रायोन ने बनाए नाबाद 57 रन

**दक्षिण अफ्रीका** ने चोले ट्रायोन की नाबाद 57 रन की अर्धशतकीय पारी के दम पर गुरूवार को यहां फाइनल में भारत को दो ओवर शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला जीत ली।

भारतीय महिला टीम को धीमी पिच पर बल्लेबाजी करने में काफी मुश्किल हुई जिससे वह टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट गंवाकर महज 109 रन ही बना सकी। हरलीन देओल काफी धीमा खेलीं। उन्होंने 56 गेंद में 46 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने चोले ट्रायोन ने 32 गेंद की पारी की बदौलत 18 ओवर में पांच विकेट पर 113 रन बनाकर जीत दर्ज की। चोले ट्रायोन ने अपनी पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जड़े जिसमें विजई छक्का भी शामिल है। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि अच्छी शुरूआत की 15 रन के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ियों को आउट कर दिया था। लेकिन चोले ट्रायोन और नादिन डि क्लार्क (नाबाद 17 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 47 रन की अटूट साझेदारी ने उन्हें 12 गेंद रहते ट्राफी दिला दी। स्नेह राणा ने अपने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट झटके जबकि दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक एक विकेट हासिल किया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसने सबसे पहले स्टाइलिश बल्लेबाज स्मृति मंधाना का विकेट गंवाया जो खाता भी नहीं खोल सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (21 रन) कुछ देर बल्लेबाजी करने के बाद लय में आती दिख रही थीं लेकिन वह भी डग-आउट में पहुंच गईं। हरलीन ने काफी डॉट गेंद खेलीं जिससे दीप्ति शर्मा (14 गेंद में नाबाद 16 रन) दबाव बढ़ गया था और वह भी ज्यादा शॉट नहीं लगा सकीं।

### लेवांडोव्स्की के गोल से बार्सीलोना की जीत

**मैड्रिड।** रोबर्ट लेवांडोव्स्की के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में रीयल बेटिस को बुधवार को यहां 2-1 से शिकस्त देकर खिताब के लिए अपना दावा और मजबूत किया। इस जीत से टीम ने 50 अंक के आंकड़े को छू लिया। बार्सीलोना के नाम 19 मैचों में 16 जीत के साथ 50 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज रीयल मैड्रिड के नाम 18 मैचों में 42 अंक है। लेवांडोव्स्की ने इस लीग में अक्टूबर के बाद पहला गोल किया जिससे प्रतिस्पर्धी मुकाबले में बार्सीलोना की लगातार छठी जीत सुनिश्चित हुई। पोलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम इस लीग के मौजूदा सत्र में अब 14 गोल है।

## भारतीय हॉकी : काल्डास और ऐक्मैन मुख्य कोच की दौड़ में

### भारतीय नामों पर विचार की संभावना नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**हाल में विश्व** कप में भारतीय टीम के लचर प्रदर्शन के बाद अर्जेंटीना के मैक्स काल्डास और नीदरलैंड के सिगफ्राइड ऐकमैन इस्तीफा दे चुके ग्राहम रीड की जगह लेने के लिए दौड़ में हैं। हॉकी इंडिया के सूत्रों के अनुसार महासंघ विदेशी कोचों से बातचीत कर रहा है। सूत्र ने कहा कि विश्व कप में संयुक्त नौंवे स्थान पर रहने के बाद आस्ट्रेलिया के रीड ने इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद यह पद खाली पड़ा है। सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, हमें तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक जीतने के बाद टीम के प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद थी लेकिन टीम का स्तर नीचे गिर गया। रीड ने शानदार काम किया है और भारत को ओलंपिक पदक दिलाने में मदद की लेकिन पिछले कुछ समय से टीम का प्रदर्शन तेजी से नीचे गिर गया। हम दो-तीन उम्मीदवारों के साथ चर्चा में हैं लेकिन आश्वस्त रहिए हम सर्वश्रेष्ठ कोच लाएंगे जो भारत को अगले स्तर तक ले जा सके। पता चला है कि काल्डास के अलावा ऐकमैन भी पद के लिए मजबूत दावेदार हैं जिन्हें पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने पिछले 10 महीनों से भुगतान नहीं किया है।

### पीएसजी की जीत में मेस्सी का गोल, एमबाप्पे चोटिल

**भाषा।** पेरिस

**विश्व कप** विजेता फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मोंटपेलियर के खिलाफ पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की 3-1 से जीत में एक गोल किया जबकि टीम के एक अन्य दिग्गज कीलियन एमबाप्पे पेनल्टी पर दो बार चूकने के बाद चोटिल हो गए। इस जीत से लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग) की तालिका में पीएसजी ने शीर्ष पर स्थिति मजबूत करते हुए अपनी बढ़त पांच अंक की कर ली। मेस्सी ने मैच के 72वें मिनट में गोलकर पीएसजी की बढ़त को 2-0 कर दिया। उनसे पहले फाबियान रुइज ने 55वें मिनट में टीम का खाता खोला था जबकि वॉरेन जैरे-एमरी ने आखिरी लम्हों (902 मिनट) में गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

# अमन का कांस्य पदक पर लगा दांव

## जगरेब ओपन कुश्ती चैम्पियनशिप

**भाषा।** जगरेब (क्रोएशिया)



**भारतीय पहलवान** अमन सहरावत ने गुरूवार को यहां जगरेब ओपन कुश्ती चैम्पियनशिप के पुरूषों के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

अमन (17 वर्ष) ने कांस्य पदक के मुकाबले में अमेरिका के जेन राए रोड्स रिचर्ड्स को 10-4 से शिकस्त देकर रैंकिंग टूर्नामेंट में पोडियम स्थान हासिल किया। अजरबेजान के अलीअब्बास रजाजादे ने फाइनल में जापान के युटो निशियुची को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दूसरा कांस्य पदक जॉर्जिया के बेका बुजियाश्विली ने जीता जिन्होंने अजरबेजान के इस्लाम बाजारगानोव को शिकस्त दी। अमन ने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में जॉर्जिया के रोबर्टी डिंगाश्विली को हराया था। लेकिन वह सेमीफाइनल में निशियुची से पराजित हो गए थे जिससे उन्होंने रेपेशाज दौर के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उनका जापानी प्रतिद्वंद्वी फाइनल में पहुंच गया था। एक अन्य भारतीय पृथ्वीराज बाबासाहेब पाटिल (पुरूष 92 किग्रा) भी कांस्य पदक की दौड़ में शामिल है, वह रेपेशाज दौर में मंगोलिया के गनखुयाग गनबाटार से भिड़ेंगे। पाटिल को सेमीफाइनल में जॉर्जिया के मिरियानी मैसुराद्जे से हार मिली। उन्होंने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में पोलैंड के राडोस्लाव मार्सिकिविस्ज को 5-2 से हराया था। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में भारत की शिवानी पवार क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एरिन सिमोन गोल्स्टोन से 0-4 से हारकर बाहर हो गई।



## भारत की निगाहें डेविस कप प्लेऑफ मुकाबले में रुने की चुनौती से निपटने पर

**हिलरोड (डेनमार्क)।** भारतीय डेविस कप टीम के लिए विश्व ग्रुप एक में अपना स्थान बचाना चुनौतीपूर्ण होगा जब उसका सामना शुक्रवार से डेविस कप प्लेऑफ मुकाबले में होल्गर रूने की अगुआई वाली डेनमार्क से होगा। भारतीय टीम में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जो शीर्ष 300 में शामिल हो जबकि दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी रूने की मौजूदगी विश्व ग्रुप एक में मेजबान टीम को बरकरार रखने के लिए दावेदार बनाएगी। भारत ने मार्च 2022 में दिल्ली में डेनमार्क को 4-0 से हराया था लेकिन 19 साल के रूने के होने से टीम की स्थिति अब काफी अलग होगी जो पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में पहुंचे थे और उन्होंने 2022 में तीन एटीपी खिताब जीते थे। भारत को रूने से निपटने के लिए बेहतरीन रणनीति तैयार करनी होगी और डेनमार्क में निचली रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा जिसमें ऑगस्ट होल्मग्रेन (484 रैंकिंग) और एल्मर मोलर (718 रैंकिंग) शामिल हैं। टीम ने युकी भांबरी को पहले दिन उतारने का फैसला किया है जो देश के दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं ताकि सुमित नागल नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर उतर सकें। होल्मग्रेन की रैंकिंग भले ही कम हो लेकिन उन्हें हराना आसान नहीं होगा। युगल मैच काफी अहमियत रखता है और रोहन बोपन्ना को अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए टीम की अगुआई करनी होगी। वर्ष 2019 में नए प्रारूप को शुरू किया गया था।

# कर्नाटक सेमीफाइनल के करीब

## रणजी राउंडअप

## गोपाल के करियर के सर्वश्रेष्ठ 161 रन

**भाषा।** बेंगलुरू




**आल राउंडर** श्रेयस गोपाल की करियर की सर्वश्रेष्ठ 161 रन की नाबाद पारी से कर्नाटक ने गुरूवार को यहां रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल में उत्तराखंड के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 490 रन की विशाल बढ़त हासिल की। तीसरे दिन स्टंप तक उत्तराखंड की टीम दूसरी पारी में तीन विकेट पर 106 रन बना चुकी थी और अब भी 384 रन से पीछे है। दीक्षांशु नेगी और स्वप्निल सिंह 27-27 रन बनाकर खेल रहे हैं। विदवथ कावेरप्पा (22 रन देकर दो विकेट) ने उत्तराखंड की सलामी जोड़ी अवनीश सुधा (04) और जीवनजोत सिंह (24 रन) को आउट किया जबकि पदार्पण कर रहे एम वेंकटेश ने दिल्ली के पूर्व बल्लेबाज कुणाल चंदेला का विकेट झटका जो विदर्भ के खिलाफ 2016-17 फाइनल में उसके लिए खेले थे। उत्तराखंड में विकेटकीपर बल्लेबाज आदित्य तारे भी शामिल हैं लेकिन ऐसा लगता है कि टीम आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक के खिलाफ यह मुकाबला गंवा चुकी है। कर्नाटक की टीम 2020 के बाद पहले सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी है। कर्नाटक ने पांच विकेट पर 474 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम की रणनीति स्पष्ट थी कि वह पारी घोषित नहीं करेगी। बीती रात के शतकवीर गोपाल ने वही लय जारी रखते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 3000 रन पूरे किए।

### पंजाब ने सौराष्ट्र पर पहली पारी में 128 रन की बढ़त हासिल की

**राजकोट।** कप्तान मंदीप सिंह की 91 रन की संयमित पारी की बदौलत पंजाब ने गुरूवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल मैच में तीसरे दिन पहली पारी में 128 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। मंदीप ने बीती रात के 39 रन के स्कोर में 52 रन जोड़े जिससे पंजाब की टीम 124.3 ओवर में 431 रन बनाने में सफल रही। सौराष्ट्र ने पहली पारी मे 303 रन बनाए थे। मंदीप ने 206 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का जड़ा। सुबह मंदीप के साथ अनमोल मल्होत्रा ने भी 77 गेंद में 41 रन रन बनाए जिससे पंजाब ने गुरूवार को 33.4 ओवर में 104 रन जोड़े। धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने 41.3 ओवर में 109 रन देकर पांच विकेट झटके, उन्होने गुरूवार को तीन और बुधवार को दो विकेट प्राप्त किए। सौराष्ट्र ने स्टंप तक दूसरी पारी में 54 ओवर खेलकर चार विकेट पर 138 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 10 रन की हो गई। कप्तान अर्पित वसावड़ा 44 और चिराग जानी 35 रन बनाकर क्रीज पर डटे है।

### झारखंड के खिलाफ बंगाल मजबूत स्थिति में



**कोलकाता।** बंगाल की टीम गुरूवार को यहां झारखंड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मैच मे तीसरे दिन शाहबाज अहमद के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत रणजी ट्राफी मे लगातार तीसरे सेमीफाइनल मे पहुंचने की ओर बढ़ रही है। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के बल्लेबाज अहमद ने 120 गेंद मे नौ चौके और दो छक्के से 81 रन की पारी खेली और शीर्ष स्कोरर रहे जिससे बंगाल ने पहली पारी में 328 रन का स्कोर बनाया। इससे उसने पहली पारी के आधार पर 155 रन की बढ़त हासिल की। तीसरे दिन स्टंप तक झारखंड की टीम ने दूसरी पारी मे 162 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे और वह महज सात रन से आगे थी। तीसरे दिन कुल 11 विकेट गिरे। मैच मे दो दिन का खेल बाकी है और झारखंड के निचले क्रम के बल्लेबाज हार को कुछ देर तक टालने की कोशिश करेंगे। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी आल राउंडर अहमद ने गेंद से भी प्रभावित किया।

### आंध्र के खिलाफ गेंदबाजों ने कराई मध्य प्रदेश की वापसी

**इंदौर।** आवेश खान (24 रन पर चार विकेट) के नेतृत्व मे गेंदबाजो के शानदार प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे गुरूवार को मैच के तीसरे दिन आंध्र की दूसरी पारी को महज 93 रन पर समेट मुकाबले मे शानदार वापसी की। पहली पारी मे 151 रन से पिछडने वाली मध्य प्रदेश को जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य मिला और दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने बिना किसी नुकसान के 58 रन बना लिए। आंध्र के कप्तान हनुमा विहारी ने पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी शानदार जज्बा दिखा और कलाई मे गंभीर चोट के बावजूद बल्लेबाजी लिए 11वे नंबर पर उतरे। दाएं हाथ के बल्लेबाज विहारी ने चोट को गंभीर होने से बचाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी की और 15 रन का योगदान देकर टीम के स्कोर को 90 के पार पहुंचाया।